राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

03 उम्मीदवार कोई भी हो, पीएम मोदी के नाम पर ही...

सचिन पायलट चाहते थे किरोड़ी लाल के भाई... 12

वर्ष : 11 | अंक : 319 | पटना, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C
न्यूनतम तापमान 20°C

बाजार

सोना 71,060

चांदी 79,900

सेंसेक्स 73,903

निफ्टी 22,453

संक्षिप्त खबरें

राहुल गांधी बुधवार को वायनाड से करेंगे नामांकन

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं। राज्य भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस नेता पर निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं करने का आरोप लगाया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी इंडिया ब्लॉक की पार्टी सीपीआई की एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी पर तंज किया है। गौरतलब है कि 2019 के चुनावों में, राहुल गांधी ने 4.31 लाख वोटों के अंतर के साथ जीत हासिल की थी।

चित्रकूट में ट्रक-आटो रिक्शा में भिड़ंत छह की मौत

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के कर्वी क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक ट्रक की चपेट में आने से आटो रिक्शा सवार छह यात्रियों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब पौने छह बजे चकमाली अमानपुर गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब सम्राट ढाबा के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो रिक्शा से हो गयी। इस हादसे में आटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गये और रिक्शा में सवार सभी आठ लोग गंभीर रुप से घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल चित्रकूट इलाज के लिये भेजा गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा पांच व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक की प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। मृतकों की शिनाख्त अनिरुद्ध, अखिलेश, अतर सिंह, धर्मेंद्र सोनी और निधि सोनी के तौर पर की गयी है। अनिरुद्ध,अखिलेश और धमेन्द्र कन्नौज जिले के निवासी है जबकि धमेन्द्र और निधि हमीरपुर जिले के रहने वाले थे। घायलों में मजरुब निर्भय, सूरज पुत्र और सुमित को इलाज के लिये प्रयागराज रिफर किया गया है जिसमे मजरुब निर्भय की रास्ते में मृत्यु हो गई।

मोदी ने राजनीतिक संस्कृति में किया बदलाव : जे पी नड्डा

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव ला दिया है और भाजपा को समर्थन देना आज देश और समय की आवश्यकता है। श्री नड्डा लोकसभा चुनाव के पहले यहां प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा को समर्थन दिया जाना देश के लिए आवश्यक है। पहले के समय में कैसी राजनीति और मानसिकता थी। आम आदमी के जेहन में बैठ गया था कि अब कुछ नहीं बदलने वाला है, लेकिन अब साधारण आदमी के मन में भी विचार आता है कि बदलाव आ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजनीतिक संस्कृति में बदलाव ला दिया है। पहले सिर्फ जाति, परिवारवाद और तुष्टिकरण के बारे में ही सोचा जाता था।

लोस चुनाव : पीएम ने बूथ अध्यक्ष और पार्टी कार्यकर्ताओं से की बात, बढ़ाया उत्साह

बिहार में मजबूत होंगे तो केंद्र को काम करने की और मिलेगी शक्ति : पीएम मोदी

- पीएम ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत का दिया टिप्स

प्रातः किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों और भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए उनमें जोश भरा तथा उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मेरा बूथ, सबसे मजबूत करने का टिप्स देते हुए कहा कि जो पार्टी बूथ जीतने पर जोर लगाती है वह पार्टी चुनाव भी जीतती है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र मे भ्रष्टाचार, परिवारवाद से होने वाले नुकसान को मतदाताओं को बताने की भी बात कही। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर सम्मेलन बुलाने जिसमें बुजुर्ग लोगों को बुलाकर 90 के दशक के अनुभवों को सभी युवाओं को बताने की बात कही। उन्होंने आने वाले नवरात्र मे शक्ति की आराधना करने का संदेश देते हुए पूरे नवरात्र नारी शक्ति से संपर्क स्थापित करने और उनसे संवाद स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूर्व तक तो बिहार में महिलाये घरों से निकलने मे डरती थी, लेकिन एनडीए के कार्यकाल में स्थितियाँ बदली हैं। प्रधानमंत्री ने साफ लाहजे मे कहा कि अगर बिहार में हम मजबूत होंगे तो केंद्र को काम करने की और शक्ति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आपका वोट सीधे मोदी को जायेगा। प्रधानमंत्री ने एनडीए सभी कार्यकताओं से मिलकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने प्रत्येक कार्यकताओं को पूरी शक्ति बूथ पर लगाने की सलाह देते हुए कहा कि मिथिलांचल के लोग तो भव्य राममंदिर बनने से बहुत खुश होंगे। मिथिलांचल को माँ सीता की धरती बताते हुए कहा कि यहाँ के लोग तो भगवान राम को पाहून मानते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विकास योजनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री के सीधे संवाद को भाजपा प्रदेश कार्यालय मे प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसनिया सहित कई लोगो ने सुना जबकि मीडिया सेंटर मे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज होगा प्रहार

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार से गरीबों और मध्यम वर्ग का हक छिनता है और चुनाव के बाद उनके तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। यह गारंटी मैं आपको देने आया हूं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार से हर गरीब का हक छिनता है, हर मध्यम वर्ग का हक छिनता है और मैं किसी का हक किसी को छीनने नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व काम और बड़े फैसलों के लिए होंगे लेकिन उसके लिए जनता को उन्हें और मजबूत करना होगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडी ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार भाजपा सरकार को चुना तो आग लग जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर रहते ही देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे ऐसे लोगों को सजा नहीं देंगे और चुन-चुन कर ऐसे लोगों को मैदान से बाहर नहीं करेंगे ? मोदी ने कहा कि इमरजेंसी की बात करने वाली कांग्रेस को लोकतंत्र पर भरोसा नहीं बचा है और इसलिए वह जनादेश के विरूद्ध लोगों को भड़काने में जुट गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है और अराजकता में झोंकना चाहती है।

कांग्रेस ने बिहार से तीन सहित 17 और प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की

कटिहार से तारिक, भागलपुर से अजीत व किशनगंज से जावेद होंगे उम्मीदवार

तारिक अनवर

अजीत शर्मा

मो. जावेद

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी । कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को बिहार से तीन सहित 17 और लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन, ओडिशा से आठ और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी ने बिहार के कटिहार से एक बार फिर अनवर को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने बिहार में मुस्लिम चेहरों पर विश्वास जताते हुए तीन में से दो मुस्लिम चेहरे को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भागलपुर लोकसभा सीट से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और सीमांचल के दिग्गज नेता तारिक अनवर को कटिहार से उम्मीदवार बनाया है। अजीत शर्मा भागलपुर के विधायक हैं। तारिक अनवर पर पार्टी ने एक बार फिर विश्वास जताया है। पिछले चुनाव में जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने तारिक अनवर को 57 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। हालांकि, 2014 में कटिहार से एनसीपी के उम्मीदवार के तौर पर तारिक अनवर भाजपा के निखिल कुमार चौधरी को हराकर लोकसभा पहुंचे थे। कांग्रेस ने किशनगंज से फिर से मोहम्मद जावेद को प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में जावेद प्रदेश महागठबंधन के एकमात्र ऐसे उम्मीदवार थे, जिन्होंने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस इस चुनाव में महागठबंधन के घटक दल के रूप में चुनाव में उतरी है। कांग्रेस के खाते में महागठबंधन में पिछले चुनाव की तरह नौ सीटें हैं। कांग्रेस बिहार की कुल 40 लोकसभा सीटों में से नौ पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, 26 सीट पर उसकी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और पांच सीट पर वाम दल चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार में गठजोड़ के तहत कांग्रेस के हिस्से में नौ सीट- किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण और महाराजगंज आई हैं। पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री पल्लम राजू को आंध्र प्रदेश की काकीनाड़ा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। शर्मिला रेड्डी को आंध्र प्रदेश के कडप्पा से उम्मीदवार बनाया गया है। ओडिशा के कोरापुट से वर्तमान सांसद सप्तगिरि उलाका को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।पार्टी अब तक कुल 231 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले कांग्रेस ने 10 अलग-अलग सूचियों में 214 उम्मीदवार घोषित किए थे। देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 114 और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी 49 उम्मीदवार घोषित किए हैं।

नक्सली गतिविधि की सूचना पर सुरक्षाबलों ने चलाया अभियान

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

प्रातः किरण



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दल जब लेंड्रा गांव के जंगल में था तब आज सुबह लगभग छह बजे नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद में जब घटनास्थल की तलाशी ली गई तब वहां नौ नक्सलियों के शव, एक एलएमजी ऑटोमेटिक हथियार, बीजीएल लांचर और अन्य हथियार तथा विस्फोटक बरामद किए गए। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के साथ, इस वर्ष अब तक बीजापुर जिले सहित बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में 42 नक्सली मारे गए हैं। सुकमा जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में है जहां 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा।

भाजपा सांसद अजय निषाद कांग्रेस में हुए शामिल

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी । बिहार के मुजफ्फरपुर से लोकसभा सदस्य अजय निषाद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। भाजपा ने हाल ही में उनका टिकट काट दिया था। पार्टी ने उनके स्थान पर मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश ने निषाद का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयनारायण निषाद के पुत्र अजय निषाद ने कहा, मुझे किसी का अहंकार तोड़ना है और अपना खोया हुआ सम्मान वापस पाना है। सूत्रों का कहना है कि निषाद को कांग्रेस मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार घोषित कर सकती है। निषाद ने कांग्रेस में शामिल होने से पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की और कहा कि उनके साथ छल किया गया है। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि निषाद के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को मुजफ्फरपुर और आसपास के इलाकों में अति पिछड़े वर्गों के मतदाताओं का समर्थन मिलेगा और संगठन भी मजबूत होगा। निषाद ने कहा कि वह सामाजिक न्याय से जुड़े राहुल गांधी के दृष्टिकोण से प्रभावित हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल सिदाना ने ईएमई के महानिदेशक का संभाला कार्यभार

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लेफ्टिनेंट जनरल जे एस सिदाना ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (डीजीईएमई) के 33वें महानिदेशक और ईएमई कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि 38 वर्षों से लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण रेजिमेंट, कमान, अनुदेशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। इससे पहले वह दो वर्ष के लिए ईएमई के सैन्य कॉलेज के कमांडेंट पद पर थे। वह मध्य कमान मुख्यालय के ईएमई के मास्टर जनरल भी रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सिदाना राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं और उन्हें 14 दिसंबर 1985 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से ईएमई कोर में नियुक्त किया गया था। उनकी शैक्षणिक योग्यता में उस्मानिया विश्वविद्यालय से प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से एम.टेक और पंजाब यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री शामिल है।

पतंजलि विज्ञापन: न्यायालय ने रामदेव व बालकृष्ण के प्रति कड़ी नाराजगी जताई

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं करके और हर सीमा को तोड़कर पूरी तरह से अवज्ञा करने के लिए योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताई। न्यायालय ने पतंजलि के प्रबंध निदेशक के इस बयान को भी खारिज कर दिया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मंगलवार को कहा, केवल उच्चतम न्यायालय ही नहीं, इस देश की सभी अदालतों द्वारा पारित हर आदेश का सम्मान किया

जाना चाहिए। यह पूरी तरह से अवज्ञा है। पीठ ने अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए रामदेव और बालकृष्ण से कहा, आपको न्यायालय में दिए गए वचन का पालन करना होगा, आपने हर सीमा तोड़ी है।

एनएच-44 पर चिनूक हेलीकॉप्टरों की आपातकालीन परीक्षण लैंडिंग

प्रातः किरण

श्रीनगर/एजेंसी। भारतीय वायु सेना ने मंगलवार तड़के जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एनएच-44 पर चिनूक हेलीकॉप्टरों की सफलतापूर्वक आपातकालीन परीक्षण लैंडिंग की। यह अभ्यास जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3.5 किमी लंबे खंड पर किया गया। भारतीय वायुसेना के सूत्रों ने कहा कि आपातकालीन परीक्षण लैंडिंग और टेक ऑफ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अधिकारियों ने मौके पर सुरक्षा के साथ रडार और सीसीटीवी सहित अन्य तकनीकी उपकरणों की व्यवस्था की थी। इस दौरान इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। इस परीक्षण से युद्ध, बाढ़, एनडीआरएफ के बचाव अभियान, हवाई मार्ग से राहत सामग्री गिराने, फंसे हुए लोगों को निकालने व अन्य आपातकालीन जरूरतों में मदद मिलेगी।

'आप' सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली। श्री सिंह को पिछले वर्ष अक्टूबर में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। श्री सिंह को दिल्ली सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति में कथित घोटाले के धन शोधन से जुड़े आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था ईडी ने आज अदालत में आप नेता की जमानत की अर्जी का विरोध नहीं किया। ईडी की ओर से अदालत में कहा गया कि आरोपी की जमानत मंजूर करने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है, अदालत ने श्री सिंह को जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुये कहा कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपंकर दत्ता और पी बी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि श्री सिंह को जमानत पर रिहाई की अवधि में राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने की स्वतंत्रता होगी लेकिन वह इस मामले से जुड़े किसी मुद्दे पर कोई सार्वजनिक वक्तव्य नहीं देंगे। न्यायालय ने कहा कि उसके आज के आदेश को कोई नजीर नहीं माना जाना चाहिये। इस मामले में सुबह के सत्र में पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा था कि वह निर्देश लेकर बतायें कि श्री सिंह को पूछताछ के लिये हिरासत में रखने की और जरूरत है? यदि कोई और निर्देश न मिले तो वह इस मामले में गुण-दोष के आधार पर बहस करें और न्यायालय उसके आधार पर निर्णय करेगा। अपराह्न दो बजे पीठ के न्यायाधीशों के पुनः आसीन होने पर श्री राजू ने न्यायालय से कहा कि गुण-दोष पर जाये बगैर वह जमानत के मामले में रियायत देंगे। इससे पहले श्री सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस की। उन्होंने कहा था कि इस मामले में (धन की) कोई बरामदगी नहीं हुयी है और न ही उसका कोई सबूत है। ईडी ने संजय सिंह के दिल्ली स्थित घर पर तलाशी के बाद उन्हें गत चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे और कुछ समय से वह स्वास्थ्य कारणों से यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान, दिल्ली में भर्ती हैं।

दो-टूक **विदेश मंत्रालय ने कहा -अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा**

अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की चीन की कोशिश मनगढ़ंत एवं मूर्खतापूर्ण : भारत

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदले जाने को मनगढ़ंत एवं मूर्खतापूर्ण हरकत करार दिया है और कहा है कि इससे यह हकीकत नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा। चीन सरकार के इस कदम के बारे में यहां मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, चीन, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के अपने मूर्खतापूर्ण प्रयासों पर कायम है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से

अस्वीकार करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, मनगढ़ंत नाम निर्दिष्ट करने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। उल्लेखनीय है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को जंगनान नाम दिया है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। कल उसने राज्य के 30 विभिन्न स्थानों के नए चीनी नामों की चौथी सूची जारी की है। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने सबसे पहले 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची जारी की थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ तीसरी सूची जारी की गई थी।

संक्षिप्त खबरें

ललन सिंह ने नगर भ्रमण किया

पटना। एनडीए के नेताओं के साथ मुंगेर लोकसभा के एनडीए समर्थित उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बाढ़ नगर परिषद में नगर भ्रमण किया। इस नगर भ्रमण कार्यक्रम में लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में सैंकड़ों लोजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस नगर भ्रमण में बाढ़ विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, मोकामा विधायक निलम देवी, जेडीयू एमएलसी व पूर्व मंत्री प्रदेश प्रवक्ता निरज कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण साह, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, संदीप कुमार, रंजीत बाबू, नविन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के सीधे संवाद से जुड़कर मार्गदर्शन प्राप्त किया

फतुहा। शहर के गोविंदपुर मां तारा उत्सव हॉल में मंगलवार की शाम फतुहा नगर मंडल के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे संवाद से कार्यक्रम से जुड़कर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया और 2024 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने करने का भरोसा देते हुए फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर, विधानसभा विस्तारक सुरेश सिंह पटेल, भाजपा नेता केशर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भास्कर पटवा, नगर महामंत्री अरुण झा, उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला मंत्री पिंकी साहु सहित दर्जनों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कबाड़ी दुकान में लगी आग सामान जल का हुआ राख

दानापुर। नगर के अंतर्गत देर रात सुलतानपुर मठ के पास एक कबाड़ी दुकान में लगी आग से इलाके में अफरा तफरी मच गया। कबाड़ी दुकान से उठ रही आग की लपट देख आप-पास के घरो के डरे लोग बाहर निकल भागे। सूचना पर पहुंची अग्निशमन दस्ता को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत 6 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। वही आग बुझाने में लगे कबाड़ी दुकानदार सुभाष घायल हो गये। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के इमलीतल निवासी सुभाष राय उर्फ नेताजी का सुलतानपुर मठ के पास कबाड़ी दुकान चलाते है। उसी में वो सोते भी है। सोमवार की देर रात करीब साढ़े बारह बजे अचानक कबाड़ी में आग लग गयी। जब तक सुभाष कुछ समझते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पुरे परिसर में आग फैल गया। चीख पुकार मच गया। आग की उठती लपट देख आस पास के लोग बाहर निकल गये। आस पास के लोगो को घर खाली करना पड़ा। वही उठती लपट देख आग बुझाने दौड़े लोग आग का विकराल रूप देख हिम्मत नहीं जुटा पाये। सुचना पर पहुंची अग्निशमन की आठ गाड़ी को लगना पड़ा। इसमें कुछ गाडियो को दुबारा पानी लेकर आना पड़ा। 06 घंटे के अथक प्रयास के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से आग पर अग्निशमन ने काबू पाया। लोगो ने बताया कि पूर्व में भी इस दुकान में आग लग चुकी है। आग लगी के कारण सारी रात इलाके को विधुत सेवा ठप रहा।

चोरी के सामान के साथ चार गिरफ्तार

फतुहा। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट में रेल संपत्ति के चोरी के संबंध में अज्ञात के विरुद्ध 28 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के अधिकारी एवं जवानों के द्वारा स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में छापामारी की गई। बीते सोमवार को रेलवे केबिन के पूरब रेल लाइन के बगल में छापेमारी के दौरान एक ऑटो के अंदर बैठे तीन लोग घबरा गया, मौके पर मौजूद बल सदस्यों ऑटो को चेक किया तो ट्रांसफर से संबंधित तांबे का तार, रेलवे का पेंडोल क्लिप, वायर केबल काटने वाला कटर बरामद हुआ। इसमें ऑटो में बैठे लोगों ने बताया कि 25 मार्च को रात्रि में रेलवे के मेन लाइन के बगल में पूरब आउटर केबिन के नजदीक रेलवे के ट्रांसफार्मर को खोलकर नीचे गिराकर उसमें का तांबा और कुछ अंदर के सामान को चोरी कर उसी दिन शाम को ठिकाना लगा दिया और साथ ही चोरी का सामान पक्की दरगाह के कबाड़ी दुकान में बेच दिया था तथा कुछ तांबे के तार व एंगल, पेंड्रोल क्लिप झाड़ी में छुपाकर रखा था। तीनों के निशानदेही पर पक्की दरगाह स्थित कबाड़ी की दुकान पर छापेमारी की गई। जिसमें ट्रांसफार्मर का तांबे का मोटा- पतला तार, मिला जुला नट बोल्ट मिश्रित तांबा का तार, ट्रांसफार्मर लगाने का एंगल तथा ट्रांसफार्मर के अंदर का कुछ पार्ट्स मिला। दुकान मालिक राजू कुमार, पिता- मुखिया राय, घर- पक्की दरगाह, थाना -नदी, जिला- पटना ने बताया कि हमको नहीं मालुम था कि ये लोग रेलवे से माल चोरी करके मुझे बेचा गया था। मैं पैसे के लालच में खरीद लिया।

कॉलेज की समस्याएं होंगी दूर, हर मेडिकल कॉलेज अस्पताल को फाउंडेशन डे को राशि : प्रत्यय अमृत

नालंदा मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियों व समस्या को प्राचार्य ने रखा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने वाले वह बाद में अस्पताल को वृहद रूप में लाने वाले लोगों के में सैल्यूट करता हूं। आप सबों ने मुझे अपने बीच आने का मौका दिया और स्थापना दिवस पर पहली बार वे किसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं जहां तक उन्हें जानकारी है नालंदा मेडिकल कॉलेज में 80% बिहार के और 20% ही बाहर के छात्र पढ़ाई करते हैं। श्री अमित ने कहा कि आप छात्र जी सरिता में आए हैं उसमें आने के लिए बहुत लोग प्रयास करते हैं मगर कुछ लोग ही पहुंच पाते हैं कोई भी प्रोफेशन हो उसमें काम करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए डॉक्टर का जीवन तनाव से भरा होता है यह खास स्ट्रेसफुल होता है हालांकि डॉक्टर खुद मरीजों को तनाव मुक्त रहने की सलाह देते हैं मगर खुद तनाव में जीते हैं इसलिए थोड़ा स्ट्रेस मैनेजमेंट पर भी ध्यान देने की जरूरत है समाज को आपसे काफी अपेक्षाएं हैं उन्होंने कहा कि वह पहली बार किसी मेडिकल कॉलेज के फाउंडेशन डे पर शामिल हो पाए हैं उन्होंने घोषणा की की बिहार के सभी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को अपने स्थापना दिवस मनाने के लिए प्रति वर्ष कुछ राशि का आवंटन किया जाएगा प्रचार डॉक्टर प्रोफेसर उषा कुमारी की मांग पर उन्होंने लेक्चर थिएटर बढ़ाने लिफ्ट लगाने ऑडिटोरियम को वतनायकूलित करने सहित अन्य घोषणाएं भी की। अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की टीम की सराहना की जब देश में कोरोना से लोग परेशान थे ऐसे में इस अस्पताल के चिकित्सकों और कप्तान ने मिलकर जो काम किया उसकी चर्चा देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी हो रही है।

इसमें उन्होंने डॉक्टर गुप्ता डॉक्टर एचएल महत्व डॉक्टर विनोद कुमार सिंह डॉक्टर निर्मल कुमार सिंह डॉक्टर अजय कुमार सिंह डॉक्टर उमाशंकर आदि का नाम लिया उन्होंने छात्रों और चिकित्सकों से कहा कि अपना सेहत बनाए रखने के लिए अपने प्रोफेशन से हटकर भी कुछ हॉबी रखें मसलन संगीत खेलकूद किताबें पढ़ना अच्छे दोस्त बनाना माता-पिता पत्नी भाई या पति से खुशनुमा माहौल में बात कर भी तनाव को मिटाया जा सकता है आप सभी दिमाग में यह बात जरूर रखें कि यह काम हमसे संभव नहीं है बल्कि यह सोचें कि मैं इसे कर सकता हूं। जब अपर मुख्य सचिव ने छात्रों से सवाल पूछने की बात कही तब शिखर कुमार खड़े हुए और उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टर की सैलरी काफी कम है सर इस पर श्री अमित ने कहा कि अपने कार्य से हटकर सवाल पूछा है आपको जानकारी होनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आचार संहिता लागू है इस कारण से वह इस मामले पर कुछ भी नहीं बोल सकते हैं इसके पूर्व मंच का संचालन डॉक्टर शिल्पी रंजन व डॉक्टर जवा आलम ने किया। स्वागत भाषण डॉ राजीव रंजन सिंह ने किया और उन्होंने के स्थापना दिवस को लेकर पूर्व और वर्तमान फैकल्टी को इसका श्रेय दिया कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर उषा कुमारी ने कॉलेज की उपलब्धियां का मकान किया साथी उन्होंने कहा कि भवन चार-पांच मंजिला है मगर लिफ्ट नहीं है ऑडिटोरियम को वत न क्लिक किए जाने की जरूरत है यहां एमबीबीएस छात्रों की संख्या 150 प्रतिशत है मगर लेक्चर थिएटर की क्षमता महज 100 छात्र की है इसे बधाई जाने की जरूरत है फैकल्टी की कमी के साथ ही कॉलेज और अस्पताल के बीच करीब 4 किलोमीटर की दूरी होने और जाम की स्थिति का भी सामना करने की बात कही। बिहार यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज केवाईसी कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर सम सिंह ने कहा कि अन्य मेडिकल कॉलेज की तुलना में नालंदा मेडिकल कॉलेज बेहतर काम कर रहा है हालांकि क्लीनिकल टीचिंग में सुधार किए जाने की जरूरत है। आयोजन के दौरान कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ गीता सिंह डॉक्टर शिवकुमारी प्रसाद डॉक्टर हीरालाल महतो एवं डॉक्टर रेनू रोहतगी को भी सम्मानित किया गया इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर अलका सिंह ने भी अस्पताल की उपलब्धियां पर अपनी बात रखी आयोजन में उपाधीक्षक डॉक्टर सरोज कुमार द प्रो राजीव रंजन सिंह डॉप्रो राजीव रंजन दास, डॉप्रो बीपी जायसवाल, डॉप्रो मोतीलाल दास, डॉप्रो रश्मि प्रसाद, डॉप्रो गुरमुख प्रसाद, डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, डॉ उमाशंकर प्रसाद, डॉप्रो अनिता कुमारी, डॉ प्रवीण कुमार साहू, आदि मौजूद थे। इसके बाद कालेज की पत्रिका पारोवर्यम एक परंपरा का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया। अंत में यूजी और पीजी के मेधावी और टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पूर्व मंत्री डॉ. रामानंद यादव का आवास बदलना साजिश : डॉ दयानंद प्रसाद सिंह

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। मंगलवार को नगर राजद अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह ने बताया कि पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ. रामानंद यादव का आवास बदलना एक खास मकसद के तहत किया गया है" डॉ रामानंद यादव का आवास 2009 में विधायक के रूप में निर्वाचित होने पर मिला था फिर 2014 और 2019 में यह आवास आवंटित किया गया। मंत्री बनने पर भी डॉ रामानंद यादव, विधायक आवास में रहें परंतु भाजपा ने बदले की भावना से साजिश के तहत आवास बदलने का आदेश निकलवाया। दयानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नफरती मानसिकता का जवाब बिहार की जनता जल्द ही देगी। डॉ रामानंद यादव के आवास और भाजपा कार्यालय के सटे रहने के कारण, बीजेपी को साजिश रचने में दिक्कत होती थी। भारतीय जनता पार्टी के साजिश को बिहार की जनता समझ गई है 'जनता चुनाव में जवाब देगी।

आर्म्स एक्ट के मामले मे फरार चल रहे दो आरोपी को अलग-अलग मामले में गिरफ्तार किया गया

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले के फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि पिछले वर्ष 23 दिसंबर को कृषिफार्म में मामूली विवाद को लेकर बदमाशों ने धीरज कुमार को गोली मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। जिसमें धीरज के पिता अजीत राय के ब्यान पर मामला दर्ज कराया गया था जिसमें जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृषिफार्म निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि पिछले वर्ष के आर्म्स एक्ट के मामले में संजय को गिरफ्तार किया गया था। जिसे पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया वही हत्या मामले में फरार चल रहे नुरपुर चांदमारी से एक आरोपी को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि 17 मार्च 23 को नुरपुर चांदमारी में एक युवक को पीट पीट कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें पुलिस आरोपी सूरज उर्फ छोटू को तलाश कर रही थी। पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे सूरज उर्फ छोटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि पिछले वर्ष 17 मार्च को नुरपुर चांदमारी में एक युवक को पीटपीट कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें सूरज उर्फ छोटू की तलाश थी। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

रामचरित मानस में शिव-पार्वती संवाद महत्वपूर्ण : बालक दास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के तीसरे दिन आचार्य द्वारा जजमान पंकज शुक्ला द्वारा पंच देवता पूजन कराया गया। इसके बाद अयोध्या निवासी पंडित हरि प्रसाद द्विवेदी द्वारा नवाह यज्ञ के चौथे दिन अरण्यकांड का 51 भूदेवों के साथ पाठ किया। इस अवसर पर अयोध्या से पधारे श्रीश्री 108 बालक दास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मानस में शिव-पार्वती संवाद का बड़ा महत्व है। शिव-पार्वती संवाद द्वारा शिवजी माता पार्वती को बता रहे हैं कि कब-कब रामचरित मानस का पाठ कौन कौन किए हैं। प्रथम बार रामचरित मानस कैलाश पर्वत के पास वट वृक्ष के नीचे माता पार्वती शिव द्वारा पथ पाठ की गई। उसे ज्ञान घाट कहते हैं। दूसरी बार नीलगिरी पर्वत के नीचे मांस का पाठ काक भुसुंडी जी महाराज द्वारा किया गया, जिसे भक्ति घाट के नाम से जाना जाता है। तीसरी बार प्रयागराज के त्रिवेणी गंगा तट के पास वट वृक्ष के नीचे जामवंत जी महाराज द्वारा किए गए पाठ को कर्म पाठ, चौथी बार काशी के गंगा तट पर, तो कभी अयोध्या जी के सरयू नदी की गोद में, कभी चित्रकूट के घाट पर गोस्वामी तुलसी दास जी द्वारा रामचरित मानस की पाठ की गई। उसे शरणागत घाट कहते हैं। इस पर पूर्ण व्याख्या देकर बालक गोस्वामी बालक दास जी द्वारा प्रवचन कर सैकड़ो राम भक्तों को कथा सुनाए। राम जानकी प्रसंग सुनकर पंडाल में बैठे भक्त भावुक हो गए। कार्यक्रम में श्री राम चरित मानस यज्ञ समिति के राजकुमार तिवारी, पंकज शुक्ला, अनंत अरोड़ा, सुरेश अरोड़ा, मुकेश चतुर्वेदी, पवन मिश्र, देवानंद तिवारी, सरज कपूर, गौतम बिजपुरिया, अजय तिवारी, राजबल्लभ तिवारी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

माता शीतला के दर्शन पूजन को सुबह से उमड़े भक्तगण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में तीनदिवसीय (सप्तमी, अष्टमी और नवमी) बसियौरा पूजा का आयोजन शुरू हुआ। मंगलवार को खासकर अष्टमी पूजा होने के कारण सुबह से ही दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की खासी भीड़ दर्शन और पूजन को रही। रात का पका हुआ प्रसाद के रूप में पुरी, कसार और गुड़ से बना फुलौड़ी आदि को प्रसाद के रूप में वासी माता को चढ़ाया जाता है। श्रद्धालु वासी प्रसाद को ही ग्रहण करते हैं। अगमकुआं शीतला माता मंदिर को फूल एवं रंग-बिरंगे रोशनी से सजाया गया है। सोमवार को संध्या में जागरण मंडली के द्वारा कार्यकम किया गया। कोलकाता से आया झांकी मंडली कलाकार शीतला माता के हर रूप को दशार्या गया। बनारस से आए जागरण के गायक छोटू छलिया एवं गायिका खुशबू शर्मा ने एक से एक बढ़कर माता का भजन पेश कीं। छोटी रे मुरी शीतला मईया, बांटे रुपए को ढेर आदि भजन गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रात्रि में माता का भंडारा का आयोजन किया गया था। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के सुनील पुजारी, पंकज पुजारी, जयप्रकाश, अमरनाथ बबलू, मनोज माली उर्फ छोटू पूजारी शामिल हुए।

राजद प्रत्यासी मीसा भारती पीपापुल घाट एवं दियारा मानस गांव पहुंची

दानापुर। नगर के अंतर्गत लालू प्रसाद यादव की पुत्री सह पाटलीपुत्रा लोक सभा क्षेत्र की राजद प्रत्यासी डॉ. मीसा भारती मंगलवार को दानापुर के पीपापुल घाट एवं दियारा मानस गांव पहुंची। उन्होने सोमवार को हुए आगलगी के पीड़ितों से मिलकर उन्हे आश्वासन के साथ उचित मुआवजे का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मीसा भारती ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आगलगी की घटना बड़ी ही भयावह है। एक तरफ जहां इस घटना में लोगों का जीवन भर की कमाई राख हो गई है। वहीं वह खुले आसमां के नीचे सोने पर मजबूर है। इन सभी पीड़ितों को तत्काल मदद की जरूरत है। उन्होने फोन के द्वारा अंचलाधिकारी से बात कर इन सभी पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की बात कही। ज्ञात हो कि सोमवार दोपहर में दानापुर के पीपापुल गंगा सुरक्षा बांध के समीप अगलगी में आधा दर्जन दुकान समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ितों की माने तो इस आगलगी में लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं, आगलगी की दूसरी घटना दियारा के मानस गांव में घटी थी। जहां खाना बनाने के क्रम में तीन झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गई थी।

एनएमसीएच में आर्थो विभाग ने किया एसीडीएफ का सफल ऑपरेशन

गर्दन में स्पाइनल कार्ड के दबने से हाथ-पैर में कमजोरी, चलना मुश्किल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के आर्थो विभाग ने सर्वाइकल से पीड़ित और गर्दन में स्पाइनल कार्ड के दबते रहने से हाथ और पैर में लगवा जैसा कमजोरी हो गया था मरीज चलने फिरने में और कुछ भी पकड़ने में भी असमर्थ था इसे सर्वाइकल कार्ड मिलोपैथी कहते हैं इसका इलाज ऑपरेशन से ही होता है जिसे एसीडीएफ कहते हैं। इस तरह का ऑपरेशन बिहार में कुछ ही जगह पर हो पता है। बताया जाता है कि एनएमसीएच में ऑर्थो का इलाज और ऑपरेशन पहले से ही चल रहा है मगर यहां न्यूरो सर्जन की भी पदस्थापन होने के कारण सर्वाइकल स्पाइन का ऑपरेशन खासकर एसीडीएफ करने में सुविधा मिली। दरअसल एक 52 साल की महिला यहां आर्थो में इलाज कराने को पहुंची थी। उसे लंबे समय से सर्वाइकल था। इस कारण से उसके गर्दन में स्पाइनल कॉर्ड के दबते रहने से हाथ और पैर में लकवा जैसा कमजोरी हो गया था। वह चलने, फिरने और हाथ से कुछ भी पकड़ने में भी वह असमर्थ हो गई थी। ऑर्थो विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि महिला को ऑपरेशन करने के लिए भर्ती किया गया। इसके पूर्व उसकी जरूरी जांच करा ली गई। रिपोर्ट भी देख लिया गया। हालांकि मरीज व उसके परिजन ऑपरेशन करवाने से घबड़ा रहे थे। उन सबों का कहना था कि वह दिल्ली या कहीं और जाकर ऑपरेशन करा लेंगे, क्योंकि बिहार के कुछ ही अस्पताल या उच्च नर्सिंग होम में इस ऑपरेशन किए जाने की सुविधा है। महिला को जो बीमारी थी, उसे सर्वाइकल कार्ड मायलोपैथी कहते हैं। इसका इलाज नस पर से दबाव हटाने वाला सर्वाइकल स्पाइन का ऑपरेशन करने से होता है। इसे एसीडीएफ कहते हैं। 28 मार्च को उक्त का महिला का सफल ऑपरेशन सहायक प्राध्यापक डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं न्यूरो सर्जन डॉ रविंद्र कुमार के द्वारा एनएमसीएच में डॉप्रो रंजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। एक-दो दिनों के बाद मरीज अपने पैर पर बिना किसी सहारे के चल रही है। साथ ही अपने हाथ से कुछ काम भी कर पा रही है। आर्थो विभाग की टीम की इस सफलता पर नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉ अलका सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार आदि ने खुशी जताई है और टीम को बधाई दी है। ऑर्थो सर्जन डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी इस बात को स्वीकार किया कि यदि यहां न्यूरो सर्जन की सेवा नहीं होती, तो शायद यह ऑपरेशन करना चुनौती भरा होता। मगर दोनों के सहयोग से उक्त महिला का ऑपरेशन सफल रहा और वह खतरे से पूरी तरह बाहर है और चल-फिर भी रही है।

मां मथुरासिनी महोत्सव पर निकाला गया शोभायात्रा, हवन-पूजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

माहुरी वैश्य संघ के द्वारा कुलदेवी मां मथुरासिनी महोत्सव का आयोजन हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस परिसर में मंगलवार को किया गया। इसके पूर्व पूर्वाह्न में मां मथुरासिनी की शोभायात्रा यहां से बैंड बाजा के साथ जयकारा और कीर्तन करते हुए निकाला गया। यह शोभायात्रा अशोक राजपथ के हाजीगंज, पूरब दरवाजा, मारूफगंज मोड़ से होते हुए मालसलामी और उधर से वापस श्री छोटी पटनदेवी होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचा। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और पेयजल की सुविधा मुहैया करा कर लोगों ने सेवा प्रदान की। अपराह्न में कुलदेवी मां मथुरासिनी की पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। शाम में माता का भव्य जागरण किया गया। इसमें संकल्प, पूजा, भोग, आरती आदि के बाद एक से एक भजनों की लरी कलाकारों के द्वारा पेश की गई। इसके बाद प्रसाद भंडारा का दौर भी चलता रहा। माहुरी वैश्य संघ पटना सिटी के मीडिया प्रभारी अमरनाथ सेठ ने बताया कि इस आयोजन में समाज के लोगों ने भाग लिया। अध्यक्ष मुन्ना राम कपसिमे, सचिव रिंटू कुमार बरहपुरिया और दीपक कुमार चरण पहाड़ी, सचिन कुमार लोहानी, सुनील सेठ, पप्पू शाह, पारस लोहानी, सतीश बरहपुरिया, प्रह्लाद कबसिमे, पप्पू लोहानी, महिला समिति की अध्यक्ष बबीता सेठ, सचिव रुचिता नवदिया, महामंडल के महासचिव सुधीर कुमार चरणपहाड़ी, शिशुपाल कपसिमे, छोटी पटनदेवी के आचार्य बाबा विवेक द्विवेदी आदि की मौजूदगी और सक्रियता रही। आयोजन में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर माता के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

बूथों पर पिछले चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक वोट का लक्ष्य निर्धारित करें : पीएम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो एऐप, नमो टीवी, ऑफिशियल यू ट्यूब चैनल "नरेंद्र मोदी" की माध्यम से भाजपा के सभी पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी के साथ सीधा संवाद मंगलवार को स्थापित किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव की तैयारी को जानना और उसे गति देना है।प्रधानमंत्री मोदी ने संवाद से कार्यकताओं में उत्साह का संचार और मार्गदर्शन किए। भाजपा में बिहार में सभी 40 सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लक्ष्य को हासिल करना है।

पीएम ने सायं 6.30 बजे से 7.30 बजे तक कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने रफीगंज के श्रीमती संगीता प्रसाद, पश्चिम चम्पारण के नौतन के धर्मेंद्र जी, नवादा से श्रीमती पुनिता वर्णवाल और खगड़िया से राहुल शर्मा से सीधा संवाद स्थापित किया। बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार में हो या विपक्ष में, जनता की सेवा ही उसकी प्राथमिकता है। जी 20 में जब उन्होंने लोकतंत्र की माता का जिक्र किया और कहा कि बिहार से ही लोकतंत्र का जन्म हुआ। सभी कार्यकताओं से कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकताओं के साथ संयुक्त रूप से मिलकर जनसंपर्क करें। साथ ही यह बताएं कि 1990 से 2005 के पहले के जंगलराज में लोगों की क्या स्थिति थी। आज एनडीए सरकार में बिहार विकास की राह में आगे बढ़ रहा है। एनडीए के 10 साल की सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जिसमें 3.5 करोड़ बिहार के हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ता घर से आए हैं जिसमें 3:30 करोड़ केवल बिहार के हैं उन्होंने सभी कार्यकताओं से कहा कि सभी बूथों पर पिछले चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक वोट पाने का लक्ष्य निर्धारित करें।

तख्तश्री कमेटी के सचिव ने पंज प्यारों को भेजा जवाब, निर्णय टला

हरबंश ने डीजे को पत्र लिख ज्ञानी रणजीत सिंह द्वारा जमा किए पत्र में अपना साइन बताया जाली

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारों ने तख्तश्री कमेटी के सचिव हरबंश सिंह को पत्र भेज कर कारणपृक्षा किया था। इसमें कहा गया था कि आपके द्वारा 7 मई, 2023 में ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन के पक्ष में एक पत्र जारी किया गया था। इस पर आप अपनी सफाई दें। दो अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे दरबार साहिब में पेश होकर जवाब देने को कहा गया था। मगर हरबंश सिंह की तबीयत खराब होने के कारण वे ने खुद नहीं आ सके, मगर अपने रिश्तेदार के द्वारा जवाब कमेटी के कार्यालय में जमा करवा दिया। इसके बाद जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, एडिशनल ग्रंथी गुरदयाल सिंह, परशुराम सिंह एवं अन्य ने जवाब दाखिल किए गए पत्र को पढ़ा और इस पर चर्चा की। फिलहाल बताया जाता है कि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सचिव हरबंश सिंह के द्वारा दिए गए जवाब पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। श्री हरिबंश के द्वारा सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि कुछ समाचार पत्रों के द्वारा पता लगा है कि कुछ संगतों के द्वारा विगत दो दिन पूर्व उनके खिलाफ लिखित शिकायत की गई है। इसमें उनके ऊपर आरोप लगाया गया है कि 7 मई, 2023 को उनके द्वारा पूर्व जत्थेदार रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन के पक्ष में सेवा बहाल करने के लिए एक पत्र जारी किया गया था। यह बिलकुल झूठा एवं गलत है। वह गुरु महाराज को हाजिर रखकर कहते हैं कि उन्होंने 7 मई, 23 को अपने दस्तखत से कोई पत्र जारी नहीं किया था। अगर कोई पत्र कहीं दिखाया जा रहा है या इसे पेश किया जा रहा है, तो वह पत्र जाली है। उन्होंने कोई पत्र जारी नहीं किया है। मुझे लगता है कि किसी ने उनके जाली दस्तखत कर जाली व झूठा पत्र बनाया होगा। साथ ही कहा गया है कि उनके द्वारा कोई पत्र नहीं जारी किया गया है एवं तख्त साहेब का मान-सम्मान और पंज प्यारे का आदर सम्मान करता हूं। साथ ही कभी भी तख्त साहिब के खिलाफ नहीं जाऊंगा। फिलहाल उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए वह अभी पंज प्यारे के समक्ष पेश होने में असमर्थ हैं। इस कारण से पत्र भेज रहा हूं।

डीजे को भी भेजा गया पत्र: कमेटी के सचिव हरबंश सिंह ने पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह संरक्षक तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को भी पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि वह पूरी तरह से होशो हवास में शपथ पत्र जारी करते हुए कहना चाहते हैं कि पूर्व जत्थेदार रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन 7 मई, 2023 की तिथि का एक पत्र दिखा रहे हैं, जो उनका जाली दस्तखत किया हुआ है। इसमें कहा गया है कि उक्त तारीख को कोई भी पत्र अपने हस्ताक्षर से जारी नहीं किए थे। इसलिए ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-एमस्कीन, जो पत्र आपके कोर्ट में पेश कर रहे हैं, वह पत्र उन्होंने जारी नहीं किया है। उक्त पत्र झूठा एवं जाली है। उक्त पत्र को सही नहीं माना जाए। ज्ञानी रणजीत सिंह ने जालसाजी करके एवं उनके जाली हस्ताक्षर का पत्र तैयार किए होंगे। उन्होंने उचित जांच का निर्देश जारी करने एवं दोषियों को कानूनी सजा देने की बात भी पत्र में कही है।

लालू परिवार से अपनी बेटी के अपमान का बदला लेगी सारण की जनता : प्रभाकर मिश्र

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि राजद प्रमुख ने अपनी एक और संतान को राजनीति में लांच कर दिया है।

इससे राजद में परिवारवाद का रंग और गहरा हो गया है। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महागठबंधन में परिवारवाद की जड़ें और गहरी हो रहीं हैं। लेकिन, बिहार की जनता भी परिवारवादियों को धूल चटाने के लिए तैयार है। सारण की जनता को बदला लेने का मौका मिल गया है। सारण की जनता अपनी बिटिया ऐश्वर्या राय का बदला चुनाव में लालू प्रसाद की बेटी रोहणी आचार्य से लेगी। सारण के जन-जन के नेता रहे दिवंगत मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की पोती और राज्य के पूर्व मंत्री चंद्रिका राय की पुत्री का तेज प्रताप के साथ विवाह के बाद लालू परिवार ने जो व्यवहार किया, जिस तरह से अपमानित किया, उसका बदला लेने की ताक में सारण की जनता पहले से ही बैठी थी और मौके की तलाश में थी। अब मौका मिल गया है। रोहिणी को चुनाव मैदान में उतार कर लालू प्रसाद ने सारण की जनता को बदला लेने का अवसर दे दिया है। अब सारण की जनता वोट रूपी ताकत से धूल चटा कर अपनी बेटी ऐश्वर्या के साथ हुए अपमान का बदला लेगी।

श्री मिश्र ने कहा कि सारण के सिनेमाई चुनाव का ट्रेलर जारी हो गया है। लेकिन, देखते रहिए पूरी फिल्म के साथ राजद की हार की एक और कहानी बाकी है।

डॉ. विपिन कुमार हिन्दी प्रचार- प्रसार के लिए थाईलैंड और कम्बोडिया जायेंगे

पटना। हिन्दी सेवी डॉ. विपिन कुमार को थाईलैंड और कम्बोडिया में 2- 8 अप्रैल तक हिन्दी की प्रचार - प्रसार के लिए अवसर मिला है। डॉ. विपिन कुमार अपने यात्रा के दौरान दो देशों की यात्रा करेंगे। पहले बैंकॉक-थाईलैंड और उसके बाद कम्बोडिया में हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार के साथ ही सांस्कृतिक संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। विदित हो की 50 सदस्ययी प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश करेंगे। पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि डॉ. विपिन कुमार ने भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरीशस और फिजी में भाग ले चुके है और साथ ही वियतनाम में भी उन्हें जनवरी 2024 में वियतनाम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया था। डॉ. विपिन कुमार समर्पण भाव से हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के साथ ही विश्व में हिन्दी भाषा और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। डॉ. कुमार द्वारा हिन्दी भाषा और साहित्य पर कई पुस्तक भी लिखा गया है, जिसमें "हिन्दी और समाज", "सब का साथ-सबका विकास" प्रमुख है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024

उम्मीदवार कोई भी हो, पीएम मोदी के नाम पर ही डाला जाएगा वोट : शाहनवाज

- बोलें- पिछली सरकार मुद्दे और वादों पर शत प्रतिशत खरा उतरा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के पूर्व मंत्री और भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को साफ लहजे में कहा कि लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा का उम्मीदवार कोई भी हो, वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से डाला जाएगा। यह चुनाव मोदी जी के प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बिहार में एक सीट को लेकर कसक रह गयी थी, लेकिन इस चुनाव में किशनगंज सहित सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी विजय होंगे। भाजपा मीडिया सेंटर में मंगलवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पिछली सरकार मुद्दे और वादों पर शत प्रतिशत खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि आज भले ही विपक्ष साथ आ रहे हों लेकिन टिकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल ने कभी गाली दी थी, आज उन्हें ही वह इकट्ठा कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप के लोग भ्रम पैदा कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी और सौरव चोर की दाढ़ी में तिनका वाली कहावत चरितार्थ करते हुए खुद ही गिरफ्तारी की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा किसने आपको बताया। क्या वे बताएंगे किसने उन्हें अप्रोच किया है। हुसैन ने कहा कि उन्हें झूठ की खेती नहीं करनी चाहिए। हुसैन ने कहा कि एनडीए ने सभी सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए, लेकिन इंडी गठबन्धन में सीट का बंटवारा हो गया, लेकिन अभी भी दलों द्वारा नामांकन के दावे किए जा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि चार अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई आ रहे हैं। यह गजब संयोग है कि चार को प्रधानमंत्री आ रहे हैं, बिहार में 40 सीट जीतनी है एन डी ए देश में 400 पार करेगा। लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी के सारण से चुनाव लड़ने के संबन्ध में पूछे जाने पर शाहनवाज हुसैन ने तंज कसते हुए कहा कि लोग अपने बाल बच्चों के लिए मेहनत करते हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा ने मुझे जितना दिया है, शायद उतना किसी को नहीं दिया है। मैं कल भी भाजपा का कार्यकर्ता था, आज भी हूं और कल भी रहूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जाति, धर्म को देख कर प्रत्याशी नहीं बनाती है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, प्रेस पैनलिस्ट पंकज सिंह भी उपस्थित थे।

जदयू ने चुनावी प्रचार-प्रसार हेतु पार्टी के थीम सान्ग का किया लोकार्पण

- सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में गानों की भूमिका प्रभावी : चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

एलईडी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जनता दल यू ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय से18वीं लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु पार्टी के थीम सॉन्ग का लोकार्पण एवं एलईडी प्रचार रथ को विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस प्रचार रथ के मध्यम से प्रदेश के गांव-कस्बों, गली-मोहल्लों में नीतीश सरकार की उपलब्धियों और जन हितैषी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। गीत में कुमार की उस समय राज्य की बागडोर संभालने के लिए प्रशंसा की गई है, जब यह कांटों का ताज था। गीत में खोए हुए सम्मान को वापस लाने के लिए भी उनकी तारीफ की गई है। यह गीत बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार द्वारा राज्य में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालता है। यह महिलाओं के उत्थान और राज्य सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के लिए की गई राज्य सरकार की पहल पर भी प्रकाश डालता है। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस गीत को पेश करने के साथ पार्टी ने औपचारिक रूप से राज्य में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि गीत इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे मुख्यमंत्री नीतीश ने युवाओं के सपनों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की 40 सीट के लिए लोकसभा चुनाव सात चरणों में 19, 26 अप्रैल, 7, 13, 20 एवं 25 मई और एक जून को होंगे। श्री चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जिन मुद्दों और उपलब्धियों को आधार बनाकर जनता के बीच जाएगी उसकी पहली झलक इस थीम सॉन्ग के जरिए प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि नए दौर में चुनाव प्रचार का माध्यम भले ही आधुनिक हुआ हो लेकिन अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में आकर्षक गानों की भूमिका सबसे प्रभावी है। इस दौरान मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी, राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, पूर्व मंत्री रंजू गीता, माननीय विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, विधान पार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, विधान पार्षद, रवींद्र प्रसाद सिंह, मुख्यालय प्रभारी मनीष कुमार, डॉ नवीन आर्या, डॉ भारती मेहता, डॉ अशरफ हुसैन, डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, नीतीश पटेल,आनंद मोहन, स्वेता विश्वास, श्री राहुल खण्डेलवाल आदि मौजूद थे।

सीएम नीतीश ने न्याय के साथ सूबे का विकास किया : उमेश

- भागलपुर में अजय मंडल के नामांकन समारोह में शामिल हुए जदयू प्रदेश अध्यक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्षों के कार्यकाल में भागलपुर समेत सम्पूर्ण बिहार ने विकास के सुनहरे दौर को देखा है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समृद्ध और विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में लगे हैं। इस बार एनडीए को 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है और उस लक्ष्य में बिहार का योगदान 40 की 40 लोकसभा सीटों का होगा। 2019 में एक सीट की कसर रह गई थी। इस बार वो भी पूरी हो जाएगी। एक सांसद के रूप में सांसद के रूप में आमलोगों के दुख-दर्द से इनका सीधा जुड़ाव रहा है। 2005 से पहले का बिहार कैसा था और आज का बिहार कैसा है। क्या आप फिर से उन दिनों में लौटना चाहेंगे। अगर नहीं तो आप अपना वोट एनडीए गठबंधन को देंगे। श्री कुशवाहा मंगलवार को भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार अजय कुमार मंडल के नामांकन समारोह में शामिल हुए एवं विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने स्थानीय जनता से अजय कुमार मंडल को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भागलपुर का इतिहास गवाह है कि यहाँ के लोग सामाजिक और राजनीतिक न्याय में यकीन रखते आए हैं और इसीलिए मेरा मानना है कि भागलपुर की महान जनता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का न्याय के साथ विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सबका साथ- सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय को बखूबी समझती है इसलिए यहाँ से एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल की जीत एक बार फिर सौ प्रतिशत सुनिश्चित है। बिहार में जाति, वर्ग, धर्म, लिंग और क्षेत्र के भेदभाव के बिना विकास के कार्य हो रहे हैं। आधी आबादी के लिए, बिहार में ऐतिहासिक कार्य हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार सरकार उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, लोजपा(आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री जयंत राज, मंत्री रेणु देवी, मंत्री सुनील कुमार, विधायक गोपाल मंडल, विधायक ललित नारायण मंडल सहित एनडीए गठबंधन के कई गणमान्य नेतागण मौजूद रहे।

पांच साल बाद फिर राजद में लौटे भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह

- प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने दिलाई सदस्यता
- झारखंड के चतरा से हो सकते हैं प्रत्याशी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

झारखंड के गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और बिहार-झारखंड की सरकार में मंत्री रहे गिरिनाथ सिंह ठीक पांच साल बाद भाजपा छोड़कर फिर से राजद में लौट आए हैं। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि गिरिनाथ सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पटना स्थित राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन,एजाज अहमद एवं मृत्युंजय तिवारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सुशील जायसवाल ने भी सदस्यता ग्रहण की। एजाज ने बताया कि पार्टी की ओर से सदस्यता ग्रहण करने पर नेताओं ने गिरिनाथ सिंह को सदस्यता रसीद के साथ पार्टी का प्रतीक गमछा और लालू प्रसाद के जीवनी पर आधारित पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जगदानंद सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर विश्वास करके राजद की नीतियों और सिद्धांतों के साथ गिरिनाथ सिंह जी और उनके साथियों के राजद में शामिल होने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है उन्हें हर स्तर पर सम्मान भी देती है। माना जा रहा है कि चतरा संसदीय सीट से पार्टी उन्हें अपना उम्मीदवार बना सकती है। गिरिनाथ सिंह लंबे समय तक झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष रहे हैं। वह 2019 में संसदीय चुनाव के पहले राजद छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह उस वक्त चतरा सीट से भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने सुनील सिंह को वहां दोबारा प्रत्याशी बनाया था। इस बार भी वह टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे, लेकिन निराशा हाथ लगी। गिरिनाथ सिंह ने 30 मार्च को राजद सुप्रीमो लालू यादव से पटना में मुलाकात की थी। इसके बाद से चर्चा थी कि वो आरजेडी में वापसी करेंगे। राजद में शामिल होने के बाद गिरिनाथ सिंह ने कहा कि वह सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध पार्टी में लौट आए हैं। यह उनके लिए घर वापसी है। राजद ने झारखंड में पलामू और चतरा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी की है। आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने गिरिनाथ सिंह की पार्टी में वापसी करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने उनका पार्टी में स्वागत किया है। संजय यादव ने कहा कि गिरिनाथ सिंह की वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम,गढ़वा जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, प्रदेश महासचिव झारखंड विश्वनाथ राम घूरा, संतोष यादव,विजय कुमार चंद्रवंशी,दिलीप सिंह, चंदन सिंह,पप्पू सिंह, ओम प्रकाश पांडे,सुरेंद्र यादव,रंजन चौबे के साथ सैकड़ो समर्थक शामिल हुए।

अजय निषाद को पार्टी ने बहुत कुछ दिया : कृष्णनंदन

पटना। बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद के भाजपा को छोड़कर अन्य पार्टी में जाने पर उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि भाजपा ने उन्हें और उनके परिवार को काफी सम्मान दिया है। कई बार उन्हें पार्टी ने लोकसभा में भेजा। मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सांगठनिक पार्टी है। संगठन की संरचना के लिए बदलाव एक प्रक्रिया है, इसी के तहत कार्यकर्ता बड़े से बड़े पदों पर बैठते भी हैं और चुनाव भी लड़ते हैं। श्री पासवान ने कहा कि इस चुनाव में युवाओं को तरजीह दी गयी है। श्री निषाद जी को भी युवा के कारण ही पिछले चुनावों में टिकट दिया गया था। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि हो सकता है पार्टी अजय निषाद को और बड़े पद पर भेजना चाहती होगी, ऐसे में उनका पार्टी छोड़े जाने का कदम आत्मघाती कदम जैसा है। उन्हें पार्टी पर भरोसा रखना चाहिए था। बिहार के मंत्री ने कहा कि जो पार्टी के साथ विश्वासघात करता है जनता भी उसे नकार देती है। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि मैं मजदूरी का काम करता था, लेकिन भाजपा ने मुझ पर विश्वास जताते हुए न केवल चार बार विधायक बनाया बल्कि मंत्री भी बनाया। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, अमित प्रकाश बबलू, रानी चौबे और सुमित शशांक भी मौजूद रहे।

ले कर अपने भगवान का आशीर्वाद, चले हम अब जनता जनार्दन के द्वार : रोहिणी

लालू, राबड़ी का आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार पर निकली रोहिणी आचार्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य का सारण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। मंगलवार को रोहिणी अपने पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी से आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार के लिए सारण के लिए निकल पड़ीं। चुनाव अभियान पर निकलने के पहले उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की। उन्होंने एक्स पर लिखा, ले कर अपने भगवान का आशीर्वाद, चले हम अब जनता जनार्दन के द्वार। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के पैर छूते और मंदिर में पूजा करते हुए तस्वीर भी शेयर की हैं। एक दिन पहले रोहिणी अपने माता-पिता के साथ सोनपुर पहुंची थी और हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की थी। बताया जाता है कि रोहिणी मंगलवार को सारण लोकसभा क्षेत्र के कई इलाकों में रोड शो व अन्य कई कार्यक्रम है। रोहिणी का सारण से चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी है, हालांकि अभी आधिकारिक रूप से पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। भाजपा ने सारण सीट पर अपने मौजूदा सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव प्रताप रूडी को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सारण सीट पर लालू परिवार का बेहद प्रभाव माना जाता है। लालू प्रसाद यादव को जीवनदान देने वाली रोहिणी आचार्य को इस बार राजद सारण लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बना रहा है।

गरीबों के मसीहा हैं नमो-नीतीश की जोड़ी: राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नीति आयोग के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासपरक कामों से जहां देशभर में गरीबों की संख्या में कमी आई है, वहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार इस मामले में भी पूरे देश के सामने एक मिसाल बन कर उभरा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2015-16 से 2019-21 पूरे भारत में 13.51 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं जिसमें सिर्फ बिहार से 2.25 करोड़ लोग शामिल हैं। इस सूची के मुताबिक इस दौरान बिहार में 18.13 प्रतिशत गरीबी कम हुई है, जिससे बिहार में गरीबी स्तर 51.89 से गिर कर 33.76 प्रतिशत तक आ गया है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के मुताबिक 2005-06 में नीतीश कुमार जी के सत्ता संभालते वक्त बिहार में 78.28 फीसदी आबादी गरीब थी, जो 2019-21 के बीच घटकर 33.76 फीसदी रह गयी और अनुमान के मुताबिक वर्तमान समय में इसके और गिर कर 26 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार के 44.52 फीसदी की दर से तकरीबन 3.77 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आये हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत नौ वर्षों के कार्यकाल में पूरे देश से 24.82 करोड़ लोग कई तरह की गरीबी से बाहर आए हैं। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में गरीबों के हित में कई तरह की योजनायें चलायी गयी हैं जिनसे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में बेहतरीन उन्नति हुई है। बिहार में साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। केंद्र की आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, मुद्रा जैसी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। दूसरी तरफ बिहार की जीविका योजना ने ग्रामीण महिलाओं तक को आत्मनिर्भर बना दिया है।

बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि 18वीं लोकसभा चुनाव में केंद्र की जन विरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बिहार के मतदाता महागठबंधन के पक्ष में वोट करेंगे। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। महागठबंधन में सीपीआई के हिस्से में बेगूसराय सीट आई है। पार्टी ने बेगूसराय से कामरेड अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है और जीत भी तय है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा है कि देश एक खतरनाक मोड़ पर आ खड़ा है। इसी मोड़ से भारत के भविष्य के दो रास्ते खुलते हैं। एक यह जो देश को तानाशाही, पूंजीशाही, अन्याय, आर्थिक, सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव, भय, नफरत, हिंसा, बेरोजगारी, महंगाई, उत्पीड़न आश्रयहीनता, गरीबी और आर्थिक विषमता की ओर ले जाने वाला है तथा दूसरा वह जो देश को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, भाईचारा, संघवाद, समावेशी विकास, सदियों पुरानी साझी-संस्कृति और धार्मिक सहिष्णुता की ओर ले जाता है। इसी विरासत की रक्षा के लिए बिहार के बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में महागठबन्धन की ओर से अवधेश कुमार राय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार हैं। बेगूसराय की वामपंथी राजनीतिक पहचान पुरानी है। यह पहचान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भूमिः संघर्षों, सामाजिक न्याय के लिए संघर्षों, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के लिए संघर्षों, मजदूरों और किसानों के अधिकार के लिए संघर्षों, महिलाओं, दलितों, अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और भेदभाव से छुटकारा दिलाने के संघर्षों, युवकों को रोजगार और शिक्षा दिलाने में सैकड़ों नेताओं और कार्यकत्ताओं ने अपनी कुर्बानी देकर बनायी और आज भी इन सवालों के साथ-साथ बेगूसराय में दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर संघर्षरत है। इसलिए बेगूसराय की जनता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को अपनी पार्टी मानती है। इसके साथ ही साथ राजद, कांग्रेस, माकपा एवं भाकपा माले की ऐतिहासिक एकता से ही तानाशाही, दक्षिणपंथी, मजदूर किसान विरोधी ताकत को शिकस्त दिया जाएगा। भविष्य में देश किस रास्ते पर चलेगा, इसका फैसला होने वाले इस बार के लोकसभा चुनाव से होगा। इस चुनाव में दो राजनीतिक शक्तियां भारत के भविष्य के रास्ते के चुनाव को लेकर आमने-सामने है। एक है-भाजपा-आरएसएस नीत एनडीए गठबंधन और दूसरा है- भाजपा विरोधी इण्डिया (महागठबंधन) है। एनडीए के साथ सत्ता शक्ति और धनशक्ति है जबकि इण्डिया के साथ जनशक्ति। इसलिए यह लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य के लिए एक निर्णायक चुनाव है।

हर सीट पर राजग उम्मीदवारों का समर्थन करेगी रालोजपा

पशुपति पारस ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। पारस ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उपरोक्त जानकारी साझा की। हालांकि न तो नड्डा और न ही रालोजपा की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि टिकट बंटवारे में नजरअंदाज किए जाने के पारस के आरोपों का मुद्दा किस प्रकार हल किया गया। बिहार में टिकट बंटवारे में भाजपा की ओर से चिराग पासवान के नेतृत्व वाले धड़े लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को तरजीह देने और उन्हें हाजीपुर सहित पांच सीट दिए जाने के बाद पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर अपनी पार्टी के साथ नाइंसाफी का भी आरोप लगाया था। मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए नड्डा ने एक्स पर कहा, राजग में हमारे सहयोगी एवं रालोजपा के प्रमुख पशुपति पारस से नई दिल्ली में आवास पर मुलाकात की। राजग सदस्य के नाते पशुपति पारस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार अच्छे कार्य किए। उन्होंने कहा, आने वाले चुनाव में भी हमारा गठबंधन मजबूती से बना रहेगा। उनकी पार्टी बिहार में राजग के सभी 40 उम्मीदवारों का पूर्ण समर्थन करेगी, साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने में हरसंभव सहयोग देगी। पारस ने भी इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार राजग की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में उनपर और उनकी पार्टी पर पुन विश्वास व्यक्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नड्डा का आभार जताया।

एनडीए सरकार की विदाई तय, इंडिया गठबंधन की होगी जीत : माले

माले की राज्य कमिटी की बैठक संपन्न, हर घर चलो का लिया अभियान

- आज गेट पब्लिक लाइब्रेरी में राज्यस्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के धनबल का जवाब हम जनबल से देंगे। इलेक्टोरल बॉन्ड अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक भ्रष्टाचार है। भाजपा सत्ता व सपंत्ति का केंद्रीकरण कर रही है। दूसरी ओर विपक्ष की पार्टियों के खाते सील किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। ऐसे में भाकपा-माले ने लोकसभा चुनाव में एक-एक घर तक जाने का अभियान लिया है। हम जनता के सहयोग से और जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा हराओ-देश बचाओ - यही हमारा मकसद है। बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। यहां एनडीए की करारी होगी। उक्त बातें मंगलवार को राज्य कमिटी की एकदिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए माले के वरिष्ठ नेता का। स्वदेश भट्टाचार्य ने कही। बैठक में सबसे पहले माले राज्य सचिव ने अब तक की चुनावी तैयारियों की एक समीक्षा रखी। उसके बाद आगे की कार्ययोजना बनाई गई। माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि चुनाव की तैयारियों और आगे की रणनीति को लेकर आज की बैठक बुलाई गई थी। भाकपा-माले इस बार तीन सीटों क्रमशः आरा, काराकाट व नालंदा से चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में हमें एक-एक घर जाना है। लोगों से सहयोग लेना है। हम घर-घर जाकर चंदा मांगेंगे। हम जनता के सहयोग से और जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। तीनों लोकसभा में लगातार जनसंपर्क अभियान चल रहा है। जनता का भारी समर्थन हमें मिल रहा है। अगले एक सप्ताह के भीतर सभी तीन लोकसभा क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन का संयुक्त कार्यकर्ता कन्वेंशन आयोजित कर लिया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि का. कुणाल आरा, का. अमर काराकाट व का. धीरेन्द्र झा नालंदा के चुनाव अभियान की कमान संभालेंगे। राज्य कमिटी के नेताओं को विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में काम की जवाबदेही दी गई है। शेष सीटों पर, जहां माले चुनाव नहीं लड़ रही है, वहां इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मजबूती से चुनाव प्रचार अभियान संगठित किया जाएगा। चुनाव तैयारियों को लेकर राज्य कमिटी की बैठक के उपरांत आज 3 अप्रैल को पटना के गेट पब्लिक लाइब्रेरी में पार्टी का राज्यस्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन भी बुलाया गया है। कार्यकर्ता कन्वेंशन में लोकल कमिटी तक के सदस्यों को भाग लेना है। कार्यकर्ता कन्वेंशन को मुख्य वक्ता के बतौर माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य संबोधित करेंगे।

लोस चुनाव : लोजपा रामबिलास ने लोजपा से जीते चार सांसदों से किया किनारा

लोजपा से जीते चार सांसद हुए बेटिकट, चिराग ने दो नये प्रत्याशी को उतारा

पटना, प्रात : किरण

बिहार में होने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर जीते चार सांसदों से किनारा कर लिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा ने छह सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली, खगड़िया और नवादा से चुनाव लड़ा था। लोजपा को इस चुनाव में शत प्रतिशत कामयाबी मिली और सभी छह सीटों पर सांसद निर्वाचित हुये। इस बार के चुनाव में राजग में सीटों में तालमेल के तहत लोजपा-रामविलास को पांच सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली और खगड़िया मिली है, जबकि नवादा सीट राजग के घटक दल भाजपा के हिस्से में चली गयी है। लोजपा रामविलास ने हाजीपुर (सु) समस्तीपुर (सु), खगड़िया और नवादा से विजयी लोजपा के सांसदों से किनारा कर लिया है और अपनी पार्टी में जगह नहीं दी है। जमुई (सु) से जीते चिराग पासवान इस बार हाजीपुर (सु) से चुनाव लड़ रहे हैं। वैशाली से लोजपा के टिकट पर जीती वीणा देवी इस बार भी इस सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। खगड़िया और समस्तीपुर (सु) सीट पर लोजपा-रामविलास ने नये प्रत्याशी को चुनावी रणभूमि में उतारा है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हाजीपुर (सु) सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भाई लोक जनशक्ति उम्मीदवार पशुपति कुमार पारस ने महागबंधन में शामिल राजद उम्मीदवार पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को पराजित किया। लोजपा में टूट के बाद पशुपति कुमार पारस ने अपनी अलग पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) बना ली। राजग में सीट बंटवारे से नाराज होकर पशुपति कुमार पारस ने राजग का दामन छोड़ दिया। वहीं, अब चिराग पासवान ने भी चाचा पशुपति पारस को अपनी पार्टी में जगह नहीं दी है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया संसदीय सीट से बिहार के पूर्व मंत्री चौधरी सलाउद्दीन के पुत्र और सांसद महबूब अली कैसर ने महागबंधन में शामिल वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी को पराजित किया। लोजपा में टूट के बाद महबूल अली कैसर ने भी पशुपति कुमार पारस का साथ दिया था। चिराग पासवान ने महबूब अली कैसर से भी किनारा कर लिया है। इस सीट पर लोजपा (रामविलास) के टिकट पर राजेश वर्मा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। समस्तीपुर (सु) से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भाई लोजपा उम्मीदवार राम चंद्र पासवान ने कांग्रेस उम्मीदवार डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। रामचंद्र पासवान के निधन के बाद हुये उपचुनाव में राम चंद्र पासवान के पुत्र प्रिंस राज ने जीत हासिल की थी। प्रिंस राम ने कांग्रेस प्रत्याशी डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में चिराग पासवान ने प्रिंस राज से भी दूरी बना ली है। (लोजपा-रामविलास) ने प्रिंस राज की जगह बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। शांभवी चौधरी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। नवादा सीट से वर्ष 2019 के चुनाव में लोजपा के टिकट पर चंदन सिंह ने जीत हासिल की थी। चंदन सिंह ने (राजद) प्रत्याशी और पूर्व बाहुबली विधायक राजवल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी को पराजित किया था। लोजपा में टूट के बाद चंदन सिंह अपने बड़े भाई सूरजभान सिंह के साथ पशुपति पारस के खेमे में शामिल हो गये थे। चिराग पासवान ने चंदन सिंह से भी किनारा कर लिया है।चंदन सिंह चुनावी रेस से बाहर हो गये हैं। इस बार राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में नवादा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खाते में चली गई है। भाजपा के टिकट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.ठाकुर के पुत्र और राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोजपा में टूट डालने और चाचा पशुपति कुमार पारस का साथ देने वालों में से वैशाली की सांसद वीणा देवी को छोड़कर (लोजपा-रामविलास)के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने किसी भी सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया है।

लालू प्रसाद ने तेजस्वी के 17 महीने के कार्यकाल को सराहा

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर सूबे में सियासी हलचल तेज है। पक्ष-विपक्ष लगातार एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। इसी कड़ी राजद सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बेटे और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को लेकर बड़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि तेजस्वी यादव को साजिश के तहत डिप्टी सीएम के पद से हटाया गया है। लालू यादव ने अपने सोशल मीडिया पर ट्विट कर कहा है कि इस बार जनता तेजस्वी यादव के सभी सांसदों को जिताने का काम करेगी। दरअसल, लालू यादव ने इसे आम बिहारी की आवाज बताते हुए कहा कि, तेजस्वी, जब आप सरकार में थे तब जातिगत जनगणना के आँकड़ों के अनुसार गरीबों को रोजगार देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनवाई। साजिशन आपको हटाने के बाद ये सब शुरू होने से पहले ही बंद हो गया। अब आपके सांसद जिताएँगे, केंद्र में भी नौकरी पाएंगे। लालू यादव ने इस ट्वीट के माध्यम से कहा है कि, बिहार की आम जनता तेजस्वी यादव के हाथ में बिहार की कामान थमाना चाहती है। और जैसे तेजस्वी यादव ने अपने 17 महीने के कार्यकाल में काम किया है वैसे ही राजद के अधिक सांसदों को जीत दिलाकर केंद्र में भी विकास का कार्य कराएगी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, बरौनी सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से **ई.निविदा सं. ई.एल.एस_बी.जे.यू. EOT Crane_23_24_6** हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है।

1. कार्य का नाम तथा स्थानः ईएलएस/बीजेयू में विभिन्न क्षमताओं की 05 नं. ईओटी क्रेन का वार्षिक रख–रखाव एवं संचालन 03 वर्ष की अवधि के लिए और 02 नं. स्थापित ईओटी क्रेन क्षमता .5 टन की शिफ्टिंग एक लाइन दे दूसरी लाइन तक, **2. कार्य का अनुमानित लागतः** 81,81,598,86 रु. (इक्यासी लाख इक्यासी हजार पांच सौ अंठानवे और छियासी पैसे मात्र), **3. अग्रधन राशिः** 1,63,600.00, **4. निविदा शुरू होने की तारीख और समयः** 10.04.2024, **5. बोली–पूर्व बैठक की तिथि और समयः** NA, **6. बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 24.04.2024, 11:00 Hrs. **7. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध हैं:** https://www.ireps.gov.in विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज उपरोक्त वेबसाइट से देखे जा सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता
टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, बरौनी

पीआर/00005/एसईई/ईटीआरएस/टी/24–25/40

संक्षिप्त खबरें

पोखर से नाबालिग का शव बरामद, मचा हड़कंप

मुजफ्फरपुर। जिले के पियर थाना अंतर्गत रतनमनियां पोखर से एक नाबालिग का शव बरामद होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया।मतक की पहचान रतनमनियां गांव के ही उमेश महतो के पुत्र सूरज कुमार (14बर्ष) के रूप में हुई है।शव बरामदगी के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पियर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सूरज कुमार रविवार को अपने ही गांव के एक किसान की खेत में काम करने गया था, जिसके बाद जब काम कर वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उक्त किसान से अपने बच्चे की जानकारी लेनी चाही।उसे बताया गया कि सूरज काम करने के बाद मजदूरी का पैसा लेकर घर चला गया है।

वरीय शिक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रधानाध्यापक बनाया गया

कुशेश्वरस्थान- मध्य विधालय सुलतानपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक वरीय शिक्षक संतोष कुमार सिंह को बनाया गया है।बीईओ रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया की विधालय के प्रधानाध्यापिका पम्मी चौधरी के न्यायायिक हिरासत में जेल भेजे जाने को लेकर विधालय के वरीय शिक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रभारी प्रधानाध्यापक के दायित्व निर्वहन के लिए पत्र जाड़ी किया गया है।साथ ही श्री सिंह को निर्देश दिया गया है वहीं पूर्व प्रधानाध्यापिका पम्मी चौधरी के विरूद्ध बिहार पंचायत प्रारंभिक विधालय सेवा नियमावली 2020 के तहत पत्र प्राप्ति के साथ निलंबन की कारवाई कर कृत्त कारवाई की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश बीईओ ने सदस्य सचिव पंचायत शिक्षक नियोजन ईकाई सह पंचायत सचिव ग्राम पंचायत बेरि को पत्र भेजा है।

तीन शराब कारोबारी गिरफ्तार

दरभंगा लहेरियासराय थाना की पुलिस शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। जिसमें कई शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी अभियान में थाना क्षेत्र के युसूफगंज मोहल्ला में छापामारी कर 180 एम एल का 22 बोतल विदेशी शराब बरामद करते हुए देबू महतो के पुत्र सुजीत महतो करमगंज मोहल्ला निवासी समीम के पुत्र मोहम्मद तमन्ना को गिरफ्तार कर लिया। जबकि वहीं रहमगंज मोहल्ला में छापामारी कर लगभग तीन लीटर देशी शराब के साथ जवाहरलाल महतो के पुत्र राहुल लाल महतो को गिरफ्तार कर लिया।

डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया नए ऐप का शुभारंभ

दरभगा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के चुनावी प्रक्रिया को सरल और 13 सहज ढंग से और दरभंगा जिले के निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारी को प्राप्त करने लिए राजीव रौशन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी दरभंगा ने नया एप लोकार्पण किया ।इस ऐप के माध्यम से कोई भी मतदाता कहीं से भी बैठे-बैठे अपने मतदान केंद्र की संख्या, मतदान का क्रमांक, मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा, अधिकारियों का मोबाइल नंबर आदि सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

10वें स्थान लाने वाले दिव्यांग छात्रों को किया सम्मानित

विभूतिपुर, समस्तीपुर। अखिल भारतीय कुर्मी एकता मंच समस्तीपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार और उनके टीम ने छात्र के घर पहुँचकर विभूतिपुर के सावन कुमार को चादर, पाग माला आदि देकर सम्मानित किया। मौके पर अखिल भारतीय कुर्मी एकता मंच विभूतिपुर के पदाधिकारी विनय कुमार राय, राघवेंद्र कुमार राय, वीरेंद्र कुमार राय, समाजसेवी अभिषेक कुमार अनल, रविंद्र कुमार राय, अमर कुमार राय, सोनू शशि, लव कुमार, राजीव कुमार, दुर्गेश आदि थे।

मैट्रिक बोर्ड रिजल्ट में मुन्ना कुमार को मिले 452 अंक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2024 में जिले के चर्चित विद्यालय रघुनंदन उच्च विद्यालय समर्था से शामिल होकर मुन्ना कुमार ने 452 अंक प्राप्त किया। वहीं मंतोष कुमार 438, भानु राशि 432, सुरेश कुमार 426, सुमन कुमार 408, शांभवी 404, आयुष कुमार 401, रत्नेश कुमार 381 अंक प्राप्त किया। राजद नेता नंदकिशोर यादव, शिक्षक रमेश कुमार आदि ने इन छात्र-छात्राओं की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ब्राउन शुगर विदेशी मुद्रा एवं भारतीय मुद्रा सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने पकड़ा

● सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम में 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी कमला के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। विवेक ओझा उप-कमांडेंट प्रचालन की गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम को बाह्य सीमा चौकी बेतौन्हा एवं कमला से गठित किया गया जिसकी अगुवाई उप निरीक्षक विद्यासागर 48वीं वाहिनी के द्वारा की गयी। भारत-नेपाल बार्डर सीमा स्तम्भ संख्या 268/15 से 3.3 कि० मी० भारतीय क्षेत्र में शंभू कुमार यादव उम्र 36 वर्ष सपुत्र देवनारायण यादव,वार्ड न०-05 पिपरा टोल बेलही पुलिस स्टेशन जयनगर जिला- मधुबनी बिहार को उसके निजी घर में अवैध रूप से रखे हुए प्रतिबंधित सामान ब्राउन शुगर 20 ग्राम भारतीय मुद्रा रु० 1,29,170 नेपाली मुद्रा रु० 1,51,050 मोबाइल 04 नग, डिजिटल तराजू 01के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में स्थानीय पुलिस जयनगर को भी सम्मलित किया गया था। जब्त किए गए सामान सहित गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु जयनगर थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा। गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है। और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है।और भारत नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है। ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके।

अगले 5 दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में होगी वृद्धि

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 5दिनों तक उत्तर बिहार के जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।इसअवधि में आसमान साफ रहेगा तथा न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि होने की सम्भावना है। मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 3से 7अप्रैल तक के मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम त क्रमशः 35.6 एवं 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 70 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 32 प्रतिशत रही। पछिया हवा की औसत गति 20.9 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 6.0 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसता घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 23- दोपहर में 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान 03-07 अप्रैल तक उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ तथा मौसम के शुष्क रहने कि संभावना है।इस अवधि में अधिकतम तापमान तथा न्यूनतम तापमान दोनों में वृद्धि हो सकती है, जिसके कारण अधिकतम ता 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 19-24 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 14 से 16 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि पूवार्नुमानित अवधि में मौसम की शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए तैयार फसलों की कटनी के कार्य को उच्च प्राथमिकता के साथ करें। तापमान के तेजी से बढ़ने के कारण फसलों में पानी की मांग बढ़ सकता है। खड़ी फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।गरमा सब्जियों जैसे भिन्डी, नेनुआ, करैला, लौकी (कद्दू), और खीरा की बुआई अविलंब संपन्न करें। बिगत माह बोयी गई सनि आवश्यकतानुसार निकाई-गुड़ाई करें। इन फसलों में कीट की निगरानी करें। कीट का प्रकोप फसल में दिखने पर मैलाथिय डाइमेथोएट 30 ई०सी० दवा का 1 मि० ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सीएचसी खजौली के सभागार में मंगलवार को एएनएम और आशा फैसिलिटरों का साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ज्योतेद्र नारायण ने बैठक की.जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों से संबंधित कार्यों का समीक्षा किया गया . इस दौरान संस्थागत प्रसव परिवार नियोजन एएनसी मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, नियमित टीकाकरण, कृमि मुक्ति दिवस, टीवी, फलेरिया, मलेरिया एवं कालाजार बीमारियों के बारे में पोषक क्षेत्रवार समीक्षा की. सभी आशा फैसिलिटरों को निदेश दिया गया कि वे अपने अपने क्षेत्र के सभी आशा का सर्वे रजिस्टर अद्यतन करें. अद्यतन नहीं रहने वाले कर्मी के प्रत्येक माह के मानदेय में 25 प्रतिशत की कटौती की जायेगी. यूनिसेफ के बीसीएम कालीचरण झा ने पांच वर्ष तक के बच्चों को नियमित पड़ने वाले टीका का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को नियमित टीकाकरण कराना चाहिए. इससे वंचित रहने वाले बच्चा गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाता हैं. जन्म के 24 घंटा के अंदर नवजाता शिशु को पोलिया, बीसीजी एवं हेपेटाईटिस की टीका लगाना अनिवार्य है.सभी प्रकार के टीका सीएचसी में मुफ्त में लगाया जाता है. जबकी इसी टीका को नीजी अस्पताल मे लगवाने पर तकरीबन 30 हजार रुपए का खर्च आता हैं मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिंद्र नारायण, बीएचएम अर्चना भट्ट, बीसीएम शंभू कुमार बीएमई राजन कुमार, नोडल पर्सन उपेंद्र यादव, डीओ बबलू कुमार एवं यूनिसेफ के बीसीएम काली चरण झा उपस्थित थे।

रहिका थाना में देसी विदेशी शराब किया गया विनष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने 21कांडो में जप्त देसी विदेशी शराब कुल मात्रा 968 लीटर शराब का रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार व राजस्व अधिकारी अर्चना कुमारी के समक्ष जेसीबी के माध्यम से गढ्ढा खोदकर कांड में जप्त देसी विदेशी शराब को जेसीबी के माध्यम से शराब के बोतल को फोड़कर गढ्ढा में रख कर पुनः मिट्टी से भर दिया गया इस प्रकार देसी विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। थानाध्यक्ष रहिका रविंद्र कुमार ने बताया कि अलग अलग 21कांडो में जप्त 968 लीटर शराब विनष्टीकरण किया गया। मौके पर उपस्थित मालखाना प्रभारी के साथ चौकीदार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

समाजसेवी द्वारा बच्चों के लिए हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी केवाईसी ट्रेनर के तत्वावधान में हरलाखी प्रखंड के जिरौल गांव में मीनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में जिरौल सहित आस-पास के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का उद्घाटन स्थानीय समाजसेवी सह पत्रकार दीपक कुमार वह ट्रेनर दीपेश कुमार ने हरि झंडी दिखाकर किया। एक किलोमीटर के मीनी मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान जिरौल के अमित कुमार यादव तथा द्वितीय स्थान जिरौल के शालिग्राम यादव को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर अंकित कुमार यादव रहे। विजेता को 1100 रुपये का केश एवं कप व मेडल प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता को 551 रुपये कैश के साथ मेडल एवं कप प्रदान किया गया। चौथे स्थान पर जिरौल के शिवम कुमार, पांचवें स्थान पर अमर कुमार साह छठे स्थान पर जिरौल के आदित्य कुमार, सातवें स्थान पर प्रवीण कुमार, आठवें स्थान पर जिरौल के आदित्य कुमार, नौवें स्थान पर जिरौल के सूरज कुमार,और दसवें स्थान पर रहे जिरौल के प्रमेश कुमार को मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीपक कुमार साह,राहुल कुमार,रूपेश कुमार,विकास कुमार,विवेक कुमार।

चार सूत्री मांग को लेकर न्यायालय कर्मी के द्वारा काला पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय में बिहार राज्य कर्मचारी संघ के आवाहन पर अपनी चार सूत्री मांग को लेकर किया प्रदर्शनवेतन विसंगति को दूर करने,समय पर पदोन्नति,अनुकंपा बहाली,स्टेट कैडर को लेकर आज 01 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी के सभी श्रेणी के कर्मचारीगण विरोध पूर्वक काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने कार्य स्थल पर कार्य किया सभी कर्मचारीगण के द्वारा एक आवाज में कहा गया कि हम लोगों की जो चार सूत्री मांग है अगर उसको पूरा नहीं किया गया तो पूरे बिहार के सभी श्रेणी के न्यायालय कर्मी 01 जुलाई से बिहार व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आवाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे लंबे समय से एक भी पद पर बने रहने तथा पदोन्नति नहीं पाने के कारण कर्मचारियों का मनोबल लगातार गिरता जा रहा है एवं कार्य क्षमता प्रभावित हो रहा है इस अभियान में व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी सिरिस्तेदार राजकुमार गुप्ता,नजीर अशोक ठाकुर,कुंदन बैठा, अर्जुन कुमार, पिंटूकुमार, विक्की कुमार,शत्रुघन कुमार शंकर कुमार सुमित कुमार संतोष कुमार, पवन कुमार साह रविंद्र कुमार,हर्ष, सिवेंद्र सिंह, प्रभात झा, विजय कुमार के साथ सभी कर्मचारी शामिल हुए। और काली पट्टी लगाकर अपना कार्य सभी न्यायकर्मी शांतिपूर्वक रूप से निष्पादित किया।

शत प्रतिशत मतदान को मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निदेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र के 33 खजौली विधान सभा क्षेत्र में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न करानें को ले सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-बीडीओ लवली कुमारी के नेतृत्व में कोषांग के कर्मियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई. लोक सभा चुनाव को लेकर खजौली में 12 कोंषांगों को गठन हुआ है. जिसमें कार्मिक प्रबंधन कोषांग परिवहन कोषाग प्रशिक्षण कोषांग सामग्री प्रबंधन कोषांग आदर्श आचार संहिता कोषाग पर्यवेक्षक प्रबंधन कोषांग स्वीप प्रबंधन कोषाग पीडब्लूडी प्रबंधन कोषांग सीपीएमएफ प्रबंधन कोषांग मीडिया कोषांग हेल्प लाईन एवं जन शिकायत प्रबंधन कोषांग कैमरा कम्युनिकेशन प्रबंधन कोषांग एवं निर्वाचन प्रबंधन कोषांग शामिल है.सभी कोषांगों में शामिल पदाधिकारियों विधिवत चुनाव कराने का निदेश दिया गया. वहीं संबंधित सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्व एवं कर्तव्य को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निदेश दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लापरवाही बरते वाले कर्मी एवं पदाधिकारी किसी सूरत में बख्से नहीं जायेगे. वहीं स्वीप कोंषाग के नोडल पदाधिकारी को शतप्रतिशत मतदान करने को ले मतदाता को जागरूक करने का निदेश दिया. इसके लिए स्कूलुआंगनबाडी जीविका दीदी सहित अन्य स्वयंसेवक दलों से समन्वय स्थापित कर जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक करने को निदेशित किया. मौके पर बीडीओ लवली कुमारी, एमओ प्रणव प्रकाश, बीईओ योगेंद्र चैधरी, मनरेगा पीओ स्वेता कुमारी, उद्यान पदाधिकारी मदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ की बैठक

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पंचायत समिति भवन विभूतिपुर के प्रांगण में मतदान केंद्र संख्या एक से लेकर 240 तक के बीएलओ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता दलसिंहसराय भूमि सुधार उप समाहर्ता सह निर्वाचित पदाधिकारी सविता कुमारी कर रही थी। बैठक में सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं विकलांग मतदाता की भौतिक सत्यापन कर दो दिनों के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध करावे। साथ ही मतदान केदो पर मूलभूत सुविधा से संबंधित समस्याओं को चिन्हित कर प्रतिवेदन कर प्रतिवेदित करें। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी बीएलओ अपने स्तर से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें। बैठक में दलसिंहसराय अवर निवार्ची पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार, संतोष कुमार, सुधीर रजक, सुनील कुमार दास एवं सभी बीएलओ भाग लिए।

समापन समारोह में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के यूनिक चिल्ड्रेन्स एकेडमी सिंघियाघाट में एक पखवाड़े से चल रहे 31वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अर्जुन कुमार ने की। कार्यक्रम में शिक्षक मनोज कुमार, रंजन कुमार, अनुपम रंजन, भोला प्रसाद सिंह, अर्जुन कुमार सुमन, संजय कुमार, प्रवीण कुमार, आदेश कुमार, सूरज कुमार झा, रूपेश कुमार झा, पिंटू कुमार, सुजीत कुमार, तारा कांत झा, शिक्षिका पिंकी कुमारी, सिंधु कुमारी, पिंकी शर्मा, बेबी कुमारी, रीना शर्मा, कविता कुमारी, खुशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, गरिमा कुमारी, स्मिता कुमारी, सीमा कुमारी, किरण सेठ, सविता कुमारी, मौसम कुमारी आदि को अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद संजीत स्मृति क्लब के संचालक अमरदीप कुमार, नीरज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

प्रशिक्षण केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

शांतिपूर्ण,पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित:डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा +2 बी.के.डी (जिला स्कूल),लहेरियासराय में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारी को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के शांतिपूर्ण,पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों/पदाधिकारियों को सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया,ई.वी.एम. संचालन एवं उनके कर्त्तव्यों के सम्यक निर्वाह को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत एक टेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रशिक्षण आज से +2 बी.के.डी (जिला स्कूल),लहेरियासराय में,+2 एम.एल. एकेडमी,लहेरियासराय में,तथा +2 शफी मुस्लिम उच्च विद्यालय,लहेरियासराय में पीठासीन पदाधिकारी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के शांतिपूर्ण,पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि लगभग 5000 पीठासीन पदाधिकारी को प्रथम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दरभंगा का पोलिंग बूथ दरभंगा के नाम से एक पोर्टल लाए हैं,इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता या कोई भी मतदान कर्मी गूगल मैप की सहायता से वहां पर जा सकेंगे। साथ ही कोई भी लोग मतदाता सूची में कितने सीरियल नंबर पर उनका नाम है,वो भी देख सकते हैं एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एप्प सभी लोगों के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद, श्रम अधीक्षक राकेश कुमार रंजन एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया कार, चालक की मौत व तीन अन्य घायल

● घायल महिला की नहीं हुई पहचान, एक घायल घटना के बाद हुआ फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गरुआरा चौर में मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सवार एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार दुर्घटना के बाद उसमें सवार अन्य लोग मौके से किसी तरह फरार हो गए। वहीं कार चालक को पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान मथुरापुर थाना क्षेत्र के स्व. मदन राय के पुत्र मिथिलेश कुमार (40 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद भाग रहे दो घायलों को नगर थाना पुलिस ने ओवर ब्रिज के नीचे से उठाकर एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेजा। घायलों में मथुरापुर थाना क्षेत्र के मन्नीपुर मुक्तापुर गुमटी के पास के निवासी प्रेम महतो के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में भर्ती घायल महिला के होश में नहीं आने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पायी है। वहीं एक और अन्य घायल के घटना के बाद फरार हो जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पायी है। घटना के सम्बन्ध में मृतक के ग्रामीणों ने बताया कि मिथिलेश कार की ड्राइवरी करता था। उसके माता-पिता की मृत्यु काफी पहले हो चुकी है। वह घटना की सुबह कार लेकर घर से निकला था। पूसा की तरफ से शहर वापस आने के दौरान उसकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और इससे यह हादसा हुआ है। उन लोगों को घटना के दो घंटे के बाद इसकी सूचना मिली। वहीं पुलिस के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हुए कार को जब्त कर लिया है। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि सूचना के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की मृत्यु हो गई है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

लाखों रुपए की लागत से बना नाला हुआ ध्वस्त, लोगों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर पंचायत के वार्ड 14 में लाख रुपए की लागत से बनाई गई नाला कुछ ही दिनों के बाद ध्वस्त हो गया। जिससे लोग में आक्रोश व्याप्त है। वहीं सूत्रों के मुताबिक उक्त नल का निर्माण 15 में वित्त योजना से 9 लाख 90 हजार रुपए की लागत से नाला का निर्माण कराया गया था। विभागीय पदाधिकारी की मिलीभगत से नाला निर्माण में काफी अनियमिता होने को लेकर कुछ ही दिनों में वह नाला क्षतिग्रस्त होकर ध्वस्त हो गई। इस मामले को लेकर सैदपुर पंचायत के उप सरपंच ललित कुमार पांडे और सोनू ने बीडीओ कल्याणपुर को आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं बीडीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है मामले की जांच उपरांत आगे कार्रवाई की जाएगी।

सशस्त्र सीमा बल के जबानों ने शराब और गांजा जब्त किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही सघनं चेकिंग अभियान के दौरान48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी महादेव पट्टी के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में लगातार हो रही शराब की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के क्रम को रोकने के लिए विवेक ओझा उप कमांडेंट प्रचालन की गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए सम वाय प्रभारी पीपरौन के निदेर्शानुसार गश्ती दल पार्टी सहायक उप निरीक्षक लासेंग सिंगपो की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ अचानक से की गई कार्यवाही में भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 283/23 से लगभग 50 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ देसी नेपाली शराब 300एमएल की 827 बोतल एवं प्लास्टिक बैग में 450 ग्राम गांजा को बरामद कर जब्त किया गया है। इसी क्रम में निरीक्षक सुनील दत्त व अन्य जवानों एवं स्थानीय पुलिस के साथ की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान छापेमारी में साहनी मोहल्ला उमगांव में नेपाली देसी शराब 300 एमएल की 545 बोतलों को बरामद कर जब्त किया है।जब्त की गई शराब की बोतलों गाजे को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना हरलाखी के सुपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा। गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज

मधेपुरा जिला प्रशासन, मधेपुरा के सौजन्य से बुधवार को मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा में अपराह्न1 बजे से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सौजन्य से लगातार विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत, संबद्ध एवं निजी महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में 5 अप्रैल को एच. पी. एस. कॉलेज, उदाकिशुनगंज, 8 अप्रैल को डिग्री कॉलेज, मधेपुरा, 9 अप्रैल को सी. एम. साइंस कॉलेज, मधेपुरा, 13 अप्रैल को आदर्श कॉलेज, घेलाड़-जीवछपुर-मधेपुरा, 18 अप्रैल को मोहन शकुंतला बी. एड. कॉलेज, मधेपुरा तथा 19 अप्रैल को एम. पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मधेपुरा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि निर्धारित तिथि पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

अग्निकांड में एक बच्ची व दो गाय की मौत,लाखो की क्षति

हाजीपुर।राघोपुर प्रखंड के रुस्तमपुर पंचायत में आग लगने से एक 10 वर्षीय बच्ची और तीन गाय की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई।दो व्यक्ति समेत तीन गाय बुरी तरह झुलस गया। अग्निकांड में पांच घर जलकर राख में तब्दील हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची तीन दमकल की गाड़ी ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, शार्टसर्किट से लगी भीषण आग में दयानंद राय के 10 वर्षीय पुत्री आलिया कुमारी की आग में झुलस कर मौत हो गई। वही देवेन्द्र राय का तीन गाय झुलसकर मर गई। वहीं दो गाय बुरी तरह झुलस गई। आग बुझाने के क्रम में देवेंद्र राय सहित तीन लोग झुलस गया। इस घटना में देवेंद्र राय, दयानंद राय ,अरविंद राय, अजय राय एवं धर्मेंद्र राय का घर जल गया। घर में रखा चौकी बर्तन बक्सा अन्य सामान भी जल गया। लाखो की क्षति हुई।

महेशुवा गांव में लगी आग, एक बच्चे की जलकर मौत

करीब 40 घर हुआ राख, एक करोड़ से ज्यादा क्षति का अनुमान

● घटना स्थल पर कैंप कर रही है सीओ केशिका झा

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिले के महेशुआ गांव में अचानक लगी आग से करीब 40 घर जलकर राख हो गया वहीं एक बच्ची की जलकर मौत भी हो गई। जिला प्रशासन की ओर राहत के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। जिससे पीड़ित परिजन खासे परेशान हैं। हालांकि मधेपुरा सदर प्रखंड के महेशुआ गांव में सोमवार की देर शाम लगी आग के बाद जिला प्रशासन की टीम घटनास्थल पर कैम्प कर रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अब तक जिला प्रशासन की ओर से पीड़ित लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। ग्रामीण कुणाल कुमार ने कहा कि राहत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की मदद से सुबह में नाश्ता का व्यवस्था किया गया। लेकिन प्रशासन की ओर से खाना या पीने के पानी का भी कोई व्यवस्था नहीं किया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम लगभग 7 बजे घर में आग लगी थी। 5 दमकल और स्थानीय लोगों की मदद से लगभग पांच घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में एक बच्ची जिंदा जल गई। मृतका की पहचान महेशुआ निवासी श्रवण कुमार दास की 7 वर्षीय बेटी कोमल कुमारी के रूप में हुई। सुबह में मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष रघुनंदन दास ने कहा कि लगभग 40 परिवार के 70 लोग इस घटना प्रभावित हुआ है। अगलगी की घटना में एक करोड़ से अधिक के क्षति का अनुमान है। घटना स्थल पर मौजूद सीओ केशिका झा कैमरे पर कुछ बोलने से परहेज करते रहे। वहीं एसडीएम संतोष कुमार ने फोन पर कहा कि व्यवस्था किया जा रहा है। तत्काल पीड़ित परिजनों के बीच नाश्ता की पैकेट का प्रबंध किया गया है बहुत जल्द अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया की जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद ने भी बीजेपी पर कसा तंज

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद मेहता ने भी बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा बीजेपी करती है सबका साथ सबका विकास लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी कुशवाहा होते हुए भी अपनी पार्टी में एक भी कुशवाहा समाज को उम्मीदवार नहीं बना पाया। उन्होंने कहा मोदी की सरकार महिलाएं के बारे में बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन अपनी पार्टी से एक भी महिला उम्मीदवार नहीं बना पाए। भाजपा के इस निर्णय से कुशवाहा समाज एवं नारी समाज अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां की जनता भाजपा के द्वारा जो सुहाने सपने दिखा रही है उसको मजबूत ढंग से जवाब देने का काम करेगी और कुशवाहा समाज एवं नारी समाज भाजपा सरकार की खेल को समझ करके इनका विरोध करने का काम करेंगे।

बीजेपी एवं आयकर विभाग के खिलाफ कांग्रेसी कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा केंद्र के बीजेपी सरकार एवं आयकर विभाग के खिलाफ मधेपुरा जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया, जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह यादव ने कहा मोदी सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने देश की मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बना देने के नियत से नोटिस जारी कर रही है। उन्होंने कहा आयकर विभाग ने 1823 करोड रुपैया का नया नोटिस भेजा है। लोकसभा चुनाव को देखकर भाजपा सरकार घबरा गई है। उक्त कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, अरविंद मेहता, महेश मोहन झा, शत्रुघन भगत, खोखा सिंह, अनिल पोद्दार, सूर्यनारायण राम, प्रमोद कुमार पप्पू, कामेश्वर सिंह, सरिता देवी, पिंटू देवी, आशा देवी, प्रमिला देवी, मो. सलीम, शिखा ने भाजपा सरकार को संविधान विरोधी काम करने का आरोप लगाया।

गाँधी स्मारक पुस्तकालय में आयोजित हुई चैत्र मास की कवि संगोष्ठी

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। ऐतिहासिक गाँधी स्मारक पुस्तकालय में चैत्र मास की कवि-संगोष्ठी आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सीताराम सिंह ने की तथा संचालन डॉ० संजय विजित्वर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ कवि डॉ० शिवबालक राय प्रभाकर की सामयिक रचना समय आ गया है हम सभी भारतीयों को एकजुटता दिखाने का से हुई । इसके बाद दो नन्हीं बच्चियाँ शुभी और सिल्की ने डॉ० संजय विजित्वर की रचना -सभी अपने गम में सने ही सने हैं, अपनी-अपनी धुन में रमे ही रमे हैं का गेय आवृत्ति पाठ भाव-भंगिमा के साथ की और उपस्थित कवियों के बीच में अपनी प्रतिभा से खूब वाहवाही लूटी तालियाँ बटोरी।इसके बाद वरिष्ठ कवि डॉ० अशोक कुमार सिंह ने बज्जिका में सुन्नर-सुन्नर फूल खिलल हए और हिन्दी की-मेरे दिन बहुरेंगे तब करना मनमानी रचना सुनाकर तालियाँ बटोरी। इस क्रम में अनिल लोदीपुरी ने सामयिक रचना- मैंने रोटी नहीं बनाई और भूखा रहा-- सुनाकर वाहवाही लूटी। वरिष्ठ रंगकर्मी मनोरंजन वर्मा ने भूल गये जो सपने थे याद रहे जो अपने थे -सुनाकर तालियाँ बटोरी। वरिष्ठ कवि हरि विलास राय की बज्जिका गीत-देखऽ ऋतु वसंत आएल, वन उपवन में छितराएल-पर खूब तालियाँ बजी। इसके बाद कवि संगोष्ठी का संचालन कर रहे डॉ० संजय विजित्वर ने -ले ली तूने स्वर्णिम जिन्दगी तथा बज्जिका की हो गोनू कक्का गेय रचना सुनाकर तालियाँ बटोरी। कवि संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि सीताराम सिंह की -दिलों से प्रेम की धड़कन गायब, सारा रस रंग जीवन गायब सामयिक प्रस्तुति पर खूब तालियाँ बजी। कार्यक्रम के अन्त में वरिष्ठ रंगकर्मी मनोरंजन वर्मा ने आगत कवियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर पूर्व सैनिक सुमन कुमार, मनोज कुमार ,रोहित, बेचन तथा गंगोत्री प्रसाद सिंह, बाबू साहेब की भी उपस्थिति रही।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा समावेशी स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिलान्तर्गत सामुदायिक /प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिंहेश्वर अंतर्गत मानपुर में ग्वालपाड़ा अंतर्गत जमुनिया रही में तथा उदाकिशुनगंज अंतर्गत बुधमा एवं सहजादपुर में मतदाता को जागरूक करने हेतु आशा एवं ए एन एम के द्वारा रैली निकाली गई। उदाकिशुनगंज अंतर्गत विकाश भवन यादव नगर में मातदाताओं को जागरूक करने हेतु जागरूकता बैठक आयोजित की गई। मुरलीगंज अंतर्गत भैरोपट्टी एवं बेलो कला मे मतदातओं को जागरूक करने हेतु रैली निकाली गई। सभी प्रखंड में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चलंत चिकित्सा दल के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा प्रखंड के महत्वपूर्ण स्थलो पर बैनर/होर्डिंग के माध्यम से आमजन को मतदान में सहभागिता करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

मित्रा अस्पताल में मरीजो के लिए निःशुल्क शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जिले के कटहलबाड़ी मुहल्ला स्थित मित्रा इमरजेंसी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में मरीज का निशुल्क जाच शिविर का आयोजन का किया गया तथा जाचौ उपरांत मरीज के बीच निशुल्क दवा कीभी वितरण किया गया तथा एक मरीज रीना देवी का हिस्टो टोमिक का ऑपरेशन निशुल्क की गई इस संदर्भ में अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर ए.के .सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अस्पताल में विभिन्न प्रकार के बीमारी से ग्रसित लगभग 318 मरीज का निशुल्क जांच एवं दवा का वितरण किया गया उन्होंने कहा इस तरह के शिविर आगे भी लगाई जाएगी वही अस्पताल निदेशक सुनील कुमार ठाकुर ने बताया कि इस अस्पताल में शिविर के अलावा अन्य दिनों भी गरीब निसहाय मरीजो का इलाज निशुल्क की जाती है

मतदाता जागरूकता योग शिविर का आयोजन

जैसे हमारे शरीर के लिए योग बहुत जरूरी है,वैसे ही हमारे लिए मतदान भी जरूरी है:ऋतुराज

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी वैशाली श्री यशपाल मीणा के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप कोषांग के माध्यम से भारत स्काउट एवं गाइड यूनिट द्वारा मतदान मेरा कर्तव्य, मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत योग शिविर आयोजित किया गया । योग शिविर में भारत स्काउट गाइड से जुड़े छात्र छात्राओं ने भाग लिया ,योग करते हुए यह संकल्प लिया कि हम अपने अभिभावको एवं आस परोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। इस शिविर में 105 स्काउट गाइड ने भाग लिया। योग प्रशिक्षिका अंजली कुमारी ने विभिन्न प्रकार प्राणायाम योग एवं ध्यान कराया। इस मौके पर उन्होंने सभी स्काउट गाइड कब बुलबुल को संबोधित करते हुए कहा कि योग शिविर के माध्यम से हमने अपने आपको तनाव मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वोट का इस्तेमाल कर हमें अपने लिए अच्छी सरकार चुननी है। उन्होंने कहा कि अगर हम अच्छा नेता चुनेंगे तो क्षेत्र के साथ साथ हमारे देश की भी तरक्की होगी। वहीं जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि मतदाता जागरूकता योग शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया है कि जैसे हमारे शरीर के लिए योग बहुत जरूरी है वैसे ही हमारे लिए मतदान भी जरूरी है। सभी स्काउट गाइड को अपने अभिभावक एवं पड़ोस के सभी लोगों को मतदान के दिन मतदान करने हेतु पोलिंग बूथ पर जाकर अपने वोट का इस्तेमाल करने का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। वही स्काउट मास्टर नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अपने वोट को वेस्ट न करे। उन्होंने कहा कि उन वोटरों तक अपना संदेश पहुंचाना है जो पहली बार अपने वोट का इस्तेमाल कर रहे है। उन्हें अपना वोट सोच समझकर अच्छे उम्मीदवार को अपना वोट दे।

डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

भगवानपुर स्थित डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गयो यह केंपस ड्राइव विश्वविद्यालय के प्रबंधिकी विभाग के अंतिम सत्र में अध्यनरत छात्रों के लिए आयोजित की गई थी इसमें भाग लेने वाली कंपनी समुद्रा सॉल्यूशंस एलएलपी थी, जिसमें समुद्रा सॉल्यूशंस एलएलपी के तरफ से मानव संसाधन अधिकारी सुधा कुमारी एवं विश्वविद्यालय की ओर से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो० संजीत कुमार मौजूद थें कुल 22 अभ्यर्थी इस आयोजन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुऐ जिसमें बबलू कुमार, स्नेहा कुमारी, आशीष कुमार, राहुल सिंह सहित कुल 16 छात्रों को चयनित किया गया है कंपनी के एचआर सुधा कुमारी ने सभी छात्रों को तारीफ करते हुए कहा कि जैसा मैंने सोचा था उससे कहीं ज्यादा ही बेहतर इस विश्वविद्यालय के छात्र है उन्होंने कहा कि वें नियुक्ति हेतु लगातार इस विश्वविद्यालय को चुनना पसंद करेंगे विश्वविद्यालय कुलपति डॉ० एम०एल० गौर ने छात्रों को बधाई दियो उन्होनें कहा कि चयनित छात्र अध्यनरत छात्रों के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकते है जिससे कि और ज्यादा से ज्यादा छात्र लाभान्वित हो सकते है विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह ने समुद्रा सॉल्यूशंस को प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मलित होने हेतु धन्यवाद दिया तथा सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें भी दी उन्होंने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो० संजीत कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि विगत वर्ष 42 से भी ज्यादा कंपनियां कैंपस के लिए आ चुकी है उन्होंने कहा कि सभी योग्य छात्र को हमने शतप्रतिशत चयन भी करवाया है।

एसडीओ ने गोदाम का किया निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड एसएफसी खाद्यानय गोदाम का मंगलवार को सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में गुणवत्ताहीन खाद्यान्न को देखते हुए मौके पर उपस्थित पदाधिकारी व कर्मी को जमकर फटकार लगया। वहीं गुणवत्ताहीन खाद्यान्न वापस करने का निर्देश दिया। वहीं हीं खाद्यान्न रखने वाले गोदाम के साफ सफाई को लेकर भी कर्मियों को फटकार लगाई। मौके पर एमओ प्रभात कुमार, एजीएम प्रशांत कुमार सहित सभी कर्मी उपस्थित रहे। वहीं इस मामले सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने निरीक्षण की पुष्टि की लेकिन कुछ भी बताने से इंकार किया।

गेहूं खेत में आग से गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खजुरी पंचायत में लगे खेत में गेहूं के फसल में आग लगने जलकर राख हो गया। वहीं रामकिशोर राय, विनोद राय और शत्रुघ्न राय के 22 कट्टे खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर हुई राख। निजी लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं सीओ शशि रंजन कुमार ने हल्का कर्मचारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट देने की बात कही है

मस्जिद की सम्पत्ति का संरक्षण व विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता : इमरान

प्रात : किरण संवाददाता

महनार। 02 अप्रैल। जामा मस्जिद कमिटी महनार बाजार के सचिव मो0 इमरान ने कहा है कि इस मस्जिद से जुड़े सभी सम्पत्ति का संरक्षण व विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जो भी हुआ है उसमें वह सुधार कर सारी व्यवस्था को पटरी पर लाने का वह काम कर रहे है । उन्होंने यह भी बताया कि मस्जिद के नाम से बैंक खाता खोल दिया गया है और किरायदारों को निर्देश दिया गया है कि वह अपना किराया मस्जिद के खाता में जमा कर दें। उन्होंने कहा कि मस्जिद में एक शिकायत पेटी लगा दी गई है और जिनको कुछ भी शिकायत या मशविरा देना हो वह लिख कर इस पेटी में डाल दें। इसके साथ ही मस्जिद का वेबसाइट बनाया जा रहा है ताकि लोग ऑनलाइन अपनी बात कह सके और दुनिया मे कही भी बैठ कर इस मस्जिद का दीदार कर सकें। उन्होंने कहा कि मस्जिद के अलावा मजार, मुसाफिरखाना, गैरेज व ईदगाह और तालाब सभी मस्जिद की सम्पत्ति है और मस्जिद बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है । इस पर अवैध कब्जा करने वाले , इसको बेचने की मंशा रखने वाले या इस पर निजी कार्य करने वालो पर कड़ी कारवाई की जाएगी। इमरान ने कहा कि ईदगाह व तालाब के बीच से सरकारी रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही है जिसका हम विरोध करते है और इसके लिए जिला पदाधिकारी से भेंट कर इसकी शिकायत करेंगे।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर । आज केन्द्रीय विद्यालय, गन्नीपुर, मुजफ्फरपुर में दिया गया। मौके पर जिलाधिकारी, सुब्रत कुमार सेन तथा उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षण स्थल एवं कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था रखने तथा प्रशिक्षण कोषांग में पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने एवं केन्द्र पर ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियमित रूप से सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिले में कुल 32हजार कर्मियों का प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकांश महिला प्रशिक्षणार्थियों की भागीदारी पर प्रसन्नता प्रकट की। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को चरणबद्ध तरीके से बिन्दुवार एवं सूक्ष्मता से व्यापक जानकारी प्राप्त करने तथा अन्य प्रशिक्षणार्थियों को भी सूक्ष्मता से विस्तृत जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया की सफलता कर्मियों के प्रशिक्षण की प्रभावशाली व्यवस्था पर निर्भर करता है। उन्होंने चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया का तकनीकी, सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण मौलिक रूप से प्राप्त करने तथा दूसरों को भी चरणबद्ध तरीके से जानकारी देने तथा किसी भी संशय का निवारण प्रशिक्षण सत्र में ही करने को कहा। साथ ही चुनाव की प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली एहतियाती उपायों पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस संदर्भ में क्या करें एवं क्या नहीं करें संबंधी तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम 50 प्रतिशत बूथों पर बेबकास्टिंग की सुविधा रहेगी। इसलिए मतदान कर्मियों को पूरी सावधानी एवं एहतियाती उपाय बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। विदित हो कि मुजफ्फरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए एल.एस. कॉलेज, मुजफ्फरपुर तथा वैशाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर में डिस्पैच सेन्टर बनाये गये हैं तथा दोनों ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्ट्रान्ग रूम एवं मतगणना केन्द्र बाजार समिति अहियापुर में बनाये जायेंगे। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, नोडल पदाधिकारी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्य प्रिय कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

मैट्रिक के परीक्षा में बिहार में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को विधायक ने किया सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में बिहार में नौवां स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रौशन करने वाली समस्तीपुर जिले के हकीमाबाद पंचायत की छात्रा दिव्या को मंगलवार को स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने पाग, चादर, बुके तथा कलम प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस स्वर्णिम सफलता के लिए दिव्या को बधाई और शुभकामनाएं। आपको यह उपलब्धि हासिल करते हुए और इस तरह की अद्भुत प्रशंसाएं हासिल करते हुए देखकर मुझे वास्तव में खुशी हो रही है। समस्तीपुर को अपनी बेटी दिव्या पर नाज है। मैं कामना करता हूं कि आप भविष्य में भी सफलता प्राप्त करते रहें। यह परिणाम आपकी श्रेष्ठ योग्यता साबित करता है। इस स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का फल हमेशा मिलता है। आपने अपनी शिक्षा के लिए लगन से मेहनत की है, और इसलिए परिणाम यहाँ हैं। आप उच्चतम अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं, बहुत खूब। उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी यह सफलता दूसरे छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा देगी। आप निरंतर, दृढ़ संकल्पित होकर आगे भी सफल हो और समस्तीपुर जिला का नाम रोशन करते रहो यही मेरी शुभकामनाएं है। मौके पर स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि सह जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, हकीमाबाद पंचायत के पूर्व मुखिया मुकेश कुमार राय, दिव्या के दादा रेलवे के पूर्व टीटीई मदन लाल राय, पिता मनोज कुमार, मां रीना देवी, पूर्व मुखिया चन्दन कुमार, समाजसेवी नीतीश कुमार, अशर्फी राय, बिदेश्वर राय, रामाशीष राय, नगीना राय, रितेश कुमार पिंकू, बिट्टू रजक, उप सरपंच शम्भू राम, कामेश्वर राय, विक्कू कुमार, प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, रवि आनंद, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, दीपक यादव, अमित कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

अधेड़ की गोली मारकर हत्या पुलिस के लिए बनी अबूझ पहेली

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वार्ड 17 के जितवारपुर चौथ स्थित बोतल टोला में बीते 15 मार्च की रात हुए अधेड़ की गोली मारकर हत्या मामला पुलिस के लिए अबूझ पहेली बन गई है। घटना को लेकर मृतक के पुत्र प्रिंस कुमार के आवेदन पर क्षेत्र के एक कुख्यात सहित दो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध की पहचान भी की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना की रात घर के आसपास मृतक का पुत्र सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया था। हालांकि उससे पूछताछ व अब तक के अनुसन्धान में पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है। बता दें कि पहले जहां मृतक के पुत्र ने एक कुख्यात सहित दो को हत्या के लिए आरोपित किया था। वहीं अब मृतक के पुत्र ने आवेदन देकर उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए हत्या के लिए अज्ञात बदमाशों के ऊपर शक जताया है। बता दें कि घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव के पास से एक चप्पल व घर के सामने खेत से एक चप्पल बरामद किया था। संभावना व्यक्त की गई थी कि चप्पल घटना को अंजाम देने वाले बदमाश की हो सकती है। घटना को लेकर पुलिस ने मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की थी। मृतक के पुत्र के आवेदन पर दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कई कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश पर आज प्रखंड पटेढी बेलसर के ग्राम पंचायत मनोरा, साइन और सोरहथा में उप विकास आयुक्त वैशाली के मर्गदशन में मतदाताओ के साथ मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कई कार्यक्रम आयोजन किए गए। मतदाताओ से शत-प्रतिशत मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपील किया गया। मतदाताओ को आश्वस्त किया गया कि मतदान केंद्र पर सभी प्रकार के सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी जहाँ आप भयमुक्त होकर मतदान प्रक्रिया कर सकते हैं उक्त कार्यक्रम स्थल से प्रभात फेरी, साईकल रैली एवं मोटर साइकल रैली निकाल कर मतदाताओ के बीच मतदान प्रकिया में सहभागी बनने का अनुरोध किया गया इस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु रश्एएढ आइकॉन श्री अभय कुमार द्वारा मतदाताओं से 25 मई की तिथि को विशेष रूप से याद रखते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेनें हेतु अनुरोध किया गया। मतदाता जागरूकता पर प्रखंड क्षेत्र के ु'ङ्ख सह- शिक्षक श्री अनिल कुमार की पुत्री जानवी दुर्गा के द्वारा मनमोहक भोजपुरी गीत की प्रस्तुति करते हुए लोगो से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई।

विचार मंथन

सम्पादकीय

विपक्षी एकता के मायने

राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया के समर्थक और भाजपा-विरोधी बड़े नेता मौजूद थे। एकजुटता साफ नजर आ रही थी। उनमें से अधिकतर ने देश को आगाह किया कि यदि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनी, तो देश का संविधान बदलने की शुरूआत होगी। शासन और भी एकाधिकारवादी हो जाएगा। भारत रूस बन सकता है। लोकतंत्र की आत्मा खत्म कर दी जाएगी। जिस तरह रूस पर पुतिन का राज है, उसी तरह भारत में मोदी की स्थिति होगी। यह आशंका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जताई थी। संविधान को बदलने की बात राहुल गांधी ने की, जिन्हें किन्हीं भाजपा नेताओं ने ब्रीफ किया था। यहां तक आगाह किया गया कि देश में आग लग जाएगी। इनके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, सीताराम येचुरी, भगवंत मान आदि विपक्षी नेताओं ने रोजगार का संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों का एमएसपी, जांच एजेंसियों की निरंकुशता और प्रशासन आदि के साझा मुद्दे उठाकर अपने लोकसभा चुनाव अभियान को गति दी। सारांश में विपक्ष की साझा रैली कई मायनों में असर छोड़ गई। एक बार फिर इंडिया बिखरने के बजाय लामबंद होता दिखाई दिया। आपसी विरोधाभास को भी उन्होंने स्वीकार किया। बेशक ममता बनर्जी और स्टालिन सरीखे मुख्यमंत्री रैली में नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेजकर स्पष्ट किया कि वे आज भी इंडिया के घटक हैं। बहरहाल विपक्षी नेताओं ने चुनावों को लोकतंत्र-संविधान बचाने की सामूहिक कोशिश चित्रित किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने 1857 की प्रथम क्रांति की मूलभूमि मेरठ से चुनाव के दूसरे हिस्से का आगाज किया। उन्होंने भारत-रत्न चौधरी चरण सिंह के गौरव समारोह के जरिए पश्चिमी उप्र के किसानों, जाटों और मसीहा के भक्त-समर्थकों को साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनावी लड़ाई की चेतावनी भी कबूल की और देश से साझा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि जनता का जो पैसा लूटा गया है, वह उसे लौटा रहे हैं। अभी तक 17, 000 करोड़ रुपए से अधिक लोगों को वापस किए जा चुके हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को मोदी की गारंटी करार दिया और कहा कि वह विपक्ष के रुदन और चिल्लाने से घबराने वाले नहीं हैं। इन दोनों जनसभाओं का आकलन करने के बाद चुनाव विश्लेषकों की व्याख्या है कि जितना एकतरफा आम चुनाव माना जाता रहा है, उतना नहीं है। कुछ गंभीर जन-समस्याओं पर लोगों में ध्रुवीकरण होने लगा है। अंडर करंट भी माना जा रहा है। उप्र और राजस्थान सरीखे राज्यों में जिस तरह एकतरफा मोदी लहर आंकी जा रही थी, अब वह स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के काडर को अनुरोध किया है कि वे घर-घर जाएं और कहें कि मोदी जी ने नमस्कार भेजा है। बेशक भाजपा के पक्ष में भ्रष्टाचार के अलावा, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, लाभार्थी योजनाएं, महिला वोट बैंक और मोदी सरकार की विभिन्न परियोजनाएं आदि हैं। यदि समूचा विपक्ष आज से ही एक सीट, एक साझा उम्मीदवार की रणनीति को अमलीजामा पहना दे और देश भर में सघन अभियान चलाए, तब भी मोदी और भाजपा-एनडीए दुर्जेय हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि तमिलनाडु, केरल सरीखे दक्षिण भारतीय राज्यों में इस बार प्रधानमंत्री मोदी, राम मंदिर, सनातन आदि को लेकर एक अनूठी लहर महसूस की जा रही है, लिहाजा भाजपा इस बार इन राज्यों में शून्य नहीं रहेगी। यदि विपक्षी दल आपस में भाजपा-विरोधी वोटों को कम काटें और भरपूर मतदान हो, तब भी भाजपा को परास्त करना बहुत मुश्किल काम है, क्योंकि चुनाव घोषणा से पहले ही भाजपा के काडर ने सभी बुनियादी बंदोबस्त कर दिए थे। प्रधानमंत्री भी दक्षिण राज्यों में रोड शो जैसे प्रचार अभियान सम्पन्न कर चुके हैं।

देखते है आगे होता है क्या?

संजय गोस्वामी

जी हाँ महंगा पर सकता है ऐ सौदा क्योंकि श्री राज ठाकरे के एनडीए में शामिल होने से एनडीए को खासकर हिन्दी बाहुल्य इलाके खासकर बिहार और उप्र में नुकसान हो सकता है इसका कारण है मनसे द्वारा महाराष्ट्र में उत्तर भारतीय पर टिका टिपण्णी और बहुत से फेरिवालो से मुंबई में मारपीट का मामला इससे उस पार्टी ने एक ऐसी छाप छोड़ी है जिससे उसके अपने ही घर में सिर्फ 1विधानसभा में ही जीत मिली है जो वर्षों पहले मार पिट के शिकार हुए होंगे वह कभी वोट नहीं देंगे और उप्र, बिहार एनडीए का बेस है कोरोना में भी अवसर था लेकिन आरएसएस व माननीय मुख्यमंत्री योगीजी ने अच्छा काम किया और पुनः जीत गए अतः महाराष्ट्र में भी आपस में ही टकराव है ऐसे में हो सकता है कुछ जनाधार मिल जाए लेकिन उसका खामियाजा उत्तर भारत में खासकर ग्रामीण इलाके में गरीब लोग जो रोजी रोटी की तलाश में मुंबई आते हैं और किसी पार्टी के इसारे पर बेरहमी से पीटा जाता हो तो क्या वह वोट करेंगे? एक प्रश्नचिन्ह है। 2024 लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में बड़ी सियासी हलचल सामने आई है। बीजेपी के अगुवाई वाले महायुति में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे की एंट्री तय मानी जा रही है। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही महायुति के चौथे पार्टनर के तौर पर मनसे का नाम घोषित हो सकता है। महाराष्ट्र में राज ठाकरे को साथ लेने के पीछे कहा जा रहा है कि इससे बीजेपी उद्धव ठाकरे फैक्टर को काटकर महाविकास अघाड़ी को और कमजोर कर सकेगी, लेकिन इसी के साथ सवाल खड़ा हो रहा है कि पूर्व में उत्तर भारतीयों के नजर में खलनायक रहे राज ठाकरे को साथ लेकर बीजेपी यूपी-बिहार जैसे हिन्दी पट्टी वाले राज्य में सियासी नुकसान उठाना चाहेगी। राज ठाकरे पूर्व में हिन्दी भाषा को लेकर भी सवाल खड़े करते आए हैं। उन्होंने दिसम्बर, 2018 में कहा था कि हिन्दी राष्ट्रीय भाषा नहीं है फिर राजनीति में कुछ भी चलता है मनसे का एनडीए में शामिल होते ही उत्तर भारतीय में नाराजगी कई चैनलों में खुलकर आई और चूंकि 10साल में किसी भी पार्टी के लिए एंटी-इनकंबेंसी यानी सत्ता-विरोधी लहर कुछ ना कुछ तो होता है जिसे समझना बहुत मुश्किल है क्योंकि यह मार्जिन अभी उतना दिख नहीं रहा है लेकिन मनसे के आने से सत्ता-विरोधी लहर खासकर उप्र, बिहार व मप्र में अगर 1परसेंट भी फिसला तो कम से कम 50सीट ऐसे हैं जहाँ मामला बिगड़ सकता है जहाँ तक साउथ का प्रश्न है कर्नाटका से बीजेपी को अच्छा वोट मिलता है लेकिन अभी वहाँ कांग्रेस की सरकार है अतः वहाँ उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार हैं जो राजनीती के उस इलाके के चाणक्य माने जाते हैं अतः वहाँ अभी से फील्डिंग लगा रखी है अतः वहाँ 10सीट ऐसे है जहाँ हार जीत का मामला 1से 2परसेंट है अतः वहाँ भी एन डी ए को नुकसान होता दिख रहा है जिसतरह चुनावी चंदे का मामला सामने आया है उससे यही लग रहा है कि सबसे ज्यादा चंदे वाली पार्टी बीजेपी सवालों से घिर सकती है और विपक्षी पार्टियों इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी उप्र में पेपर लीक मामलों से काफी लोगों में नाराजगी है अतः चुनाव में इसका असर भी देखने को मिल सकती हैं हालांकि मुख्यमंत्री योगीजी का काम बेहतरीन हुआ है अतः वहाँ पिछले चुनाव के मुकाबले 4-5 सीटों का नुकसान हो सकता है क्योंकि समाजबादी पार्टी व कांग्रेस के गठबंधन से अल्पसंख्यक का वोट स्प्लिट नहीं होगा जहाँ तक बिहार की बात है वहाँ मनसे का नाम तो नहीं जानते लेकिन श्री राज ठाकरे को बिलकुल पसंद नहीं करते और बहुत से गरीब लोग जो रोजी रोटी के लिए मुंबई जाते हैं वह और उनका परिवार भी किसे वोट करेंगे ऐ आने वाला समय बताएगा बिहार में ऐसे भी बीजेपी आधे सीट पर चुनाव लड़ रही है और यदि जद (यू) अगर 14-15 सीट भी ले आती है और इंडिया गठबंधन में कुछ सीट की जरुरत पड़ी तो श्री नीतीश कुमार को पलटीमारते देर नहीं लगेगी अधिकतर सीटों पर हार जीत का मार्जिन कम होता है अगर हरेक राज्य में इसी तरह 4-5सीट भी कम हुए तो जीत हेतु कहीं ऐसा ना हो की 275 के करीब सीट भी ना जीत सके, क्योंकि एनडिए यही हाल 2004 के समय भी चुनाव प्रचार के समय लग रहा था कि 300 से 350सीट जीत जाएगी और भारत उदय का रथ निकला लेकिन 200का आकड़ा भी नहीं पार कर सकी और महज 182सीट ही प्राप्त हो सकी चूंकि गणित में संभावना का थ्योरी ऐ बताता है कि यदि कोई 2बार लगातार जीत दर्ज करता है तो तीसरे बार भी जीत की पुरी संभावना रहती है लेकिन चुनाव में हकीकत उल्टी रहती है क्योंकि सत्ताविरोधी लहर और जनता की इच्छा कुछ और होती है देखते है आगे होता है क्या?हालांकि श्री मोदीजी ने सराहनीय कार्य किया है लेकिन कुछ चीज जात, पात, धर्म आदि पर लोग गुमराह हो जाते हैं और फिर काम को कम और कुछ मुद्दों पर आपस में ही सहमति नहीं बन पाती सरकार ने हर फिल्ड में अच्छा काम है लेकिन लोकल समस्या अभी भी एक विकराल समस्या है जिस तरह अंतराष्ट्रीय रिश्ते मजबूत हुए और चंद्रयान -3की इतिहासिक वैज्ञानिक विकास भी सफलता की कड़ी है लेकिन जनता क्या इस कठिन परीक्षा को पूर्ण मार्क देती है तो ठीक है. हालांकि लोकतंत्र में देखते है आगे होता है क्या?

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?

ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है।

उमेश चतुर्वेदी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये।

लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है।

शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं।

हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है। ताकि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी। वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है, जो मानता है कि केजरीवाल को तंग किया जा रहा है। दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चचाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है। लोग चुटकियां लेने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते-बताते केजरीवाल ने नष्ट कर दिया, वह भी उसकी ईमानदारी की गारंटी दे रही है। यही वजह प्रहसन का बिंदु है, जिसकी वजह से दिल्ली के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीद लगा सकती है। हालांकि इस प्रहसन के प्रभाव को कम करने की कोशिश में आम आदमी पार्टी ही नहीं, कांग्रेस भी प्राणपण से जुटी है। दिल्ली की काया पलटने वाली कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कभी कहा करते थे कि वे केजरीवाल से अपनी मां के अपमान का बदला जरूर लेंगे।

सूचना का अधिकार : पारदर्शिता की व्यापक पहचान पर ध्यान दें

कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की। पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है

भारत डोगरा
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

मई 2005 में जब भारतीय संसद ने सूचना के जन-अधिकार का राष्ट्रीय स्तर का कानून पास किया तो लोकतंत्र को सशक्त करने वाले एक महत्त्वपूर्ण कानून के रूप में इसकी सराहना की गई। कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की। पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है, पर इसके बावजूद सरकार ने अपने सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में (विशेष तौर पर इराक पर हमले और तथाकथित आतंकवाद विरोधी युद्ध के संदर्भ में, सैन्य खर्च तेजी से बढ़ाने के संदर्भ में) पारदर्शिता नहीं अपनाई है। सच बात तो यह है कि पूरी विश्व राजनीति को बेहद प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले इराक पर हमले संबंधी निर्णय बहुत थोड़े से सलाहकारों के एक गुट द्वारा लिए गए और आम लोगों को इनके बारे में बड़े योजनाबद्ध ढंग से गुमराह किया गया। रिंचड क्लार्क, जो दस वर्ष तक अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान के मुखिया रहे हैं, ने अपनी पुस्तक अगेंस्ट ऑल इनमीजइ में लिखा है : मुझे संदेह है कि शायद ही किसी को बुश को यह समझाने का अवसर मिला हो कि इराक पर हमला करने से अमेरिका पहले से कम सुरक्षित हो जाएगा और उग्रवादी इस्लामी आंदोलन की ताकत बढ़ जाएगी। इ क्लार्क के अनुसार आतंकवाद पर जॉर्ज बुश की प्रतिक्रिया की खास बात यह थी कि जब उन्हें आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाना था तो उन्होंने ऐसे देश को नहीं चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद पनपा रहा था, अपितु इराक को चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद फैलाने में नहीं लगा था। जब इतने शीर्ष पद पर रहा व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी से यह लिखता है तो स्पष्ट है कि उसमें कोई गहरा दर्द है। वैसे अमेरिकी समाज में सूचना की बाढ़ आई हुई है-किसी भी समाचार को निरंतर देने के लिए सैकड़ों प्रसार माध्यम समाचार पत्र, पत्रिकाएं, टीवी चैनल आदि मौजूद हैं। बाहरी तौर पर प्रेस की अभिव्यक्ति को गजब की स्वतंत्रता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बुश के दूसरे चुनाव के समय अमेरिकी जनता को एक सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे के बारे में सही सूचना उपलब्ध नहीं थी। विश्व स्तर पर आम तौर पर यह जानकारी पहुंच चुकी थी कि सद्दाम हुसैन सरकार के पास न तो महाविनाशक हथियार थे और न ही उसका अल कायदा से या 9/11 के हमले से कोई संबंध था। पर इतने व्यापक और तथाकथित बेहद स्वतंत्रइ सूचना तंत्र वाले अमेरिका में अधिकांश मतदाता मानते रहे कि सद्दाम हुसैन की सरकार के पास महाविनाशक हथियार थे और उसका 9/11 के हमले से संबंध था। अमेरिकी नागरिकों की यह गलतफहमी कई सव्रेक्षणों में सामने आई। सवाल वाजिब है कि ऐसा तंत्र, जहां सूचना का अधिकार भी है, सब तरह का सूचनाओं के प्रसार की स्वतंत्रता है, बहुत से माध्यम सक्रिय हैं और अरबों डॉलरों का सूचना उद्योग है, वहां सबसे चर्चित मुद्दे पर सही जानकारी लोगों तक क्यों नहीं पंहुचती है?स्पष्ट है कि सूचना के अधिकार का कानून बनाने के लिए तैयार हो जाने का अर्थ यह नहीं है कि किसी सरकार का चरित्र मूल रूप से पारदर्शी और ईमानदार हो गया है। हां, इतना जरूर है कि सूचना के अधिकार का उपयोग सजगता और समझदारी से किया जाए तो इससे सरकार और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के अवसर अवश्य उपलब्ध होते हैं। हमें कानून की संभावनाओं और सीमाओं, दोनों के प्रति सचेत रहते हुए मात्र कानून बनने से लक्ष्य प्राप्त हुआ नहीं मान लेना चाहिए। इस कानून से जो अवसर प्राप्त हुए हैं, उनका उपयोग करते हुए पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। यदि नागरिकों ने ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई तो सरकारें पारदर्शिता का प्रदर्शन अधिक करेंगी पर पारदर्शिता को आत्मसात कम करेंगी। पारदर्शिता केवल किसी सरकार या सरकारी संस्थान के लिए नहीं अपितु सभी सामाजिक संस्थानों-संगठनों और सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन सब के लिए पारदर्शिता का अर्थ किसी वैधानिक मजबूरी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ केवल यह नहीं है कि यदि कानून ने हमें कोई सूचना सार्वजनिक करने के लिए कहा है

चुनावी चन्दा बांड की वकालत का मतलब.....

राकेश अचल

आप भी परेशान हैं और एक लेखक के नाते मै भी परेशान हूँ, क्योंकि हर बात अब राजनीति से शुरू होकर राजनीति पर ही समाप्त हो रही है।, जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि- हर बात में राजनीति नहीं देखना चाहिए। मै चाहता हूँ कि मुझे हर दिन मोदी जी का नाम न सुमरना पड़े, लेकिन दुर्भाग्य कि मोदी जी का नाम लिए बिना कोई बात न बनती है और न बिगड़ती है। मोदी यानि 56 इंच का सीना, मोदी जी यानि उलटा चोर कोतवाल को डाटे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जा चुके चुनावी चन्दा बांड्स को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी गर्व के साथ ही नहीं बल्कि सीना ठोंक कर कह रहे हैं कि जो लोग आज इलेक्टोरल बांड्स को लेकर नाच रहे हैं, वे कल पछतायेंगे। मोदी जी ने बात जिस दमखम से कही है उससे लगता है कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानते। उनकी नजर में इलेक्टोरल बांड्स आज भी गंगाजल की तरह पावन हैं। एक टीवी इंटरव्यून के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि- क्या चुनावी बॉण्ड डेटा से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है? तो माननीय मोदी ने कहा, मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं ! मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉन्डक के विवरण) को लेकर हंगामा कर रहे हैं और इसपर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा। देश कि सबसे बड़ी अदालत के फैसले को देश का सबसे बड़ा और जिम्मेदार आदमी ही यदि खारिज करता दिखाई दे तो किसी दूसरे से कोई क्या उम्मीद कर सकता है? उन्होंने जोर देकर कहा कि -कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोग पछताएंगे। जाहिर है कि मोदी जी हैं तो, न संविधान बड़ा है और न कोई अदालत। वे सबसे ऊपर थे, हैं और रहेंगे। और ये स्वाभाविक है। यदि उनकी सरकार तीसरी बार बनी तो तय मानिये कि मोदी जी इस असंवैधानिक घोषित किये जा चुके इलेक्टोरल बांड को ससम्मान संवैधानिक बना देंगे, क्योंकि ये बांड उनकी पार्टी के लिए कामधेनु साबित हुए हैं। दरअसल मै मोदी जी का जितना बड़ा और मुखर आलोचक हूँ उतना ही प्रशंसक भी।

वे जिस हिकमत अमली से गलत को सही और सही को गलत साबित करने में माहिर हैं, वैसा देश में आज कोई दूसरा नेता नहीं है। मोदी जी जैसा दमखम पूर्व के किसी प्रधानमंत्री में था ही नहीं। इंदिरा गाँधी में भी नहीं, जबकि वे तो तबकी भाजपा (जनसंघ) के लिए दुर्गा थीं। इंदिरा जी को भाजपा (जनसंघ) ने उदारतापूर्वक 1971 के भारत-पाक संग्राम के बाद बांग्लादेश बनवाने के लिए दुर्गा कहा गया था, कांग्रेससियों को चाहिए कि वो मोदी जी को देश को जबरन विश्वगुरु बनाने के लिए तांडव करने वाला शिव कहकर उऋण हो जाये। मोदी जी ने कांग्रेस द्वारा पिछले साढ़े छह दशक में जितना कुछ किया था, उसे एक दशक में ध्वस्त कर दिया। निर्माण और ध्वंश दो समानांतर क्रियाएं हैं, कोई देश बनाता है तो कोई देश बिगाड़ता है। मोदी जी दोनों काम एक साथ कर रहे हैं। वे अपने सपनों का देश बना रहे हैं, जिसमें उनके अलावा कोई दूसरा सुप्रीम नहीं है। फिल्म निमार्ता मनोज कुमार यदि आज अपनी कोई नई फिल्म बनाते तो उसमें गीत के बोल होते - मै उस देश का वासी हूँ, जिस देश में मोदी होते हैं इस देश को एक मोदी बना रहा है तो दस मोदी बिगाड़ रहे हैं। आज किसी भी राजनीतिक दल में, किसी सामाजिक कार्यकर्ता में इतनी क्षमता नहीं है कि वो इलेक्टोरल बांड के मामले में मोदी जी पैरवी को सुप्रीम कोर्ट कि अवमानना बताने का दुस्साहस कर सके। खुद सुप्रीम कोर्ट भी शायद मोदी जी के वक्तव्य को चुपचाप सुनकर अपमान का घूँट पीकर रह जाएगा। इलेक्टोरल बांड के समर्थन में सीना ठोंककर खड़े होना कोई आसान बात नहीं है। ये वो शौर्य है जिसके लिए मोदी जी को परमवीर चक्र दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना के कारण ही चंदे के स्त्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका।

संक्षिप्त खबरें

तीन ट्रक चालक को पुलिस ने भेजा जेल

परसा।सारण खान निरिक्षक पदाधिकारी द्वारा परसा पुलिस के सहयोग से परसा हाई स्कूल से बिना चलान व ओवर लोड लदे तीन ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया था. और खान निरिक्षक पदाधिकारी द्वारा ट्रक मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था.जिसपर कार्रवाई करते हुए तीनो चालक कक जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार चालक दरियापुर थाना क्षेत्र के हरना गाँव निवासी मंगल राय का पुत्र मंगल राय का पुत्र नरेश राय व बनवारीपुर गाँव निवासी स्व बजरंग राय का पुत्र सिकंदर राय व सिकंदर राय का पुत्र बिकास कुमार बताया जाता है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार बे बताया कज गिरफ्तार चालक को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है.

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

मशरक (सारण) लोकसभा चुनाव सहित सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटना की रोकथाम के उद्देश्य से मशरक डीएसपी अमरनाथ के निर्देश में मशरक थाना पुलिस के द्वारा महाराणा प्रताप चौंक पर वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया। डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि लोकसभा चुनाव और सड़क पर बाइक चालकों के द्वारा यातायात नियमों के अनदेखी को देखते हुए अब मशरक , तरैया, पानापुर और इसुआपुर थाना क्षेत्र में जांच में और सख्ती बरती जाएगी। बिना नंबर प्लेट वाले वाहन या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों का सड़क पर चलना मुश्किल होगा। वही अगर यातायात नियमों का पालन अगर सड़क पर वाहन चलाते नहीं दिखते है तो उन्हें जब्त किया जाएगा। पुलिस इसको लेकर विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से और निष्पक्ष मतदान के लिए मतदान केंद्र से इलाकों में लगातार गश्त किया जा रहा है । वही सीमावर्ती इलाको में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चेक पोस्ट लगाकर जांच पड़ताल की जा रही है।

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने को ले हुई बैठक

छपरा। शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा फुटपाथी विक्रेता संघ के साथ बैठक आयोजित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरपालिका चौक से थाना चौक होते हुये दरोगा राय चौक तक लगाए जा रहे फुटपाथी दुकानदारों को एक्टिविटी वाईज ड्रेस कोड निर्धारित किया जायेगा। फ्रूट वेजिटेबल के लिए ग्रीन कलर का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। जबकि फास्ट फूड के लिए पीला कलर तथा गारमेंट के लिए ब्लु कलर ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। सभी मोची को अनुमंडल कार्यालय के सामने से हटाने का आदेश दिया गया है। नए आदेश के तहत अब उन्हें महमूद चौक के पास शिफ्ट किया जाएगा। शहर के सौंदीकरण के लिए नगर आयुक्त ने शहर के बीच चौक-चौराहो के बगल में हैप्पीनेस स्थल बनाए जाने का भी आदेश कनीय अभियंता अभय कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा तथा सुमित कुमार को दिए हैं। जिसे एक सप्ताह के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी करना है। बैठक में दोनों स्वच्छता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, नगर प्रबंधक वेद प्रकाश वर्णवाल, सिटी मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, अर्चना सिंह, फुटपाथी संघ के अध्यक्ष मदन पंडित उपाध्यक्ष, बिष्णुजी तथा छोटन कुमार आदि उपस्थित थे।

मढ़ौरा में 3718 लीटर स्पीट के साथ एक पिकअप जब्त

मढ़ौरा ग्रामीण गुप्त सूचना के आधार पर मढ़ौरा पुलिस ने विक्रमपुर से एक पिकअप के साथ कुल 3718 लीटर स्पीट जप्त कर लिया। प्राप्त सूचना के अनुसार सोमवार की रात विक्रमपुर में शराब की बड़ी खेप उतारे जाने की सूचना पुलिस को मिली इसके बाद डीएसपी नरेश पासवान के नेतृत्व में मढौरा पुलिस व एएलटीएफ की टीम ने विक्रमपुर निवासी सोनू बैठ के बथान के पास छापेमारी की जहां 26 लीटर वाले मोबाइल के डब्बे में बंद करके रखे गए 22 डिब्बे बरामद हुए उसके बाद जब पुलिस ने उनकी मुर्गी फार्म पर छापामारी किया तो वहां से भी 25 डिब्बे जबकि पास में खड़ी एक पिकअप गाड़ी की जांच की गई तो उसमें करीब 96 डिब्बे कच्चा स्पिरिट बरामद किया गया। जो कुल 143 डिब्बो में 3718 लीटर था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 1 लीटर कच्चे स्पिरिट को 7 लीटर पानी मिलाकर कारोबारी देशी शराब तैयार करते हैं। यहा कच्चा स्पिरिट स्थानीय बाजार में प्रति लीटर एक हजार की दर से बिकता है और पकड़े गए इस स्पिरिट का अनुमानित मूल्य करीब 35 लाख रुपया आंका जा रहा है। डीएसपी नरेश पासवान के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी टीम में मढौरा के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, चंदेश्वरी यादव के अलावा एलटीएफ के मनीष कुमार, मंसूर आलम, बैजू शर्मा सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल थे। इस मामले में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के लिखित बयान पर शराब कारोबारी के खिलाफ एक प्राथमिक की दर्ज की गई है।

अखंड अष्टयाम के लिए निकाली गई कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

परसा।प्रखंड के दिघरा गाँव के कारीख बाबा के मंदिर परिसर में ग्रामीणों की सहयोग से आगामी 24 घंटे के लिए अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।घोड़ा, बैंड बाजा,डंके के आवाज पर मंदिर परिसर से निकाली गई कलशयात्र दिघरा,बनकेरवा बांध होते हुए परसादी गंडक नदी दियरा क्षेत्र पहुँची।जहां आचार्य और मंदिर के भक्त द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया गया।और कलश में जलभरी कराया गया।मांगलिक गीत के साथ कलशयात्रा की जत्था मंदिर परिसर पहुँची।जहां श्रद्धालुओं द्वारा माथे का कलश को मंडप में विस्थापित किया गया।विस्थापित के उरान्त आचार्य राजेश शुक्ला के नेतृत्व में मंत्रोचारण के साथ आगामी 24 घंटे के लिए अखंड अष्टयाम का शुभारंभ कराया गया।हरे राम हरे कृष्ण के अखंड मंत्र जाप से क्षेत्र का महौल भक्तिमय हो गया।कलशयात्रा में मुखिया प्रतिनिधि राजेश राय,प्रो बिमल प्रसाद,पैक्स अध्यक्ष लाल बाबू राय,बीडीसी राज किशोर साह,कामता राय,विधान राय,राघो राय,भूषण राय,बिंदु राय,नीलम देवी,सुनीता देवी, मैना देवी,गीता देवी,पूनम देवी,रेखा देवी समेत सैकड़ो महिला पुरुष किशोर किशोरी ने लाल पिला बस्त्र धारण कर बढ़ चढ़ कर भाग लिया।अखंड अष्टयाम को लेकर जिला पार्षद विनोद राय के नेतृत्व में भव्य कलशयात्रा निकाली गई।

मशरक में चाकूबाजी की घटना में 2 घायल, पुलिस जांच में जुटी

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के फरदहिया गांव में मेले मे आए युवकों के बीच चाकूबाजी की घटना में दो को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान कर्ण कुदरिया डुमरसन गांव निवासी रहमान अंसारी का पुत्र सोहेल अंसारी और अब्दुल लतीफ का पुत्र आरिफ अंसारी के रुप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है वहीं थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि चाकूबाजी की घटना में दो युवक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया वहीं मामले में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी दो युवकों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि फरदहिया गांव में पीर बाबा के मजार पर मेले का आयोजन किया गया था उसी मेले में युवकों के बीच विवाद में चाकूबाजी की घटना हुई।

मशरक थाना परिसर में भवन निर्माण कार्य में मजदूर को लगा बिजली का करंट

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक (सारण) मशरक थाना परिसर में थाना के नए भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूर को बिजली का करेंट लगने से अचेतावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया । जहां उसकी पहचान कटिहार जिले के जैरवाडी थाना के कोढ़ा प्रखंड के गंगा सागर गांव निवासी मोहम्मद अख्तर पिता मोहम्मद खली के रूप में हुई। घटना के बारे में बताया गया कि थाना परिसर में थाना के नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, उसी निर्माण कार्य में लगे मजदूर के द्वारा वाइभेटर मशीन से कार्य किया जा रहा था । उसी दौरान बिजली का करेंट लग गया, आनन-फानन में कार्य में लगे मजदूरों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

स्कूल टॉपर माने मठिया गांव के अविनाश को गोस्वामी समाज ने किया सम्मानित

एकमा।प्रखंड के माने मठिया गांव निवासी विधान सभा सचिवालय में डाटा इंट्री ऑपरेटर सरोज कुमार गिरी (मुना बाबा) व आगनबाड़ी सेविका - कान्ति देवी पुत्र एव परसागढ़ उत्तरी हाई स्कूल का छात्र अविनाश कुमार को अखिल भारतीय गोस्वामी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में 452 अंक हासिल कर अविनाश गिरि स्कूल टॉपर रहा है। अविनाश के बड़ा पापा - दशरथ गिरी ,दादा - रामेश्वर गिरी ,भाई -प्रिंस गिरी (बैंक मनेजर),अमन गिरी ,मनोरजनं गिरी ,प्रोफेसर डॉक्टर यदुवीर भारती (बौद्धिक मंच प्रवक्ता सारण जिला गोस्वामी महा सभा),सुमन गिरी (छठु गिरी ,कामता गिरी सहित समिति के सचिव),बबलू गिरी,मदन भारती ,सूर्य प्रकाश गिरी ,जयराम गिरी ,बिशाल गिरी ,अनूप गिरी ,बीरु गिरी ,चंद्र शेखर गिरी ,ब्रजेश गिरी आदि ग्रामीणों ने कहा कि अविनाश की टैलेंट से पुरा गोस्वामी समाज गौरवान्वित हुआ है।

रमजान के दावत ए इफ्तार पार्टी में अमन व शांति के लिए रोजेदारों ने नमाज पढ़कर मांगी दुआ

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा।सीमावर्ती प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत अंतर्गत खोरमपुर गांव में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया.जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों ने पहुंचकर इफ्तार किया.वहीं समाज सेवी सह डा. जियाउल हक ने बताया की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है.यह सबाब का कार्य होता है ,इस तरह का अयोजन हर वर्ष कराई जाती है. यहां बताते चले की माह- ए- रमजन का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है जिससे रोजा इफ्तार पार्टी का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है.वहीं इस दावत -ए- इफ्तार पार्टी का आयोजन में सीमावर्ती क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदार, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय सैकड़ों लोग शामिल हुए.वहीं बगल के मस्जिद में हुए अजान के बाद सभी रोजेदारों ने खजूर खाकर दावत ए इफ्तार पार्टी में सभी लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया.इफ्तार के बाद सभी रोजेदारों ने नमाज पढ़कर मुल्क की शांति व तरक्की के लिए हाथ उठा कर दुआ मांगी. इस दौरान मौजूद मौलाना ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराने से काफी सवाब मिलता है.इसलिए लोगों को चाहिए कि इस प्रकार की इफ्तार पार्टी का आयोजन कर सवाब के भागीदारी बने.इस अवसर पर डॉ. एकरामुल हक उर्फ जियाउल हक ,मो. नुरुल हक ,मो. इसरारुल हक ,मो. इसराजुल, मो. एहसानुल हक सहित सैकड़ों रोजेदार सहित अन्य लोग शामिल थे.

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी श्री अमन समीर की अध्यक्षता में आज धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। इस वर्ष सारण जिला के लिये 113248 मैट्रिक टन धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य के विरुद्ध 97023 एमटी धान की अधिप्राप्ति की गई, जो लक्ष्य का 85.67 प्रतिशत है। अधिप्राप्ति किये गये धान के समतुल्य 65975.5 एमटी सीएमआर (चावल) पैक्सों द्वारा एसएफसी के गोदाम में जमा किया जाना है। अभी तक पैक्सों द्वारा 47167 एमटी सीएमआर जमा किया गया है, जो लगभग 72 प्रतिशत है। अभी भी पैक्सों द्वारा 18808 एमटी (28 प्रतिशत) सीएमआर जमा किया जाना शेष है। जिलाधिकारी ने 15 मई तक शत प्रतिशत सीएमआर जमा कराने का स्पष्ट निदेश दिया। बताया गया कि 11 पैक्सों द्वारा एसटीआर निर्गत होने के 25 दिनों के बाद भी सीएमआर जमा नहीं किया गया है। ये पैक्स बरेजा, तुजार पुर, बनौता, भगौना नचाप, बंगरा, भलुआ बुजुर्ग, गोआ पिपरपाती, कल्याण पुर, सिताब दियारा, सोनौली एवं रामपुर अतौली हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी पैक्सों से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर एक सप्ताह के अंतर्गत सभी 11 पैक्स सीएमआर जमा नहीं करेंगे तो उन्हें डिफॉल्टर घोषित किया जायेगा।उन्होंने 15 मई तक शत प्रतिशत सीएमआर जमा कराने का स्पष्ट निदेश दिया। जमा हो रहे सीएमआर की प्रतिदिन मोनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

मढ़ौरा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 4 घर जलकर राख

मढौरा ग्रामीण। स्थानीय चंदा गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से चार लोगों की झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में जिन लोगों का घर जला उनमें मुख्य रूप से धर्मनाथ राय, वीरेंद्र राय, सिकंदर राय और जितेंद्र राय का नाम शामिल है। इस अग्निकांड में नगदी, अनाज ,तीन साइकिल सहित कुल लगभग 3 लाख की छाती होने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही अंचल पदाधिकारी ने स्थानीय कर्मचारी को जरूरी जांच के लिए घटनास्थल पर भेज दिया है। इधर इस अग्निकांड की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित परिवारों को समाचार भेजे जाने तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिल सकी थी।

भगवत प्राप्ति का साधन है कथा: गोविंद महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)। हर घर में कथाएं होगीं तो आपके बच्चे सांस्कारिक होगें।कथा जीवन की व्यथा को दूर कर देती है।भगवत प्राप्ति का साधन है कथा। उक्त बातें भागवत मर्मज्ञ गोविंद जी महाराज ने अमनौर प्रखण्ड के तकेया सूर्य मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय भागवत कथा सह विज्ञान योग शिविर में प्रवचन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि संसार माया से ओत-प्रोत है। इसके पूर्व नौ दिवसीय भागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का विधिवत उद्घाटन संत श्रीधर दास जी महाराज,संत राजेन्द्र दास,पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित,राजेन्द्र राय आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कराया।इस मौके पर पत्रकार राजेश उपाध्याय,जीतलाल राय,मुन्द्रिका प्रसाद यादव,भरत सिंह,रामजीनिश सिंह,मुरारी स्वामी आदि उपस्थित थे।मंच संचालन शिक्षक सुरेश रंजन ने किया।

परसा पुलिस ने एक युवती को बरामद कर 164 के ब्यान में भेजा

परसा।थाना क्षेत्र के मुकुंद बनौता गाँव में प्रेम प्रसंग की मामले में किशोरी की माता विजयेन्द्र राम की पत्नी बिंदु देवी ने थाना में गांव के ही उपेंद्र राम का पुत्र विक्की कुमार राम पर बहला फुसला कर शादी के नियत से अपहरण करने का आरोप लगाई है।प्राथमिकी में पूछ ताछ करने पर लड़का के पिता माता द्वारा गाली गलौज करने तथा मारपीट करने की बातें बताई है।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्रेमी युगल को गिरफ्तार कर किशोरी को 164 के बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

परसा:-विश्व शांति व जनकल्याण के उद्देश्य से भेल्दी स्थित तकेया गांव स्थित सूर्यमंदिर के प्रांगण में नव दिवसीय श्री मद भागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया।संत श्री गोविंद जी महाराज की उपस्थिति में आचार्य पंडित रमेश तिवारी ने मुख्य जजमान मिथलेश कुमार यादव व राधा देवी से श्रीमद भागवत कथा का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा पाठ के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होते ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।संत गोविंद जी महाराज ने बताया कि श्री मद भागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर एक अप्रैल से नव अप्रैल 24 तक आयोजित है।जिसमे प्रतिदिन सुबह पांच बजे से सात बजे तक लोगो को योग के बारे में जानकारी दी जाएगी।वही संध्या छ बजे से दस बजे रात्रि तक श्री मद भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। इसके पूर्व श्री श्री 108 श्रीधरदास जी महाराज ,श्री श्री राजेंद्र दास जी महाराज,संत मुरारी स्वामी,यज्ञ समिति अध्यक्ष पूर्व मुखिया रमेश राय,सचिव भरत सिंह,पूर्व प्राचार्य प्रो राम प्रवेश पंडित,बिहार ईप्टा सदस्य भाई वीरेंद्र बिहारी,राम जीनिश सिंह,प्राचार्य सुरेश रंजन,मुंद्रिका राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चौपाल के माध्यम से किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

परसा:-लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जीविका बीपीएम ब्रजेश कुमार गुप्ता ने परसा प्रखंड क्षेत्र के परसौना पंचायत के बूथ संख्या 55 पर, जहां पिछले निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम था,उन मतदाताओं दोपहर चौपाल का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शपथ दिलायी गयी।चौपाल में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित मतदाताओं से पिछले बार कम मतदान के कारणों की जानकारी प्राप्त की गई।साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे उपायों पर भी चर्चा की गई।शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी के संबंध में भी लोगों को बताया गया तथा निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध रहने की बात बताई गई तथा उपस्थित मतदाताओं से सुझाव भी प्राप्त किये गए।

जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नात्तकोत्तर गवेषणा परिषद की बैठक में कई अहम निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नात्तकोत्तर गवेषणा परिषद की बैठक आज मंगलवार को कुलपति प्रो. पर्मेन्द्र कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिषद कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। राज्यपाल सचिवालय द्वारा अनुमोदित पीएचडी नियमावली 2016 एवं संशोधित नियमावली 2018 के प्रावधानों पर विचार -विमर्श किया गया। साथ ही इन प्रावधानों को लागू करने के लिए समुचित व्यवस्था करने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर वाजपेई ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी पीएच .डी .यूजीसी के नियमों के अंतर्गत ही निर्गत होनी चाहिए अन्यथा वे डिग्री पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएचडी करने वाले किसी भी छात्र -छात्रा के साथ कोई अन्याय न हो, इसका ख्याल गाइड और अन्य सम्बंधित लोगों को रखना होगा। बैठक में विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक के अलावा आचार्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पी जी प्रथम सेमेस्टर सत्र के छात्रों को कुलपति ने पढ़ाया क्वांटम फिजिक्स

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। मंगलवार को जेपीयू के कुलपति एक शिक्षक के शिक्षक की भूमिका में नजर आए। कुलपति प्रो.पर्मेन्द्र कुमार बाजपेयी स्नात्तकोत्तर विभाग पहुंचे। इस दौरान कुलपति स्नात्तकोत्तर भौतिक विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राओं के बीच पहुंचे। वहां वे शिक्षक की भूमिका में दिखे । उन्होंने प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राओं को क्वाइंटम फिजिक्स का पाठ पढ़ाया। कुलपति ने क्वांटम फिजिक्स की बेसिक जानकारी के साथ ही सरल तरीके से इस विषयक कई गूढ बातों को भी विद्यार्थियों को समझाया। स्नात्तकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने काफी मनोयोग से कुलपति के व्याख्यान को सुना और काफी खुश दिखे। कुलपति ने कल भी जयप्रकाश विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग मे वर्ग लेने के लिए सहमति प्रदान किया है। वे शीघ्र ही विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में रिसर्च मेथडोलोजी पर वर्ग लेने की भी सहमति दिए है जिसमें सभी विषय के शोध छात्र सम्मिलित हो सकेंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर महेंद्र सिंह अध्यक्ष स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग ,प्रोफेसर अच्युतानंद सिंह ,प्रोफेसर रबीन्द्र कुमार सिंह अध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग ,प्रोफेसर उदय अरविंद पूर्व डीन,प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद मौजूद थे।

देशी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

परसा। पुलिस ने देशी कट्टा लहराते वीडियो के साक्ष्य के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के बाजीतपुर निवासी वीरेंद्र सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह बताया जाता है।घटना के संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आर्म्स लहराने के मामला में युवक को गिरफ्तार किया गया।जिसके पास से एक देशी कट्टा,कट्टा में लोडेड एक कारतूस,दाहिने पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।इसके अलावे युवक पर बाजीतपुर गाँव में गत दिनों हुई चोरी में नामजद है।गिरफ्तार युवक को मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

सारण के विकास की जो बात करेगा, सारण विकास मंच उसी के साथ रहेगा : शैलेंद्र प्रताप सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले 20 सालों में सारण के विकास के लिए किसी राजनेता ने कुछ भी ऐसा नहीं किया है, जिससे सारण के आधारभूत संरचना का विकास हो सके। सारण की जनता आज तमाम मोर्चों पर त्रस्त है लेकिन जनप्रतिनिधियों के साथ सरकारों ने सारण को इग्नोर किया है। लोक सभा चुनाव के मद्दे नजर प्रेस वार्ता करते हुये मंच के संयोजक श्री सिंह ने कहा कि सारण के मढ़ौरा में चीनी मिल बंद हुई और आज भी बंद ही है। 10 सालों से केंद्र में भाजपा की सरकार है और सारण की जनता ने पिछले 10 सालों से भाजपा के सांसद को ही जिताया। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बाद बावजूद भी इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी इस पर ध्यान नहीं है। यह सारण की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में जिस विकास की बात बिहार में सत्तारुढ़ दल करते रहे हैं, उसमें सारण कहीं से भी शामिल नहीं है। राज्य सरकार का ध्यान पूरी तरह पटना के अलावा सिर्फ नालंदा तक सीमित है। तमाम बड़े प्रोजेक्ट्स को पटना के बाद नालंदा भेजा गया। जबकि पटना से सटे सारण को कोई सुविधा नहीं मिली। बिहार में विकास का पैमाना क्षेत्रवाद के आधार पर भेदभावपूर्ण हो जाता है और इसी भेदभाव में सारण को दरकिनार कर दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि सारण की भूमि देवभूमि है लेकिन यहां की जनता को जनप्रतिनिधियों ने ठगा है, सरकारों ने सारण की जनता के साथ विश्वासघात किया है। हरिहरक्षेत्र पशु मेला पूरे विश्व का सबसे बड़ा पशु मेला था लेकिन भेदभाव वाली नीतियों के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच तो दूर राष्ट्रीय फलक पर भी अब इसका कोई नामलेवा नहीं बचा। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सारण की जनता का अब एक ही नारा है और वो यह है कि जो सारण के विकास की बात करेगा, हम उसी का साथ देंगे। सारण विकास मंच सारण की जनता के इस भावना के साथ आखिरी दम तक खड़ा रहेगा, चाहे वो लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव इसमें मुख्य रूप से सरन विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रमुख धर्मवीर सिंह बीकू जिला परिषद छविनाथ सिंह जी, छात्र नेता राजकुमार जी छात्र नेता अभिषेक यादव जी इत्यादि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आर्थिक हल युवाओं को बल निश्चय की योजनाओं की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को आर्थिक हल युवाओं को बल निश्चय के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की समीक्षा की गई।बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड कार्ड योजना के तहत विगत वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के विरुद्ध 72.28 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। जिलाधिकारी ने इस पर काफी नाराजगी व्यक्त किया। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के लिये प्राप्त वार्षिक लक्ष्य के आधार पर माहवार लक्ष्य निर्धारित करने को कहा गया। विभिन्न कोर्स के आधार पर कार्य योजना तैयार कर शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों की जाँच में 748 अपात्र लाभुक पाये गये थे। इनसे प्राप्त भत्ता की राशि की वसूली की जा रही है। अभी तक 33 लाभुकों से 2 लाख 6 हजार रुपये की वसूली की गई है शेष अपात्र लाभुकों से भी राशि की वसूली सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस योजना के लाभुकों के पात्रता की नियमित रूप से जाँच करने को कहा गया।कुशल युवा कार्यक्रम के लिये निर्धारित वार्षिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत उपलब्धि अप्रैल, मई एवं जून माह में प्राप्त करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई का निदेश दिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, प्रबंधक डीआरसीसी, जिला नियोजन पदाधिकारी एवं सभी सहायक प्रबंधक उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

लिपिक के मां का मनाया गया श्राद्धकर्म

नासरीगंज (रोहतास) मंगलवार को नगर क्षेत्र के उच्च विद्यालय के लिपिक आनंद कुमार के मां का लोगों ने श्राद्धकर्म मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विमला कुंवर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। बताया जाता है कि लिपिक के मां का विगत 20 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था। जिनके निधन पर प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक, विभिन्न दलों के नेता, समाजिक कार्यकर्ता सहित आमजन में शोक की लहर दौड़ गयी। मौके पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, शिक्षक अजित सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबू, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डा. अमरेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक कन्हैया सिंह, कुश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

वार्ड 7 में चौपाल लगाकर बीडीओ व सीडीपीओ ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

कैमूर। भभुआ वार्ड 7 में रात्रि में चौपाल लगाकर बीडीओ शशिकांत कुमार एवं सीडीपीओ सरिता रानी ने आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता को इसलिए बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि लोग मतदान के दिन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपने वोट में भागीदारी बनेंगे। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया गया कि किसी की बहकावे में या किसी के प्रलोभन में आकर मतदान नहीं करेंगे। अपने स्वेक्षा पूर्वक अच्छे प्रत्याशी को चुनकर देश के विकास के लिए अपना मत का प्रयोग करेंगे। इसके बाद मतदाता जागरूकता को लेकर चौपाल में उपस्थित लोगों के बीच शपथ भी दिलाया गया है।

आरा में अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटी, चालक जख्मी

आरा। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के बड़का गांव पुल के समीप मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद गजराजगंज थाना गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गजराजगंज थाना क्षेत्र के महतवनिया गांव निवासी देव किशुन यादव का 25 वर्षीय पुत्र नागेंद्र कुमार है एवं वह पेशे से ई-रिक्शा चालक है। इधर जख्मी चालक नागेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से खाली ई-रिक्शा लेकर आरा रहा था। उसी दौरान बड़का गांव पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो ने उसे चकमा दे दिया। जिसके कारण अनियंत्रित होकर उसकी ई-रिक्शा पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद गजराजगंज गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

पुलिस ने शराब के साथ गाड़ी किया जब्त

चांद। पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब के साथ कार जब्त किया। पुलिस को सूचना मिली की मारुति अर्टिगा का में शराब लेकर उत्तर प्रदेश से बिहार में प्रवेश कर रहा है। पुलिस ने शराब कारोबारी को पकड़ने के लिए नाकेबंदी की पुलिस ने मंगलवार को दोपहर कोनहरा गांव के सामने अर्टिगा काय में 5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। कार चला रहे चालक आदेश श्रीवास्तव पिता दरोगा लाल श्रीवास्तव गांव मैनपुर थाना बबुरी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी मो इरफान रजा ने कहा उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार में आ रहा था। पुलिस ने शराब बरामद कर गाड़ी जब्त कर लिया।

महादलित बस्ती पजरांव में मतदाताओं को जागरूक करते पंचायत सचिव

नुआंव प्रखंड अंतर्गत पजरांव महादलित टोला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर के निर्देशानुसार पजरांव महादलित बस्ती में मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करते पंचायत सचिव पजरांव यमुना राम ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव 2024 में सभी मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग करें जाति धर्म लोभ लालच भेदभाव से ऊपर उठकर अपने मतदान कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी जहां दर्जनों की संख्या में मतदाता उपस्थित रहे।

भोजपुर समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भोजपुर समाहरणालय परिसर से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया*। इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती हीना सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग और जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अमित कुमार सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्विद्यालय स्मानवायक साधना रावत ने रवाना किया। रैली भोजपुर भोजपुर समाहरणालय के मुख्य परिसर से विभिन्न मार्गो से होते हुए, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के डाक्टर राधा कृष्ण सभागार में समाप्त हुआ इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती हीना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 1 जुलाई को अपना मतदान जरूर करें। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा की है। मतदान का दिन भारत के सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भारत के सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है। मतदान एक नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। इसलिए, सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए। इस रैली को सफल बनाने में लिपिक प्रभाकर कुमार ,अमानत हुसैन स्वीप कोषांग भोजपुर और सभी महाविद्यालय के चुने गए कैंपस एंबेसडर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के अमियावर स्थित पवित्र रमजान महीने के अवसर पर सोमवार की शाम जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष जहूर अंसारी के नेतृत्व में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर व्यवस्थापक मो. मुस्तफा के द्वारा इफ्तार पार्टी में उपस्थित होने वाले अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोजेदारों समेत अन्य लोगों ने इस तरह के आयोजन को सांप्रदायिक सौहार्द के लिए एक अच्छी पहल बताया। इस अवसर पर हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों,एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति सुनिशचित कर गंगा जमुनी तहजीब को चरितार्थ किया। सभी ने इफ्तार में परोसे गये लजीज व्यंजन का आनंद उठाया और रोजा खोला। इफ्तार में इफ्तार के टेबल को खुजुर समेत विभिन्न प्रकार के फल,एवं पकवान,व पेय पदार्थ से सुसज्जित किया गया था। मौके पर वीआईपी के प्रदेश सचिव गांधी चौधरी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक,सरपंच अपूर्व श्रीवास्तव,पूर्व राजद जिला अध्यक्ष प्रवेज आलम, मास्टर मो.उजैर, मो. इश्तेयाक,पूर्व मुखिया सुनिल कुमार सिंह, कारी नूरुल होदा, जितेंद्र सिंह, सफदर अंसारी, छोटू मिस्त्री, पूर्व लिपिक मो.ताज, मुन्ना खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बाल मजदूरी के लिए ले जा रहे 06 बच्चों को आरपीएफ ने छुड़ाया, एक गिरफ्तार, पूछताछ जारी

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास (बिहार)। खबर बिहार के रोहतास जिले से है जहां सासाराम रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने बाल मजदूरी के लिए ले जा रहे 06 नाबालिक बच्चों को बरामद किया है। मामले में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह आरपीएफ की टीम सासाराम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गश्त कर रही थी।

इसी दौरान प्लेटफार्म पर 6 नाबालिग बच्चों को एक व्यक्ति के साथ संदिग्ध स्थिति में देखा गया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि सभी बच्चों को गुजरात की एक फैक्ट्री में मजदूरी कराने हेतु ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी नाबालिग बच्चे औरंगाबाद जिले के निवासी हैं। जिन्हें बहला-फुसलाकर कर ले जाया जा रहा था तथा गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ चल रही है। बताते चले की बिहार और झारखंड से बड़ी संख्या में दलाल बाल मजदूरी के लिए गाँव के गरीब नाबालिक बच्चों को देश के विभिन्न राज्यों में बाल मजदूरी करने के लिए ले जाते हैं इसके पूर्व में भी रोहतास जिले के डेहरी और सासाराम से बाल मजदूरों को एनजीओ की मदद से आरपीएफ द्वारा नाबालिक बच्चों को दलालों के चंगुल से छुड़ाया जा चुका है।

चकबंदी अमीन के निधन पर शोकसभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) प्रखंड सह अंचल चकबंदी कार्यालय अमीन के धनंजय कुमार सिंह का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गई। जिसके निधन से पूरे प्रखंड कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। निधन पर चकबंदी के बड़ाबाबू राम लडडू चंद्रवंशी के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अमीन दिवंगत आत्मा के शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। मृतक अमीन धनंजय कटिहार जिले के बरारी प्रखण्ड के दुगार्पुर निवासी था। जो स्थानीय चकबंदी कार्यालय में अमीन के पद पर कार्यरत थे। वह विगत सात माह से ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। जिनका इलाज के क्रम में सोमवार को निधन हो गया। शोकसभा में बीडीओ मो.जफर इमाम, अंचल नाजिर श्रीभगवान सिंह, प्रखण्ड नाजिर संजय कुमार, नागेंद्र कुमार, अमीन शेर अफजल अहमद, अबुजर आलम, अशरफ अली, नागेंद्र कुमार, श्रीभगवान कुमार, सुदामा कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

रसोईयां के क्षमता संवर्धन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड स्थित गौरी शंकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मध्यान भोजन के तहत स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन के निर्माण व वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बीईओ अफरोज आलम की मौजदूगी में एमडीएम प्रभारी शिव शंकर राम व शिक्षक मंडल के द्वारा मध्यान भोजन निर्माण के पूर्व रसोईया के स्वयं की स्वच्छता,किचन शेड व बर्तनों की साफ-सफाई से संबंधित अनेक आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरो ने मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन व संचालन में गुणवत्ता के लिए क्षमता संवर्धन की तकनीकी जानकारी दी। विद्यालय में मिलने वाले पोषक तत्व युक्त फोर्टिफाइड चावल के बनाने के अलावे गैस चूल्हे पर बनने वाले खाने में सावधानी व सिलेंडर से होने वाले दुर्घटना से बचाव की विधवत जानकारी दी गई।

जनप्रतिनिधि आचार संहिता की उड़ा रहें धज्जियां

निजी वाहनों पर ध्वनि रहित चोंगा बांध कार्यालय परिसर में घूम रहे सरेआम

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 16 मार्च से ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसके बावजूद काराकाट लोकसभा क्षेत्र में आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन होते नजर आ रहा है। वाहनों पर अभी भी जनप्रतिनिधि ध्वनि रहित चोंगा सहित अपने पदनाम लिखे नेम प्लेट आदि के साथ वाहन सड़कों पर दे दना दन दौड़ा रहे हैं। जिस संदर्भ में काराकाट प्रखंड के संबंधित अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी कार्रवाई करने से पीछे हट रहे है। इसी की पड़ताल करने जब काराकाट प्रखंड मुख्यालय पहुंचा गया तो हालात बेहद ही चौंकाने वाले थे। जहां देखा गया की अधिकारियों के कार्यालय के गेट के सामने ही कई जनप्रतिनिधियों की वाहन खड़ी थी, जिसपर चोंगा और पदनाम लिखे नेम प्लेट लगी हुई थी। फिरभि अधिकारी मैन होकर सबकुछ अपने आंखो से देखते हुए भी अंजान बने हुए है। और आदर्श आचार संहिता की धजिया उड़ा रहे हैं। जनप्रतिनिधि खुद जिन गाड़ियों घूमते है उसपर पदनाम व चोंगा बांध बेधड़क होकर घूम रहे है और आचार संहिता का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि आदर्श आचार संहिता लागू हुए 16 दिन हो चुके हैं, लेकिन काराकाट के अधिकारी व पुलिस नियम का कड़ाई से पालन नहीं करवा पा रही है। जिस वजह से जनप्रतिनिधि बेधड़क आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। और चार पहिया वाहनों पर चोंगा और पदनाम लिखे नेम प्लेट लगा कर घूमते साफ नजर आ रहे हैं। जब इस संबंध में काराकाट अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार से जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा की हमारे संज्ञान में नहीं था अभी पता चला मैं जांच कर सभी के ऊपर उचित करवाई करेंगे ।

वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास): नटवार रोड स्थित मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल का मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्या जेबा खान ने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए बच्चों अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने सबको जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने एवं पुरजोर मेहनत करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर आराध्या ने ह्यकश्मीर मांगोगे तो चीर देंगेह्व सुनाई। अंशिका शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। उसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा अष्टम तक के सभी बच्चों का परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें कक्षा नर्सरी में जाकरीन, आयुष रंजन और राज गोविंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी में अंकुश कुमार, अर्श खान और लक्ष्मी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी में अंश कुमार, दर्पण कुमारी और शिवम कुमार ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा वन में शुभम कुमार, साकृति कुमारी और रागिनी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा टू में मंतशा आफताब, रागिनी कुमारी और तस्लीम कुरैशी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा श्री में जश्मी कुमारी, रागिनी कुमारी और पल्लवी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा फोर में आयुषी कुमारी, मो. जैफ और लक्की आलम ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा फाइव में प्रतिमा कुमारी, मो.अब्दुल्लाह और श्रिया सिंह ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सिक्स में अंशिका कुमारी, कहकशां नूर और रहनुमा आफताब ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सेवन में सोनम कुमारी, दीपू कुमार और रानी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ में सोनू कुमार, आमिर नवाज और खुशी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 90.57 प्रतिशत अंक लाकर शुभम कुमार स्कूल टॉपर रहे। सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्रा सोनम कुमारी रही। बेस्ट बॉय ऑफ द ईयर का अवार्ड दीपू कुमार को मिला।

भोजपुर में बाइक से गिरकर महिला जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव में बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला बड़हरा थाना क्षेत्र के राम शहर गांव निवासी चंद्रशेखर राम की पत्नी मंजू देवी है। इधर जख्मी महिला के बेटे मनीष ने बताया कि वह अपनी मां मंजू देवी व चचेरे भाई सिकंदर के साथ बाइक से राम शहर से पटना जा रहा था। उसी दौरान दुर्जनचक गांव के समीप उसकी मां अचानक गस्ती खाकर बाइक से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। हादसे जख्मी महिला को सिर में काफी गंभीर चोटे आई है।

मैट्रिक में रौशन ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लहराया परचम

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट आते ही 90.6 प्रतिशत अंक लाकर छात्र रौशन ने प्रखंड में परचम लहराए। जिसकी सफलता पर उसके परिजनों में खुशी लहर दौड़ गई। जिसको बधाई देने वाले का उसके घरों में तांता लग रहा। बताया जाता हुए कि वह नोखा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठिया में अपना पठन पाठन करता था। जो थाना क्षेत्र के गगहर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र हैं। जिसने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने गांव सहित प्रखंड का नाम रौशन कुमार कर दिखाया। जिसका श्रेय उसने माता-पिता सहित शिक्षकों को दिया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों का निरीक्षण

शिवसागर (रोहतास) आगामी लोकसभा के मद्देनजर सोमवार को स्थानीय थाना प्रभारी राकेश गोसाई ने थाना क्षेत्र के दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बूथ पर मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इसमें मुख्य रूप से भवन, पेयजल, शौचालय व चारदिवारी की स्थिति सहित कई अन्य बातों की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बम्हौर, प्राथमिक विद्यालय गिरधारिया, दुर्गा उच्च विद्यालय शिवसागर, मध्य विद्यालय किरहिंडी, मौनी सहित कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राकेश गोसाई से पूछने पर उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी बूथों की जानकारी वरीय पदाधिकारी को समर्पित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के पूर्व जहां भी कोई कमी है उसे हर हाल में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होने वहां पर मौजूद भौतिक सुविधाओं को भी देखा, जो एक बूथ के लिए पर्याप्त हैं या नहीं हैं। इसी प्रकार पूरे जनपद में बूथों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा आगे भी निरीक्षण लगातार चलते रहेंगे। ताकि मतदान सुचारु रुप से संपन्न कराया जा सके।

भोजपुर में पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव स्थित गेहूं के खेत में पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह खेत में गेहूं काट रहे बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसमें पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र ने आरा शहर के निजी अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी 65 वर्षीय रामाधार सिंह एवं 30 वर्षीय उनका पुत्र मुकेश कुमार शामिल है। वहीं घटना की सूचना पाकर एएसपी परिचय कुमार आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस ने शवो को अपने कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर बाप-बेटे के शव को गांव के मेंन रोड पर सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया। मृतक के आक्रोशित परिजनों द्वारा कुछ देर तक सड़क जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लगी रही और आवागमन पूरी तरह तप रहा। वहीं सड़क जाम की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा बूझकर जाम को हटवाया।

इधर मृतक रामाधार सिंह के बेटे जगेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 से ही आरोपी पक्ष के लोगों से दो कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की सुबह जब उसके पिता रामाधार सिंह और बड़े भाई मुकेश कुमार गांव में स्थित खेत में गेहूं काट रहे थे। तभी आरोपी पक्ष के लोग हथियार से लैस होकर वहां धमके और ताबड़तोड़ गोली मारकर उसके पिता और भाई की हत्या कर दी। वहीं दूसरी तरफ मृतक के बेटे जगेश कुमार ने गांव के ही विनोद यादव,उसके पुत्र अमन कुमार,चमन कुमार,पिता चंद्रमा सिंह,धर्मेंद्र यादव एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर पूर्व के दो कट्ठा जमीन के विवाद को लेकर अपने पिता व भाई की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर घटना के बाद एसपी प्रमोद कुमार नेतृत्व में एएसपी परिचय कुमार,उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव सहित आधा दर्जन थाना के पुलिसकर्मियों के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रघुनीपुर गांव में घेराबंदी की गई।

जिसमें घेराबंदी के दौरान सभी आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे और आरोपियों द्वारा पुलिस पर लगातार फायरिंग की जाने लगी। जिसके पश्चात जब पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में उन पर फायरिंग की तो फायरिंग के दौरान दो आरोपियों को गोली लग गई। जिसके बाद जख्मी दोनों आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पुलिस अभीरक्षा में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जबकि अन्य आरोपी वहां से भाग निकले। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार गोली से जख्मी आरोपियों में उसी थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी स्व.ललन सिंह का 35 वर्षीय पुत्र जज कुमार एवं चंद्रमा सिंह का 50 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार शामिल है एवं दोनों रिश्ते में चचेरे भाई लगते है। इसमें जख्मी विनोद कुमार को दाहिने जांघ में एवं जख्मी जज कुमार को दाहिने साइड कमर के निचले हिस्से में गोली लगी है।

वहीं इस मामले में इसकी प्रमोद कुमार ने बताया कि उदवंतनगर,संदेश,पवना, अजीमाबाद एवं चांदी थाना सहित अन्य पुलिस बाल के साथ हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की आरोपी भाग रहे है। तभी उनकी गिरफ्तारी को लेकर घेराबंदी की तो यह लोग भागने लगे और बेलाउर गांव के बगल के गांव के बधार क्षेत्र पहुंच गए। जब हमलोगों ने वहां भी घेराबंदी की तो ये लोग पुलिस पर क्रॉस फायरिंग करने लगे। इनलोगों द्वारा पुलिस पर काफी फायरिंग की गई। लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी के साथ कोई हताहत नहीं हुई। लेकिन जब पुलिस द्वारा बचाव के क्रम में फायरिंग की गई तो गोली लगने से दो क्रिमिनल जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है और यहां पर स्थित बिल्कुल सामान्य है। वहीं एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं हो पाई है की कितनी राउंड फायरिंग की गई है। लेकिन कुछ पुलिस जवान द्वारा बताया गया कि क्रिमिनल के द्वारा करीब बीस राउंड से अधिक फायरिंग की गई है। जिसके जवाब में हमारी पुलिस टीम ने भी कई राउंड फायरिंग की है। उन्होंने बताया कि क्रिमिनलों के पास लगभग पचास से सौ कारतूस होंगे। जिसके कारण वह पुलिस पर लगातार फायरिंग कर रहे थे और भागने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हमारे टीम ने काफी अच्छा काम किया है और दोनों आरोपियों को धर दबोचा है। बताया जाता है कि मृतक रामाधार सिंह के परिवार में पत्नी सुनैना देवी,तीन पुत्र जगेश,भजेंद्र, फागुन व तीन पुत्री धनवंती देवी,मानो देवी एवं सिकांती देवी है। जबकि मृतक मुकेश कुमार अपने चार भाई व तीन बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुनैना देवी,पत्नी बेबी देवी व दो पुत्री प्रीती,कृति एवं एक पुत्र शिवम है। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया है।

मारपीट और सड़क जाम दो मामले में विशेष न्यायालय से काराकाट के पूर्व विधायक हुए रिहा

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज थाना में मारपीट और सड़क जाम के दर्ज मामले में एमपी, एम एल ए न्यायालय सासाराम के विशेष न्यायाधीश ने काराकाट के पूर्व विधायक संजय यादव सहित सभी चार आरोपियों को मंगलवार को रिहा कर दिया। न्यायालय में जीआर जी आर संख्या झ1147/2010 और जी आर संख्या झ 1407/2010 में माननीय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी उमेश राय (विशेष न्यायाधीश एम. पी., एम. एल. ए. न्यायलय) ने सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ओमजीत सिंह और लोक अभियोजक की दलीलें सुनने के बाद दोनों मामलों में साक्ष्य के आभाव में रिहा कर दिया। 13 वर्ष बाद आई न्यायालय के इस फैसले पर पूर्व विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह न्याय की जीत है। हमेशा सत्य की जीत हुई है और इस बार भी सत्य की जीत हुई है। उन्होंने ने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करते रहा हूं। और हमेशा करता रहूंगा। विरोधी मेरे मनोबल को तोड़ने के लिए झूठा आरोप लगाया था। लेकिन उनकी साजिश बेनकाब हो गई है। मालुम हो कि इन दोनों मामले में पूर्व विधायक के साथ बिक्रमगंज निवासी मुन्ना सिंह, विनय सिंह, रवि सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। विधायक के साथ हीं सभी आरोपियों को रिहा कर दिया गया है।

दूध बिक्रेता का बेटा मैट्रिक में बना प्रखंड टॉपर

काराकाट (रोहतास) बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. बिहार बोर्ड 10वीं में शिवांकर कुमार ने टॉप किया है। इस बार मैट्रिक में कुल 82.91 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। परीक्षा 15 से 23 फरवरी तक हुई थी। बिहार बोर्ड ने 10वीं रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। जिसमे काराकाट प्रखंड क्षेत्र के बाई डिहारी निवासी सुजीत कुमार ने प्रखंड में टॉप किया है। तो वही नगर पंचायत काराकाट के वार्ड आठ के निवासी देव प्रकाश कुमार ने दूसरे स्थान प्राप्त की। 10वीं बोर्ड परीक्षा में 16 लाख 64 हजार 252 विद्यार्थियों में 13 लाख 79542 उत्तीर्ण हुए हैं। बता दे की प्रखंड टॉपर रहे सुजीत के पिता सुरेश सिंह दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। सुजीत के पिता ने कहा की हम बहुत ही गरीब परिवार से आते है किसी तरह दूध बेचकर अपने बेटा और बेटी की पढ़ाई कराते है। बेटा और बेटी ने प्रखंड में मेरा नाम रौशन किया जिससे हम पूरा परिवार खुश है। आस-पास के लोग खुशी जाहिर करने व बधाई देने हमारे घर आ रहे है जिससे हम पूरा परिवार प्रफुलित है। वही सेवानिवृत प्रधानाधापिका देवांति देवी सुजीत के घर जाकर मिढ़ाई खिलाते हुए उज्वल भविष्य का कामना कर बधाई दी।

संक्षिप्त खबरें

खलिहान में लगी आग, 30 बीघा का पुआल जलकर खाक

अरवल। खलिहान में आग लगने से 30 बीघा का पुआल जलकर हुआ खाके अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र के बेलाव गांव स्थित आहार के समीप खलिहान में रखे 30 बीघा का पुआल जलकर खाक हो गया है जानकारी के मुताबिक के खलिहान में बेलाव गाँव निवासी शिव यादव 25 बीघा एवं राजेंद्र चौधरी का 5 बीघा का पुआल रखा हुआ था जो दोनों किसान का पुआल आग लगने के कारण लगभग 30 बीघा का पुआल जलकर खाक हो गया है इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग की टीम को दी सूचना के उपरांत अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुँच कर आग बुझाया एवं स्थानीय ग्रामीण भी आग बुझाने में मदद किया हालांकि तेज पछुआ हवा के कारण आग लपेटा इतना तेज थी कि आग बुझाने में लोगों को काफी कठिनाई हो रही थी किसी तरह आग पर काबू पाया गया हालांकि थोड़ा देर के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गयाइस आग लगी की घटना से किसान को काफी नुकसान पहुंचा है इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मदद करने की गुहार लगाई है आग कैसे लगी है इससे बारे में जानकारी किसी को पता नहीं चल पाया है।

वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ मतदान सुविधा के लिए डीएम को सौंपा पत्र

औरंगाबाद। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों को सुगमतापूर्वक मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपा गया। पत्र में राष्ट्रीय महासचिव रामायण पाण्डेय एलीन ने कहा है की निर्वाचन आयोग द्वारा 85 साल उम्र से ऊपर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को बताने पर उनके घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है लेकिन पिछले कई चुनावों में प्रायः यह देखने को मिला है कि वैसे वरिष्ठ नागरिक घर पर ही इंतजार करते रह गए लेकिन कोई मतदानकर्मी उनके घर पर नहीं पहुंच सका जिससे वे मतदान से वंचित रह गए। वहीं दूसरी ओर 65 साल उम्र के ऊपर वाले कई बुजुर्ग बिमारी या अन्य कारणों से चलने-फिरने, खड़ा होने में असमर्थ रहते है। श्री एलीन ने 19 अप्रैल को जिले में होने वाले वोटिंग में 80 से ऊपर वाले बुजुर्गों के लिए घर पर मतदान की सुविधा सुनिश्चित कराने तथा 65 से 80 उम्र के बुजुर्गों के लिए मतदान केंद्रों तक आने जाने एवं ज्यादा देर बिना लाइन में खड़े हुए मतदान करने की विशेष सुविधा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग किया है।

घर गिरने से बाल बाल बचे परिवार

नोखा (रोहतास) नगर परिषद नोखा के वार्ड नंबर 23 लालगंज में एक कच्चा मकान गिर गया। जिसमे घर रहे लोग बाल बाल बचे। यह घर सुनील चौधरी की बताई जा रही है। घटना की जानकारी देते हुए सुनील चौधरी की पत्नी मिंटा देवी ने बताया कि बकरी और बच्चे रह रहे थे। रविवार की रात्रि को यह घर गिर गई। किसी तरीके से परिवार बाल बाल बचा। वहीं ग्रामीण रवि कुमार, टुनटुन चौधरी ने बीपीएल परिवार को आवास योजना के तहत लाभ देने के लिए मांग की है।

महिला शराब कारोबारी को जेल

चेनारी (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आठ लीटर देसी महुआ निर्मित शराब को बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने एक महिला शराब के कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिंहपुर गांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों से चल रही है, मिली सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गांव में पहुंची और छापेमारी करना शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आठ लीटर देसी महुआ निर्मित शराब के साथ एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रंजन कुमार के ने बताया कि आठ लीटर देसी महुआ निर्मित शराब के साथ सिंहपुर गांव निवासी श्याम सुंदर पासी की पत्नी रिंकू देवी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उक्त शराब के कारोबारी पर शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश करने के लिए सासाराम न्यायालय में भेज दिया गया है।

खेत में आग लगने से सरसों का फसल जलकर खाक

कोचस (रोहतास) थाना क्षेत्र के खैरा गांव में अचानक किसान के खलिहान में अचानक लगी आग से एक बीघा सरसों का ढेर जलकर खाक हो ले पीड़ित किसान सरोज कुमार यादव ने बताया कि दोपहर में अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं बुझ पाई है घटना के लिए शिकायत स्थानीय पदाधिकारी से किया है। किसान ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई घर के सभी सदस्य दोपहर में घर में विश्राम कर रहे थे कि के खलिहान में अचानक आग की लपटे उठने लगी लोगों ने जल विलाने लगे जब तक लोग पहुंचते सब सरसों जल कर राख हो गया था।

लोस चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले का मतदान से संबंधित लोगों ने विमोचन किया

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले का मतदान से संबंधित लोगो का विमोचन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोगो के बारे बताया गया कि यह लोगो जिले के समाज के सभी वर्गो को दशार्ता है। साथ ही अरवल में अबतक के हुए विकास कार्यो को भी परिलक्षित करता है। यह लोगो मतदान एवं जिले की महत्ता के समावेशी स्वरूप को प्रदर्शित करता है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक जिम्मेवार समाज की यह पहचान है कि वह अपनी पुरानी धरोहर को साथ रखते हुए विकास के रथ पर आरूढ़ रहता है एवं इतिहास से सीख लेते हुए अपने भविष्य का निर्माण करता है। यह लोगो किसानों की मेहनत को भी दशार्ता है एवं आने वाली पीढ़ी के शिक्षा को भी। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा चुनाव का टैग लाईन भी मीडिया कर्मियों के साथ साझा किया गया।

अरवल ने यह ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। उनके द्वारा बताया कि जिले में 251 बूथ लो-वीटीआर वाले हैं, जिसमें स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाता प्रतिशत को बढ़ाया जा रहा है। महिला एवं नये युवा वोटरों को विशेष गतिविधियों से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में लो-वीटीआर रहने का एक मुख्य कारण लोगों का प्रवास करना है। इस क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि प्रवासी लोगों को जिले में चिन्हित करते हुए कन्ट्रॉल रूम से कॉल किया जा रहा है तथा ई-पोस्टकार्ड भेजने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने परिवार के वैसे लोग जो बाहर रह रहें है उन्हें मतदान के दिन बुलाएँ एवं अवश्य मतदान करायें। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अपर समाहर्ता के साथ विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने एमसीएमसी कमिटी के सदस्यों के साथ समीक्षात्मक किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में एमसीएमसी कमिटी के सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चलने वाले सभी विज्ञापनों पर विशेष नजर रखी जाए एवं बिना सत्यापन के विज्ञापन प्रकाशित न हो इसका ध्यान रखा जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि प्रिंट मीडिया की जाँच परख प्रतिदिन अच्छी तरीके से की जाए एवं फेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ऐसी सभी खबरों की सूचना त्वरित रूप से उन्हें उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में भू अर्जन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

रामनवमी पूजा समिति समदस्यों के साथ सिटी एसपी व एसडीएम ने किया बैठक

17 अप्रैल रामनवमी के दिन ही निकाला जाए जुलूस

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।रामनवमी पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ मंगलवार को गया जिला अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था डॉक्टर शशि शेखर, एसपी सिटी प्रेरणा कुमार के नेतृत्व में रामनवमी पूजा कमेटी एवम पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।उक्त बैठक के दौरान सदस्यों को यह कहा गया कि निर्धारित समय पर ही कार्यक्रम को समाप्त किया जाए साथ ही डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, चुनाव को लेकर एमसीसी व धारा 144 लागू है, उसका भी ख्याल रखते हुए कार्यक्रम को 17 अप्रैल को ही यानी रामनवमी के दिन ही जुलूस को समाप्त करने की आग्रह पूजा समिति के सदस्यों के साथ किया गया है। वहीं बैठक के दौरान आचार संहिता लागू है और 19 अप्रैल को वोटिंग भी किया जाना है,विधि व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम को निर्धारित समय पर खत्म करने की बात कही गई। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आदेश को पालन करते हुए आदर्श आदर्श आचार सहित का उलंघन नही करे। वही जुलुश को लेकर विधि व्यवस्था दुरुस्त रखा जाएगा और 17 अप्रैल को ही जुलूस शहर में निकलने की बात गया एसपी सिटी प्रेरणा कुमार के द्वारा कमेटी के सदस्यों से अनुरोध करते हुए निकालने की बात कही गई है। उक्त बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ,एएसपी डॉ के रामदास, शेरघाटी थानाध्यक्ष सह आईपीएस शिवम धाकड़ के अलावा इमामगंज डीएसपी अमित कुमार,डोभी डीएसपी एसके प्रभाकर के अलावा शेरघाटी अंचलाधिकारी उषा कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, समेत अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड से आए प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी थानाध्यक्ष के अलावा रामनवमी पूजा समिति के सदस्य दीनानाथ पांडे,गुड्डू पांडे,गुगन सिंह, डब्लू कुमार,लाल बहादुर शास्त्री समेत कई लोग उपस्थित रहे, वही बातचीत के दौरान पदाधिकारी ने बताया कि जुलूस निकालने के पहले अनुमंडल स्तर से लोडस्पीकर एवं जुलूस का लाइसेंस अनुमंडल स्तर से लेना होगा, इसके पूर्व थाना में सारी रिपोर्ट जमा करवानी होगी वहीं चुनाव के मध्य नजर रखते हुए कई प्रकार के दिशा निर्देश भी रामनवमी पूजा कमेटी के सदस्यों को दी गई है।

अंधराचक विद्यालय के छात्रों को परिभ्रमण के लिए हरि झंडी दिखाकर किया गया रवाना

करपी, अरवल। प्रखंड क्षेत्र के केयाल पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय अंधराचक के छात्रों को मुख्यमंत्री बिहार शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बच्चों को परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया! मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा छात्रों के लिए इस तरह की योजना बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है! क्योंकि छात्र जीवन में ही बच्चे सरकारी व्यवस्था के तहत बिहार के पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर लेते है! मुख्यमंत्री के इस योजना के तहत अंधराचक उच्च विद्यालय के बच्चे राजगीर नालंदा पावापुरी बोधगया इत्यादि पर्यटक स्थलों का भ्रमण करेंगे और वहां अपनी प्राचीन व्यवस्था से अवगत भी होंगे !इन तमाम पर्यटक स्थलों का एक अपना इतिहास रहा है और बच्चे स्वयं इन स्थलों का भ्रमण कर भारत के इतिहास खासकर अपने बिहार राज्य के इतिहास की जानकारी प्राप्त करेंगे ! लगभग 46 बच्चे भ्रमण के लिए गए हैं।

सैंकड़ो युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड के खैरा बिंद पंचायत के ग्राम रामविलास नगर भरथौली के सैंकड़ो युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊपर आस्था व्यक्त करते हुए औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सभी लोगों को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई देते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया सांसद ने कहा कि सभी लोगों को पार्टी जॉइन करने से पार्टी मजबूत होगी सभी युवा प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय विचारधारा,सबका साथ सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुचायेंगे और देश हित में कार्य करेंगे।सभी युवा लोग पार्टी में शामिल होने पर कहा कि 2024 का हो रहे लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के साथ साथ सांसद सुशील कुमार सिंह को अपार बहुमत से चुनाव जिताने के लिए संकल्पित है।

इस मौके पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर,ऋषि कुमार,अनुभव सिंह उपस्थित रहे और खैरा बिंद पंचायत के सरपंच गौतम कुमार,धर्मेन्द्र सिंह,मनु सिंह,ब्रजेन्द्र कुमार सिंह,मंटू सिंह,नीरज कुमार,कौशल सिंह,शशी कुमार सिंह,राहुल सिंह,पंकज सिंह,आयुष कुमार,अमन कुमार,मदन सिंह,राजदेव सिंह,मोनू कुमार,संतोष सिंह,रॉबिन सिंह,छोटन कुमार सिंह,सोनू कुमार, रौशन कुमार सिंह,रविन्द्र सिंह,उदय सिंह,पिन्टू कुमार सिंह,मदन मोहन सिंह,चंदन सिंह एवं सैंकड़ो लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

अकोढ़ीगोला (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के मधुरामपुर मेन रोड़ के समीप से 15 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि रविवार की शाम गुप्त सूचना मिली कि एक युवक के द्वारा एक उजले रंग के झोला में महुआ देशी शराब ले जा रहा है। वही सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त स्थल पर पहुंचा तो धंधेबाज पुलिस की गाड़ी आते देख शराब की झोला लेकर भागने लगा। वहीं पुलिस की तत्परता से उसे दौड़ा कर धर दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मधुरामपुर, डफाली मुहल्ला के रहने वाले स्वर्गीय रामअशीष राम के 45 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र राम को 15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

ज्ञान एवं नीति की धरती रही है बिहार : आचार्य राजेश

प्रात: किरण संवाददाता

करपी। अरवल। प्रखंड क्षेत्र के केयाल ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं क संबोधित करते हुए आगरा से आए हुए प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य राजेश शर्मा ने लोगों को बताया कि बिहार की धरती सदैव पूजनीय रही है !बिहार विद्वानों की धरती रही है ! ज्ञान की इस धरती को नमन करते हुए कथावाचक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि कई महान विभुतीयों का जन्म बिहार की धरती पर हुआ है !

भगवान बुद्ध की ज्ञान प्राप्ती की चर्चा करते हुये पंडित जी ने मगध क्षेत्र की भी चर्चा की ! उन्होने कहा कि इसी बिहार की भूमि पर चाणक्य जैसे नीतिज्ञ पैदा हुए जिनकी ख्याति पूरे विश्व में आज भी बनी हुई है !मगध की धरती पर पैदा हुए मंडल मिश्र की विद्वता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कवि विद्यापति एवं बिहार के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर जैसे महान विभूति बिहार की धरती पर पैदा हुए है लेकिन वर्तमान का बिहार राजनैतिक कारणो से पिछड़ता जा रहा है ! व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत कथा के अन्य प्रसंगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का यह स्पष्ट संदेश है कि जो खुले दिल से हमें याद करता है मैं उसका हो जाता हूं !भगवान कृष्ण का विदुर जी का आथित्य स्वीकार करना इस बात को मजबूत करता है कि ठाकुर जी भावना का ख्याल करते हैं ! श्रीमद् भागवत कथा के अन्य प्रसंग जिसमें गोकर्ण से लेकर धुंधकारी तक के चरित्र पर विशेष प्रकाश डाला !इस श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान श्याम सुंदर पांडे जी ने पूरी तन्मयता के साथ कथा का श्रवण किया !इस अवसर पर आरती मंगल में पंकजेश पांडे जी ने जी उन्हें काफी सहयोग किया ! कथावाचक के द्वारा उपस्थित लोगों को कहा गया कि आगे पांच दिन तक चलने वाली यह कथा काफी रोचक होगी जिसके श्रवण से आपके जीवन में काफी लाभ मिलेगा! श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के लिए बच्चे बूढ़े पुरुष महिला सभी वर्ग के लोग काफी संख्या में पहूंच रहे हैं!

रेंडमाइजेशन के माध्यम से लोकसभा चुनाव के लिये मतदान दल का किया गया गठन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर समाहरणालय सभागार में गया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अ०जा० के सामान्य प्रेक्षक यशवंत वी० गुरुकर एव औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया सह जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने चुनाव कार्य मे लगने वाले मतदान दल यथा पी1, पी2, पी3, प्रजाईडिंग ऑफिसर एव माइक्रो ऑब्जर्वर का दुसरे रेंडमाइजेशन का एन आइसी गया द्वारा इलेक्शन पर्सनल मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सेंटर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में किया गया है।

दुसरे रेंडमाइजेशन का कार्य कुल 9 विधानसभा के लिये किया गया है। प्रथम फेज में गया एव औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र का चुनाव निर्धारित है। गया संसदीय क्षेत्र यथा- गया टाउन, बेला, बोधगया, वजीरगंज, बाराचट्टी एव शेरघाटी विधानसभा शामिल है। औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र यथा- टिकारी, इमामगंज एव गुरुआ विधानसभा शामिल है।

दुसरे रेंडमाइजेशन के माध्यम से लोकसभा चुनाव के लिये मतदान दल का गठन किया गया है।सेकंड रेंडमाइजेशन गया जिले के मान्यताप्राप्त सभी राजनैतिक दलों एव सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में किया गया है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता सह कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

गया कॉलेज में 4 विधानसभा का ईवीएम डिस्पैच किया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर मतदान एव मतगणना को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया कॉलेज पहुच कर तैयारियों का जायजा लिया गया है। पार्टी मिलान की जानकारी लेने पर अपर समाहर्ता राजस्व द्वारा बताया गया कि गया कॉलेज में 4 विधानसभा का पार्टी मिलान किया जाएगा, जिसमे सदर विधानसभा का सीवी रमन भवन के पास, बेला विधानसभा का मानविकी भवन के पास, वजीरगंज विधानसभा का मनो विज्ञान भवन पास एव गुरुआ विधानसभा का परीक्षा भवन के पास पार्टी मिलान किया जाएगा।ईवीएम डिस्पैच की समीक्षा में बताया गया कि गया कॉलेज में 4 विधानसभा का ईवीएम डिस्पैच किया जाएगा, जिसमे सदर विधानसभा का सीवी रमन भवन के पास, बेला विधानसभा का मानविकी भवन के पास, वजीरगंज विधानसभा का मनो विज्ञान भवन पास एव गुरुआ विधानसभा का परीक्षा भवन के पास ईवीएम डिस्पैच किया जाएगा।ईवीएम कमिसनिंग की समीक्षा में बताया गया कि जिस स्थान पर पार्टी मिलान होना है, उसी स्थान पर 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक ईवीएम कमिसनिंग किया जाएगा, उसके लिये सभी तैयारियां की जा रही है।ईवीएम रिसीव के समीक्षा के दौरान बताया गया कि गया कॉलेज में 6 विधानसभा का ईवीएम रिसीव किया जाना है। मानवीकी भवन में गया टाउन विधानसभा, बेला विधानसभा एव शेरघाटी विधानसभा का ईवीएम रिसीव किया जाएगा। कॉमर्स भवन में बोधगया एवं बाराचट्टी विधानसभा का ईवीएम रिसीव किया जाएगा। साइकोलॉजी भवन में वजीरगंज विधानसभा का ईवीएम रिसीव किया जाएगा। गया कॉलेज में निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लगाई जा रहे टेंट पंडाल को पूरी अच्छी तरीके से लगवाएं ताकि चुनाव कार्य में लगे कर्मियों,पदाधिकारी को ब्रीफिंग के साथ-साथ पार्टी मिलान में कोई कठिनाई नहीं हो सके। किसी भी हाल में हैंगर पंडाल नही बनाए, समतल पंडाल बनाये ताकि अधिक से अधिक कर्मी टेंट पंडाल में बैठ सके। इसके उपरांत ईवीएम रिसीविंग के लिए बनाए गए टेंट पंडाल का निरीक्षण किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि पंडाल में पर्याप्त पंखा कूलर एव लाइट की व्यवस्था रखे। गर्मी को देखते हुए सभी अपेक्षित तैयारी कर लें। ईवीएम डिस्पैच एव ईवीएम रिसीविंग के लिए हर विधानसभा बार 10-10 काउंटर लगवाए, ताकि जल्दी जल्दी काम हो सके। सेक्टर वार काउंटर लगाए। पार्टी मिलान,ईवीएम डिस्पैच इत्यादि कर दौरान कयू-मैनेजमेंट की पूरी व्यवस्था रखें। मानविकी भवन, सीवी रमन एवं कॉमर्स भवन के पास खाली पड़े मैदान को पूरी साफ सफाई एवं समतल करावे साथ ही दरी बिछवाने का काम करे, ताकि लोग इन्तेजार के दौरान आराम से बैठ सके। प्रॉपर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करवाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन को दिया गया है। विधानसभा वार एंट्री एक्सिस्ट की सेपरेट व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया है। ईवीएम डिस्पैच एव रिसीविंग के तिथि में ट्रैफिक प्लान अच्छे से संचालित रहे इसके लिए अभी से ही ट्रैफिक प्लान बनाकर उसे इंप्लीमेंट करवाने का निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि ईवीएम डिस्पैच एव रिसीविंग के तिथि में गया कॉलेज में कोई भी वहां प्रवेश नहीं करेगा, वह सीधे गया खेल परिसर में प्रवेश करेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि लाइट, पंखा, पानी, टॉयलेट, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी इत्यादि की पूरी व्यवस्था मुकम्मल रखे। इस निरीक्षण में उपस्थित अपर समाहर्ता राजस्व, निदेशक डीआरडीए, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, एएसपी सदर, डीसीएलआर सदर, कार्यपालक अभियंता भवन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क पदाधिकारी पर मानहानि का मुकदमा कराया दर्ज

अरवल। एक राष्ट्रीय चैनन के पत्रकार आभाष रंजन के द्वारा अरवल कोर्ट में अरवल डी एम, उनका ओएसडी और अरवल सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया। अरवल कोर्ट को दिए आवेदन में आभाष रंजन ने अरवल जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, उनके ओएसडी राघुवेंद्र प्रताप सिंह और अरवल सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी देवज्योति कुमार अपने साथ हुए अभद्र व्यवहार की शिकायत की है। आईपीसी की धारा 166,500,34 के तहत उपरोक्त तीनों पदाधिकारी पर केस नंबर 80 बटा 2024 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आभाष रंजन ने बताया कि अरवल डी एम खुद कभी फोन नहीं उठाती हैं। उनको फोन करने पर उनका ओ एस डी ही सारा मामला देखते हैं। 29 मार्च को अरवल डी एम से इंटरव्यू को लेकर पत्रकार आभाष रंजन को ओ एस डी के द्वारा पत्रकार आभाष रंजन को 30 मार्च को सेकंड हाफ में अरवल समहरणालय बुलाया गया।

सी-वीजिल ऐप्प से आचार संहिता के उल्लंघन का शिकायत दर्ज होगा

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। 02 अप्रैल, 2024 आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-वीजिल एप का निर्माण किया गया है। जिसे एंड्रॉयड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप का उपयोग करके चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिकायत की जा सकती है। शिकायत निम्नलिखित मुद्दो पर की जा सकती है:- आग्नेयास्त्र दिखाकर डराने, शराब या मादक पदार्थो के बाँटने, मतदाता को पैसे बाँटने, सम्पति का लोभ दिखाने, फेक न्यूज, मतदाता को जबरन वोट दिलवाने, मुफ्त की वस्तुओं बाँटने, पेड न्यूज, सम्प्रदायिक भावना को भड़काने संबंधित भाषण आदि। शिकायत संबंधित क्षेत्र के एआरओ के मोबाईल पर प्रदर्शित होता है तथा इसका निष्पादन शिकायत के 100 मिनट के अन्दर किया जाता है।

चुनाव का पर्व-देश का गर्व एवं 'वोट करेगा गया हमारा' जैसे संदेश प्रदर्शित करने पर निर्देश दिए गए

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। उप विकास आयुक्त, गया सह-वरीय प्रभारी स्वीप गया द्वारा दिनांक 02.को कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के साथ बैठक करते हुए मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न निर्देश दिया गया है। एल०डी०एम० अग्रणी बैंक को कार्यालय पत्राचार के हेडर-फूटर पर "चुनाव का पर्व-देश का गर्व" एवं गया के वोटर से अपील अंकित करने, रसीद पर स्लोगन अंकित करने, सभी बैंकों के बाहर बैनर, ए०टी०एम० पर स्टीकर लगाने का कार्य करने का निदेश दिया गया है।एयरपोर्ट पर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्थानों पर स्टैण्डी, बैनर प्रदर्शित करने, तोरण द्वारा लगाने, साथ ही स्क्रीन पर "चुनाव का पर्व-देश का गर्व" एवं "वोट करेगा गया हमारा" जैसे संदेश प्रदर्शित करने पर प्रबंधक, गया एयपोर्ट द्वारा सहमति प्रदान की गयी है।इसी के साथ बस एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा बसों पर बैनर के माध्यम से मतदाता जागरूकता कराने के लिए सहमति की गई। प्राइवेट स्कूल, एसोसिएशन के अध्यक्ष से यह अपील की गई कि वर्ग 9 से 12 तक के बच्चों द्वारा अभिभावकों से मतदान की अपील, स्कूलों द्वारा अभिभावकों के नाम पत्र, रंगोली आदि गतिविधियों को कराएँ। एल०पी०जी० गैस वितरक संघ के द्वारा भी सिलिंडरों पर स्टिकरों द्वारा, डिलीवरी वाहनों पर बैनर द्वारा मतदान के लिए अपील एवं जागरूकता कार्य में पूर्ण सहभागिता के लिए आश्वस्त किया गया है।सभी के द्वारा गया के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया और जिला प्रशासन को हर प्रकार से सहयोग करने के लिए सभी के द्वारा निर्णय लिया गया है। इस बैठक में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस०, गया, सहायक नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह- बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोधगया एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोंच एवं स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित है।

कुख्यात अपराधी छोटू यादव के रिश्तेदार को मारी गोली, हालत गम्भीर

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लतरा गांव इलाके में देर रात अपराधियों ने खूनी वारदात को अंजाम दिया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक अपने बासा से घर जाने के दौरान चेतन यादव को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही घटना की सूचना मिलने पर गोपालपुर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच स्वपरिजनों के सहयोग से चेतन को गम्भीर व घायल अवस्था में त्वरित इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया ले जाया गया। जहां चिकिसक द्वारा उसकी हालत की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए प्राथमिक उपचार के बाद भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, घायल चेतन यादव कुख्यात छोटू यादव के रिश्तेदार बताया जा रहा है।

गर्मी में बच्चों को सही देखभाल की जरूरत : डॉ. मंजुल विजय

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गर्मी को बढ़ते हुए देखते हुए बच्चों की सुरक्षा जरुरी है ऐसे व्यक्त बच्चों में डिहाईड्रेशन,नकसीर फूटना, बैक्टीरिया का संक्रमण,फूड प्वाइजनिंग, पीलिया, और टाईफाइड जैसी समस्या अमूमन देखने को मिलती है इस संबंध मे प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डा मंजुल विजय ने कहा कि बच्चों को इस समय हल्के ढीले और साफ कपडे पहनाए, बच्चों को बार बार पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाए,घर से निकलते समय पानी मे ग्लुकोज मिलाकर बोतल मे भरकर रह दे उसे पिलाते रहे,नारायील पानी, नींबू पानी एवं चीनी घोल समय समय मे देते रहे। बच्चों के खान पान मे हरी सब्जियां के साथ ताजे फल दे। बच्चों को रोग से लडने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का भोजन खिलाए,ठेले एवं रास्ते पर बिकने वाले समान खाने से परहेज करे,डा मंजुल ने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन से तापमान बढ रहा है इसके साथ ही गर्मी के मौसम में मच्छरों का भी प्रकोप बढ जाता है।बाहर से आने के बाद और शोच के बाद हाथ अवश्य धोए। बच्चों को मच्छरदानी के अंदर ही सुलाए।वायु प्रदूषण के कारण बच्चों में होने वाली स्वास्थ्य समस्या को गंभीरता से लेना जरुरी है।

संक्षिप्त खबरें

परीक्षा नियंत्रक टीएमबीयू को दिया आवेदन

नवगछिया (भागलपुर) ।टीएमबीयू के एमएड फर्स्ट सेमेस्टर के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से परीक्षा नियंत्रक टीएमबीयू ति.मा.वि.वि. भागलपुर को आवेदन देकर एमएड फर्स्ट सेमेस्टर (2022-24) सत्र का परीक्षा फॉर्म भरवाने को लेकर छात्र नटवर कुमार झा, गुंजन कुमारी, सुरभि झा, नमिता कुमारी, संदीप कुमार, ज्ञानेंदु कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया है, आवेदन में लिखा है कि एमएड फर्स्ट सेमेस्टर (2022-24) का परीक्षा नही हुई है। सत्र पहले से ही काफी विलंब से चल रही है। इसकी कक्षा नवंबर से प्रारंभ है, जबकि फर्स्ट सेमेस्टर का पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है। जिसके लिए एमएड फर्स्ट सेमेस्टर (2022-24) का परीक्षा फॉर्म यथाशीघ्र भरवाकर परीक्षा लेने की गुहार लगाई है, जिससे सत्र नियमित हो सके। वही परीक्षा नियंत्रक ने जल्द से जल्द परीक्षा लेने का भरोसा दिलाया गया है।

भीषण आग ,कई बीघा फसल जलकर राख

भागलपुर। जिले भर में विगत दिनों से लगातार आगजनी की रोकथाम व बचाव कार्य को लेकर अग्निशमन विभाग केपदाधिकारियों व कर्मचारियों की टीम लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं तो वही दूसरी तरफ अगलगि की घटना भी लगातार क्षेत्र के कई हिस्सों से लगातार सामने भी आ रही हैं। इसी कड़ी में गर्मी के साथ सूर्य की तेज तपिश में जहां आम लोगों को अभी से ही घरों से निकलने पर लू लगने के प्रकोप से डर रहे हैं तो वही क्षेत्र के दियारा इलाके से पहली घटना रानी दियारा में घटित हुई तो वही लगातार दूसरी बार अगलगि की घटना कुरपट बहियार से सामने आई है। जहां किसानों के खेत में लगी फसलों में आग ने क्षेत्र के कई बीघा फसल को राख की ढेड़ में तब्दील कर दिया है। अगलगि की घटना में किसानों के मंसूबों के साथ साथ परिवार के लोगों के मेहनत पर पानी फेरने के साथ ही वृहित पैमाने पर आर्थिक रूप से फसलों का भी नुकसान हुआ है। वही एक तरफ क्षेत्र इलाके में जहां आम लोगों के बीच आगजनी की घटना से बचाव हेतू जागरूक करने को लेकर स्थानीय जिला प्रशासन के द्वारा कई तरह के निर्देश जारी करते दिख रहे हैं, तो वही अगलगि की घटना क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा है, जैसे-जैसे सूर्य की तपस में तीव्रता से गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे वैसे क्षेत्र के दियारा इलाके में आगजनी की घटना में बढ़ोतरी होती जा रही है। हर दिन कभी खाना बनाने के दौरान तो कभी शॉर्ट सर्किट तो वही कूड़े कचड़े की ढेड़ में लगी आग के निकली चिंगारी से अगलगि की घटना सामने आती जा रही है। इस बाबत आज भागलपुर सबौर प्रखंड परिक्षेत्र के बैजलपुर के कुरपट बहियार में कई बीघा खेतों में लगी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई, जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गेहूं की फसल जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गई थी, काफी समय बाद अग्निशमन विभाग की दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची और काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही पीड़ित किसानों ने जमकर प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन भी किया। इस दौरान पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अगर दमकल की टीम सही समय पर आ जाती तो शायद हम लोगों का फसल का इतना नुकसान नहीं हो पाता वही खबर लिखे जाने तक दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था।

दो अभियुक्त को दोषी करार देते हुए एक लाख रुपया जुमार्ना के साथ सुनाई सजा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार मध निषेध उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा 45 के तहत नौगछिया थाना कांड संख्या- 338/22 विशेष उत्पाद वाद ने उक्त मुकदमें की सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त पवन यादव व राणा यादव को दोषी पाया है। दोनों अभियुक्तों को मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई की गई। जिसमें दोनों अभियुक्तों को 8 वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है, वही जुमार्ने की राशि नहीं देने की स्थिति में 3 महीने की अतिरिक्त सजा मुकर्रर की है। आपको बता दें कि विगत 4 नवंबर 2022 को पुलिस टीम ने रंगरा थाना क्षेत्र में शराब के विरुद्ध छापेमारी कर रही थी, इस दौरान नवगछिया थानाध्यक्ष द्वारा सूचना दी गई की नवगछिया के कई अन्य कांड में वांछित अभियुक्त राणा यादव अपने सहयोगियों के साथ स्कॉर्पियो पर सवार हो कटिहार से नवगछिया की तरफ आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन के लिए रंगरा ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के तहत रंगरा चौक के पास गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वही वाहन चेकिंग के क्रम में करीब 12:30 बजे रात्रि में एक उजले रंग का स्कॉर्पियो चेक पोस्ट की तरफ आ रही थी, जिसे रुकने का इशारा किया साथ ही उक्त वाहनों पर सवार लोगों से नाम पता पूछने लगा,तो वही इसी दौरान स्कॉर्पियो में बैठे व्यक्ति के द्वारा गाड़ी के गेट को धक्का देते हुए गेट को लगाते हुए ड्राइवर को गाड़ी लेकर भागने के लिए कहा गया था, तो वही दूसरी तरफ धक्का लगने के कारण दरोगा राजेश रंजन कुमार एवं चंदन कुमार जख्मी हो गए थे। तत्पश्चात पुलिस छापेमारी दल के साथ उक्त गाड़ी का पीछा करते हुए साथ ही नवगछिया थाना को सूचित किया गया। इसी क्रम में नवगछिया थाना की गश्ती टीम ने एनएच 31 के पास घेराव कर उक्त अपराध कर्मियों को धरदबोचा गया था। वही पकड़ाये गये अपराध कर्मियों का नाम व पता पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने अपना नाम पवन यादव एवं राणा यादव बताया था। नाम पता बताने के दौरान दोनों के मुंह से शराब की गंध भी आ रही थी, दोनों व्यक्तियों को पुलिस संरक्षण में लेकर ब्रेथ एनालाइजर जांच के लिए रंगरा ओपी पहुंच कर शराब पीने के संदर्भ में पूछा गया तो कोई जवाब नहीं दिया गया, तो वही उक्त दोनों अभियुक्तों को पुलिस संरक्षण में लेकर रंगरा पीएचसी ले जाया गया था। जहां चिकित्सक द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई थी। तत्पश्चात दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था।

खेल खेल में चार वर्षीय बच्ची ने अपनी नाक में मोम कलर लिया डाल, हालत बिगड़ी

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। प्रखंड परिक्षेत्र के कदवा प्रतापनगर खैरपुर के रूदल सिंह की 4 बर्षीय पुत्री विभा कुमारी ने खेल खेल में मोम कलर पेंसिल को अपने नाक में घुसा ली। जिसे बच्ची की हालत खराब होने लगी थी।वही मामले को लेकर बच्ची के घरवालों ने बताया कि विभा ने अपने ही नाक में मोम कलर डाल लिया था, जिसे किसी ने नाक में कलर डालते हुए नही देखा था। वही जब अचानक सोमवार की रात्रि को बच्ची के नाक में असहनीय दर्द होने पर परिजनों व घरवालों ने आनन फानन में उसे अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बेहतर ईलाज के लिए बच्ची को मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया। वही बच्ची की हालत देखकर घरवाले चिंतित व परेशान चल रहे है। वही डॉक्टर ने बताया कि नाक के बाहर से झांकने पर कुछ दिख रहा है। वही अस्पताल के ईएनटी स्पेशलिस्ट के द्वारा ही ईलाज संभव है। वही मामले की गम्भीरता को देखते हुए मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी के ईएनटी विभाग में बच्ची का इलाज प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।

पांच सूत्री मांगों को ले ग्रामीणों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर रंगरा पंचायत के सधुआ व चापर गांव की आम जनता के द्वारा कटरिया रेलवे स्टेशन प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। ज्ञात हो कि कटरिया स्टेशन के समीप समपार फाटक बंद करने को लेकर ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हो रही परेशानी को लेकर लोगों के द्वारा पूर्व में धरना प्रदर्शन करने की जानकारी दी गई थी। स्थानीय लोगों की मुख्य रूप से मांग है कि 9 इ ,9 उ ढाला को पूर्ववत रखा जाय, जिससे कि आम जनता को होने वाली समस्या के साथ साथ किसानों के बीच यातायात करने में होने वाली परेशानी दूर हो सकें, किसानों के खेतों में लगी फसल की कटाई के बाद उक्त मार्ग पर आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। वही समपार फाटक बंद होने के बाद स्टेशन पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जाय, स्टेशन के साथ साथ प्लेटफार्म परिसर को ऊंचा किया जाय, दानापुर कैपिटल एक्सप्रेस का ठहराव किया जाय, जो कोरोना काल समय के दौर में बंद हुई थी उन्हें दोबारा चालू किया जाय, साथ ही इंटरसिटी जैसे एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव किया जाय, व स्टेशन पर यात्रा करने वाले यात्रियों के आर्थिक सुविधा के मद्देनजर आरक्षण की सुविधाओं को भी लागू किया जाय।

50 लाख रुपए फिरौती अपराधियों ने की मांग, नहीं देने पर जान से मारने की दी धमकी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के साथ अपराधियों द्वारा लगातार पिरोती डिमांड किये जाने का मामला सामने आया है। अपराधियों ने पहले ललन पासवान से एक करोड़ की रंगदारी मांग की गई थी तो वही अपराधियों ने अपने मंसूबों को ले पुनः कहलगांव के विधायक पवन यादव पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग की, और धमकी देकर कहा है कि डिमांड की रकम पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। आश्चर्य की बात यह है कि मामले को लेकर अपराधियों ने इंटरनेट कॉल का इस्तेमाल कर एक अननोन नंबर से डिमांड की गई हैं। वही दूरभाष पर जारी कॉल डिटेल को लेकर प्रथम दृष्टि से पता चल रहा है कि यह नंबर पाकिस्तान से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। वही जब हमारे संवाददाता कहलगांव विधायक पवन यादव से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि 10: 57 बजे उनको एक अनजान नंबर से कॉल आया और कहा कि सतीश यादव तुम्हारा कौन है? जब उक्त कॉल पर जबाब देते हुए विधायक ने कहा कि सतीश यादव मेरा पुत्र है, तो फिर उन्होंने 50 लाख रुपये रकम देने की बात कही। तो वही विधायक ने कहा कि कोई मजाक से करता होगा, इसके बाद जब अपराधी ने उधर से गाली गलौज अपशब्द भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया तो उनके होश उड़ा दिये। वही उनके बात चीत के दौरान उन्होंने कहा कि 50 लाख रुपया दे दो नहीं तो तुम्हारा बेटा समेत तुमको जान मार देंगे। वही मामले को लेकर विधायक की ओर से स्थानीय थाना पुलिस को अवगत कराते हुए लिखित आवेदन दी गई है।

परीक्षाफल वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत: प्राचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा प्रांगण में छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही छात्रों को सम्मानित किए जाने को लेकर विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओ को सील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवोदय के पूर्ववर्ती छात्र सह एसएसपी भागलपुर आनंद कुमार, पीटीसी सदस्य दीपक कुमार, भ्रमरपुर बालिका इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंदन कुमार, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल एवं अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर आनंद कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम करके अपने सफलता के बेहतरीन स्थान प्राप्त किया है, उनसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। जीवन मार्ग में सफल बनाने के लिए बेहतर शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है।वही प्राचार्य रोशन लाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय की कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल तथा प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया है, साथ ही कक्षा छः में सोफिया नाज ने अपने परीक्षा परिणाम में (96.83) प्रतिशत आंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है तो वही रितिका कुमारी (96) द्वितीय एवं हिमांशु राज (95.33) प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कठिन परिश्रम का परिणाम से अपने अभावक के साथ साथ शिक्षक का भी नाम रौशन किया है। वही कक्षा सप्तम में श्रेया राज प्रथम, अभिमन्यु एवं सम्भावी द्वितीय एवं तान्या सिन्हा तृतीय रही है, जबकि कक्षा आठवीं में साक्षी आनंद प्रथम, सोनाक्षी कुमारी द्वितीय, जागृति राज तृतीय प्राप्त किया है। कक्षा नवम में निपुण प्रथम, सुदर्शन कुमार द्वितीय, नीरज निराला तृतीय स्थान प्राप्त किया है तो वही कक्षा ग्यारहवीं में अन्नु प्रिया प्रथम, मांडवी द्वितीय, शिवानी तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बी. सी. झा, ए.के. वर्मा, परीक्षा प्रभारी डी. के. सिंह, अभिमन्यु कुमार, सरिता वर्मा, ज्योति चौधरी के साथ साथ छात्र छात्राओं के अभिभावक गण व अन्य की उपस्थिति रही थी। इस दौरान पूरा नवोदय विद्यालय परिवार द्वारा सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

- करहरिया पंचायत इलाके के जनप्रतिनिधि करते हैं अपनी मनमानी
- गलत जगह चिन्हित कर पंचायत भवन निर्माण करने का बनाया जा रहा दबाबः ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज परिक्षेत्र के करहरिया पंचायत गांव इलाके में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मंटु मंडल के कार्यप्रणाली मनमाने ढंग से गलत जगह चिन्हित किये जाने पर आसपास क्षेत्र के करीब आठ गाँव के ग्रामीणो ने जमकर विरोध किया है। ग्रामीणों के विरोध करने पर जदयू अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महेश दास ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद करहरिया गाँव पहुंच क्षेत्रीय ग्रामीणों से मुलाकात कर पंचायत भवन निर्माण कार्य से जुड़ी समस्या के बारे में जानकारी ली। साथ ही भवन निर्माण विभाग मंत्री से दुरभाष पर बातचीत कर क्षेत्र में भवन निर्माण कार्य की हो रही समस्या को जल्द निदान की बात कही गई हैं। वही मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मंटु मंडल पहुंचे, जहां उनके आगम पर ग्रामीणों के साथ नोकझोक शुरू कर दी। वही मुखिया प्रतिनिधि मंटु मंडल के द्वारा बाथ थाना को सुचना देने पर मौके पर पुलिस पहुंच कर दोनों पक्षों के लोगों को थाना पर बुलाकर मामले को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया गया। वही थाना पुलिस ने मुखिया प्रतिनिधि मंटु मंडल एंव स्थानीय ग्रामीणों से हस्ताक्षर करवाते हुए आपस में तालमेल करने की बात कही गई थी।

52 वी सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर में पहुंचा बिहार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम बेगुसराय जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित 52 वी सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार ने अपने पूल में महाराष्ट्र को 33 -15 जबकि चंडीगढ़ को 29 -24 गोल के अंतर से पराजित कर अपना विजय अभियान जारी रख प्री क्वार्टर में जगह बनाया। बिहार टीम में सारण से भी खिलाड़ी शामिल है जो अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे है । मंगलवार के देर शाम बिहार प्री क्वार्टर जम्मू कश्मीर से खेलेगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बरौनी के विधायक रामरतन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन का जायजा लिया। बेगुसराय के उड़ान इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सूबे के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा के साथ किया।

आगामी 6 अप्रैल को वृहद पैमाने पर आयोजित होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

- एनएसएस द्वारा चलाया जाएगा मतदाता जागरूकता अभियान
- कार्यक्रम शुभारंभ करेंगे डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं का शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भागलपुर तिलका मांझी विश्वविद्यालय के सीनेट हाल प्रांगण में एनएसएस द्वारा आगामी 6अप्रैल को पूर्वाह्न 10.30 बजे से वृहद पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा किया जाएगा। उक्त आशय को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के भागलपुर टीएमबीयू के समन्वयक डॉ. राहुल कुमार ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर यह जानकारी दी। वही उन्हें कार्यक्रम का उद्घाटन करने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने डॉ. राहुल कुमार को अपने 3 हजार एनएसएस के युवा सदस्यों के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निरंतर अभियान चलाने को कहा गया है। वही मामले को लेकर संयुक्त निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रख्यात सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर संचित बासु व आदर्श आनंद भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर धनंजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

जला गेंहू का फसल

एकमा। थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा कला गांव में मंगलवार को बिजली पोल पर 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार के जम्फर से निकली चिंगारी के गिरने से सुखारी चौरसिया के चार कट्ठे खेत में पक्क कर तैयार गेंहूँ की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखारी चौरसिया कहीं काम के सिलसिले में गए हुए थे।पत्नी रामरती देवी व परिजन घर पर थे। तभी दोपहर में उनके खेत से धुंआं उठते देख कुछ लोगों ने शोर मचाया तो बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और चापाकल की सहायता से गेंहूँ की फसल में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे।

चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग, नगदी सहित सामान जलकर हुआ राख

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर) बरियारपुर प्रखंड के नीरपुर पंचायत के फुलकिया गांव निवासी संजय राय के घर मे खाना बनाने के क्रम में चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गया। इस आग लगी कांड में दस हजार रुपये नगदी सहित डेढ़ लाख रुपये की संम्पती जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया है। इस सम्बन्ध में पीड़िता निर्मला देवी ने बताई की खाना बनाने के क्रम मे चुल्हे से निकली चिंगारी से आग लगने से हमारे घर मे दश हजार रुपये नगदी सहित डेढ लाख रुपये के सम्पत्ती जल कर खाक हो गई है स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबु पा लिया गया है। इस घटना से निर्मला देवी उनके पुत्र शुभम कुमार को अपने समान बचाने के क्रम मे आशिक असर हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद वैहतर ईलाज के लिये हायर सेन्टर भेजा गया है

दो शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संग्रामपुर मुंगेर। बीती रात संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर बस्ती में शराब पीकर हंगामा मचा रहे एक युवक को संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लगाया। जिसे ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कराया गया। इसमें शराब पीने की पुष्टि होने के बाद मंगलवार की सुबह हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष रविकांत कश्यप ने बताया कि संग्रामपुर बस्ती निवासी विशाल मंडल पिता महेश्वर मंडल एवं रतनपुरा गांव निवासी रविंद्र मंडल पिता रामचरित्र मंडल को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया गया। जो शराब पीकर हंगामा मचा रहा था।

सोशल मीडिया कलाकार आदर्श करेंगें मतदाताओं को जागरूक: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024, में भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व भागलपुर के प्रख्यात सोशल मीडिया के इनफ्लुएंसर आदर्श आनंद के साथ एक मुलाकात हुई। इस क्रम में उन्हें बताया गया कि बिहार के लोग काफी मेहनती, ऊजार्वान होने के साथ-साथ किसी भी परिस्थिति में अपने आपको सामंजस्य स्थापित कर लेने में सक्षम हैं। देश के हर कोने में बिहार के लोग हैं और वहां के दैनिक एवं आर्थिक गतिविधियों में मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

लेकिन अफसोस की बात है कि यहां के 43 प्रतिशत लोग आज भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में पीछे चल रहे हैं, जबकि मतदान का अधिकार उनका योगदान सर्वाधिक प्रभावित है, आम मतदाता को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का सबसे बड़ा और पहला अधिकार प्राप्त है, इस कार्य में हमें नहीं चूकना चाहिए। वही मणिपुर जैसे राज्य में जहां लोगों को मतदान के लिए पहाड़ियां चढ़नी पड़ती है, वहां भी मतदान का प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक रहा है, जबकि यहां का कोई भी मतदान केंद्र लगभग 2 किलोमीटर से भी कम दूरी पर रहती है। वही मतदान केंद्रों पर आवागमन की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, मतदाता को सुगमता से मतदान केन्द्रों पर पहुंचने हेतू सारी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। फिर भी मतदान का प्रतिशत कम होना यह खूबसूरत चेहरे पर एक दाग के समान बना हुआ दिख रहा है।

सोशल मीडिया अभिनेत्री संचिता बासु मतदाताओं को करेंगी, जागरूक: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में भागलपुर के मतदाताओं की शत प्रतिशत मतदान करने हेतू अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं भागलपुर की प्रख्यात सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सह अभिनेत्री संचिता बासु की विशेष मुलाकात के क्रम में जिलाधिकारी ने संचिता बासु से वातार्लाप की। वार्ता के क्रम में विगत चुनाव में भागलपुर में मतदान का प्रतिशत 43% कम रहने के संबंध में बताते हुए यहां के युवा एवम्-महिला मतदाता सहित सभी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार के लोग बहुत मेहनती होते हैं, भारत का ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां बिहार के लोग नहीं रहते हैं, अफसोस तब होता है, जब बिहार का वोटिंग प्रतिशत कम रहता है। वोट करने का टाइम सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक है। कोई मतदाता कहीं भी है, जब भी समय मिले वो अपना मतदान कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान करें, और लोकतंत्र में भागीदार सुनिश्चित कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने पर जोड़ दे। मतदान हेतु 5:59 बजे शाम तक जो भी लाइन में लग गए वे वोटिंग अवश्य करेंगे। इससे हमें लगता है किसी का भी रोजगार बाधित नहीं होगा चाहे जो भी समय लगे। एक वोट को डालने में 20 से 30 सेकंड का समय लगता है, 2 मिनट में 4 से 5 व्यक्ति मतदान कर सकते हैं, जो मतदाता 5:59 में लाइन में लग गया उसे एक पर्ची मिलेगा, उसके बाद भी वोटिंग करेंगे। क्षेत्र में निर्वाचन को लेकर कहीं भी बूथ की दूरी कम से कम 2 किलोमीटर रहता है। युवा मतदाता यदि वोटिंग का महत्व को समझ गए तो वैसे युवा मतदान जरूर करेंगे, इसके लिए युवा मतदाता को जागना बहुत जरूरी है। चुनाव एक महापर्व की तरह है इसमें सब की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, वोटिंग करने से उनका एक पहचान बनता है। वोट हर हाल में करनी चाहिए जिससे लोकतंत्र की पहचान बरकरार रहे।

तीन वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर व झंडापुर थाना पुलिस ने सोमवार की रात समकालीन अभियान के तहत अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तारी को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार एनबीडब्ल्यू वारंटी तेलघी टोला जयरामपुर सहोरी के विकास मंडल पिता खन्तर मंडल, झंडापुर के योगेंद्र ठाकुर पिता स्व. विरंची ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। इधर बिहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनबीडब्ल्यू वारंटी सतीश पासवान पिता स्व ब्रह्मदेव पासवान को उसके घर पर दबिश देकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया गया।सभी गिरफ्तार वारंटी को मेडिकल जांच के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दो जगहों पर आग लगने से लाखों रुपया की संपत्ति जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। बरियारपुर प्रखंड के दो भिन्न-भिन्न जगह पर आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है आग लगने की सूचना पर विभागीय अग्निशमन वाहन दोनों जगह पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलकिया कल्याणपुर गांव में मंगलवार की सुबह निर्मला देवी के घर में खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने पूरे घर को जलाकर राख कर दिया उस आग में अपने घर का सामान बचाने के क्रम में निर्मला देवी सहित उनका पुत्र शुभम कुमार आंशिक रूप से आग से जल गए आग में 10 हजार रुपया नगद सहित घर के सारे कपड़े लत्ते बर्तन बिछावन सहित सभी अन्य सामान जलकर राख हो गया जो लगभग 2 लाख रुपए की सम्पत्ति बताई जा रही है वहीं दूसरी तरफ महदेवा राजस्व ग्राम के 10 एकड़ गेहूं फसल लगे खेत में आग लग जाने से गेहूं के लगे हुए सारे फसल जलकर राख हो गए घटना की सूचना पर प्रशासन अग्निशमन वाहन को लेकर पहुंच खेतों में फैलते हुई आग पर काबू पाया गया अन्यथा सैकड़ो एकड़ गेहूं लगे फसल को आग जलाकर राख कर सकती थी इस आग में भी लाखों रुपए की फसल क्षति बताई जारही है किसान मनीष कुमार नीलम देवी रेखा देवी राहुल रोशन पंकज कुमार कपिल यादव एवं विजय यादव को को गेहूं फसल छती का आर्थिक नुकसान हुआ है

संक्षिप्त खबरें

बिजली के शार्ट सर्किट से खेतों में लगीं आग

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा मल्लाह टोली गांव में गेहूं के खेतों में बिजली के पोल पर शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग तेज पछुआ हवा के सम्पर्क में आने पर विकराल रूप धारण कर ली। रंजन कुमार सिंह ने बताया कि उच्च क्षमता के बिजली के पोल पर बैठें चिड़िया से अचानक स्पार्क करते हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई, चिड़िया आग के शोलों में बदल कर खेतों में गिर पड़ी और खेतों में आग लग गई। आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

210 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

दिघवारा नगर।थाना क्षेत्र के मानुपुर मोड़ के पास से मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी करने जा रहे दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार शराब तस्कर के पास से ट्यूब में रखे 210 लीटर देशी शराब बरामद किया गया गया।गिरफ्तार तस्कर की पहचान मानुपुर गांव निवासी स्व महंगू राय के पुत्र जितेंद्र राय तथा भीषण राय के रूप में हुई है।+

यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन की शून्य सहिष्णुता

पटना। आयुक्त कुमार रवि द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में आज पटना शहर में लगातार दूसरे दिन अतिक्रमण के विरुद्ध स्पेशल ड्राईव चलाया गया। जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना राजीव मिश्रा द्वारा गठित टीम द्वारा मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया तथा सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की गई। सड़कों पर अवैध व्यावसायिक गतिविधि करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस मल्टी-एजेंसी अभियान में प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हैं।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में नौ बजकर तीस मिनट पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ नेहरू पथ के दोनों तरफ हनुमान मंदिर, राजबंशी नगर से राजा बाजार होते हुए रूपसपुर पुल तक अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में 52,000/- जुमार्ना वसूला गया।पटना नगर निगम के पाटलिपुत्र अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ आशियाना मोड़ से राजीव नगर नाला से दीघा तक अतिक्रमण हटाया गया एवं अतिक्रमण में प्रयुक्त 02 गुमटी, 01 मुर्गा जाली तथा लकड़ी काउंटर जप्त किया गया। आज इस अंचल में 30,000/- जुमार्ना वसूला गया।पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल में साढ़े नौ बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ करबिगहिया से होते हुए धनुखी मोड़ तक अतिक्रमण हटाया गया एवं तीन ठेला जप्त किया गया।

दो बालिकाओं को दत्तक ग्रहण से जोड़ा गया

पटना।जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दत्तक ग्रहण के संबंध में जारी मार्गदर्शिका 2022 के दिशानिदेर्शों का पालन करते हुए दो बालिकाओं को दत्तक ग्रहण से जोड़ा गया। जिला बाल संरक्षण ईकाई अन्तर्गत संचालित अरुणोदय, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, पटना में आवासित दोनों बालिकाओं में से एक बालिका को दुबई के दम्पति द्वारा गोद लिया गया। इस बालिका को मात्र एक माह की आयु में पटना जंक्शन से प्लेटफॉर्म नं0-01 से लावारिश अवस्था में प्राप्त किया गया था तथा अन्य बालिका को केरल के दंपत्ति द्वारा गोद लिया गया, जिसे नौ माह की आयु में राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन से परित्यक्त अवस्था में प्राप्त किया गया था।इस अवसर पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई श्री उदय कुमार झा ने बताया की वर्तमान परिपेक्ष में बालकों की बजाय अब बालिकाओं को गोद लेने की चाह बढ़ रही है। स्थिति यह है कि दंपती बेटी को गोद लेने के लिए दो से तीन साल का इंतजार कर रहे हैं। जिला में पांच साल में कुल 92 बच्चे गोद लिए गए हैं, जिनमें 61 बालिकाएं और 31 बालक दत्तकग्रहण की प्रक्रिया अन्तर्गत गोद लिए गए हैं। पूर्व में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया फैमिली कोर्ट से पूर्ण होती थी, प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 में संशोधन करते हुए जिलाधिकारी को दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने हेतु प्राधिकृत किया गया।

संभावित बाढ़, सुखाड़ से बचाव हेतु ससमय कर लें सभी तैयारियां : जिलाधिकारी

हीट वेब, अगलगी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर एहतियातन सभी प्रकार की करें कारगर कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)। संभावित बाढ़, सुखाड़ से बचाव हेतु पूर्व तैयारी के साथ ही हीट वेब, अगलगी की घटनाओं की रोकथाम के निमित जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुयी।अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पश्चिम चम्पारण द्वारा संभावित बाढ़ से निपटने हेतु की गयी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि नेपाल में बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में वर्षापात, गंडक नदी में वाल्मीकिनगर बराज से काफी अधिक मात्रा में वाटर डिस्चार्ज, बादल की शिफ्टिंग, जल प्रवाह का मार्ग अवरूद्ध होने के कारण जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में वर्षा मापक यंत्र अधिष्ठापित है और पूरी तरह क्रियाशील है। वर्षा मापक यंत्र की मरम्मति एवं अन्य कार्यों की देखभाल जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा नियमित रूप से की जा रही है।

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने निर्देश दिया कि संभावित बाढ़, सुखाड़ से बचाव हेतु की जाने वाली सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करा ली जाय। इसके साथ ही हीट वेब, अगलगी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर एहतियातन सभी प्रकार की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित बाढ़, सुखाड़, हीट वेब, अगलगी से निपटने हेतु निर्धारित एसओपी सभी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दिया जाय। सभी अंचलाधिकारी प्रारंभिक तैयारी सुनिश्चित करेंगे। नाव, नाविकों के नाम एवं मोबाईल नंबर सहित अधिकारियों के नाम एवं मोबाईल नंबर आदि को संकलित कर संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया जाय ताकि आपदा की स्थिति में समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत तटबंधों की निगरानी कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि हीट वेब एवं अगलगी की घटनाओं से बचाव हेतु क्या करें-क्या नहीं करें, का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय ताकि आमजन सजग एवं सतर्क रहेंगे। अग्निशमन पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन अपने-अपने संसाधनों एवं मानव बल को चुस्त-दुरूस्त रखेंगे तथा आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अपर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह वरीय उप समाहर्ता विपिन कुमार यादव कमलाकांत त्रिवेदी, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, एसडीएम, नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. सुजीत कुमार को आजीवन भूला नहीं जा सकता : शेख वहाब

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। आज मैं सबके सामने मौजूद हूं और जीवित हूं तो इसका सारा श्रेय डॉ. सुजीत कुमार को जाता है, वे मेरे लिए ईश्वर के रूप हैं। मैं उन्हें जिंदगी में कभी भी भूल नहीं सकता हूं। मैने तो जीने का आशा छोड़ दिया था, परंतु डॉ. साहेब के बारे में जानता था, इसलिए यह विश्वास भी था कि वे मुझे बचा लेंगे। उक्त बातें रामगढ़वा प्रखंड के बेला पंचायत के मुखिया पति सह पूर्व मुखिया शेख वहाब ने रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉ. सुजीत कुमार के ओपीडी कक्ष में डॉ. सुजीत कुमार को मिठाई खिलाने के बाद कही। गौरतलब है कि गत 11 जुलाई को बेला चौक पर पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति शेख वहाब को 3 गोली मार दी गई थी। जिसमें एक गोली छाती में लगी थी, एक गोली जांघ में और एक गोली कंधे पर लगी थी। जिसके बाद उनके परिजन उन्हें मोतिहारी ले जाना चाह रहे थे, परंतु पूर्व मुखिया शेख वहाब ने जबरन खुद को एसआरपी में भर्ती करवाया, जिसके बाद उनकी जान बच सकी। वहीं इस संबंध में डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि लगभग 4 घंटे तक ऑपरेशन चला था, इनके स्वस्थ होने पर मैं शुभकामना देता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक लगभग गोली के 20 मामले आ चुके हैं, जिनमें लगभग 100 प्रतिशत लोग यहां से जीवित लौटे हैं। एक डॉक्टर को इससे बड़ी क्या खुशी हो सकती है कि पीड़ित लोगों की जान बच जाए, हालांकि उन्होंने खुद के बजाय पूरी टीम को इसके लिए श्रेय दिया। मौके पर हॉस्पिटल से डॉ. एस. के. मिश्रा, प्रवीण कुमार, मो. अली, मो. नवी के साथ स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो. नयाब आलम, मो. हैदर एवं अरविंद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

कौड़ी वसूली में धांधली व प्रशासनिक आदेशों के उलंघन पर मीना बाजार में वसूली की बंदोबस्ती रद्द करने का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)। मीना बाजार मौजा के लिए कौड़ी वसूली के लिए बंदोबस्ती की आड़ में स्मीपवर्ती अन्य क्षेत्र में वसूली पर नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने धांधली व प्रशासनिक आदेशों के उलंघन पर मीना बाजार में वसूली की बंदोबस्ती रद्द करने का आदेश नगर आयुक्त शंभू कुमार को दिया है। मंगलवार को जारी अपने संबंधित पत्र में महापौर श्रीमती सिकारिया ने नगर आयुक्त को लिखा है कि आप अवगत हैं कि मात्र मीना बाजार मौजा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष संवेदक 2024- 25 के लिए केवल अस्थाई दुकानदारों और ठेला खोमचा वालों से प्रति दुकानदार दस रुपए मात्र के दर से राशि वसूलने के लिए की गई है। परंतु, मात्र एक ही सैरात की बंदोबस्ती लेने की आड़ में संवेदक द्वारा छोटा रमना मार्केट, आलोक भारती पुल से खादिम चौक होते हुए सोवा बाबू चौक तक, शीतला माई स्थान और अवंतिका चौक से खुदाबक्स चौक तक भाया सोवा बाबू चौक एवं होटल स्वराज एवं जीएमसीएच रोड के सभी दुकानदारों से संवेदक द्वारा बल पूर्वक कौड़ी या पैसे की उगाही की जा रही है। श्रीमती सिकारिया ने यह भी लिखा है कि आप यह भी अवगत है कि आवंटित क्षेत्र से बाहर किसी भी प्रकार की वसूली दंडनीय अपराध है। इसके साथ उन्होंने यह भी स्मारित किया है कि आवंटित क्षेत्र के दस मुख्य स्थानों पर निर्धारित कौड़ी दर का बोर्ड लगाने के बाद ही वसूली करने और कौड़ी दर 10 रुपया प्रिंटेड हुआ रसीद नगर निगम से सत्यापित कराने के बाद ही रसीद को वसूली के लिए जारी करने जैसे अनिवार्य निदेर्शों का उलंघन संवेदक के द्वारा किया जा रहा है। अतः स्थिति की गंभीरता और गरीब दुकानदारों के शोषण को लेकर आदेश है कि बंदोबस्ती पाने के लिए संवेदक द्वारा जमा की गई राशि को वापस करते हुए तत्काल प्रभाव से मीना बाजार मौजा क्षेत्र की कौड़ी वसूली बंदोबस्ती को रद्द करने की कार्रवाई अचूक रूप से की जाय। महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि इस आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्देशित कार्रवाई में विलंब के कारण किसी भी असहज स्थिति के साथ गरीब दुकानदारों अवैध शोषण और उगाही जारी रहने की स्थिति या किसी भी प्रकार के विवाद के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।इस पत्र के साथ जीएमसीएच रोड के दुकानदार के लिए जारी रसीद संलग्न करते हुए इस पत्र की प्रति जिलाधिकारी के साथ विभागीय प्रधान सचिव को भी प्रेषित किया है।

माधोपुर के रौनक उपाध्याय नवोदय व सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर बढ़ाया गांव का मान

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के चनचौरा माधोपुर उत्क्रमित हाई स्कूल के पांचवी के छात्र रौनक उपाध्याय उर्फ लव कुमार ने एक साथ नवोदय व सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह सहित पुरे स्कूल के शिक्षकों ने रौनक को बधाई देते हुए प्रसन्नता जाहिर की है।पेशे से आर के मेमोरियल स्कूल संचालक दम्पती माता पुष्पा देवी व पिता नरोत्तम उपाध्याय के पुत्र रौनक ने बताया कि माता पिता व ट्यूटर अनुप दूबे के नेतृत्व व प्रेरणा से वह एक साथ दोनों ही परीक्षा में सफलता हासिल की है पर वह सैनिक स्कूल में अनुशासित शिक्षा प्राप्त कर एक सैनिक अधिकारी के रूप में देश सेवा करना चाहता है।रौनक के अनुसार उसके बड़े पापा डा सुनील उपाध्याय एलपी शाही कालेज के सेवा निवृति होकर साहित्य सेवा करते हैं।

पश्चिम बंगाल में तैनात 102 बटालियन बीएसएफ के एएसआई सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर की सोमवार को इलाज के दौरान निधन

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी व पश्चिम बंगाल में तैनात 102 बटालियन बीएसएफ के एएसआई सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर की सोमवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शव लेकर मृतक के गांव पहुँचे बीएसएफ के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात उक्त पदाधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। स्व ठाकुर के निधन के बाद तिरंगे में लिपटे शव को उनके पैतृक गांव लाया गया। शव के पहुँचते ही परिजनों के रूदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। शव यात्रा में शामिल सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय तथा सुरेन्द्र ठाकुर अमर रहे का जयघोष कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि मृतक को तीन पुत्री व एक पुत्र है। जिसमे दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। मृतक मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के थे। मृतक अभी कुछ ही दिन पहले अपने गाँव आये थे। छुट्टी में आने पर वे गांव के अलावा अपने रिस्तेदारों से मिल कर वापस आसनसोल गए थे। गांव के कुछ लोग यह भी नहीं जान सके थे कि वे छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर चले गए थे।

मंगलवार को सरयु नदी के किनारे स्थानीय ड्यूमाइगढ घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ मृतक जवान का दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि उनके पुत्र विशाल कुमार ठाकुर ने दी। इससे पहले शव के साथ आये जवानों ने मातमी धुन बजाकर तथा फिर फायरिंग करके सशस्त्र सलामी दी।

सारण के एसपी ने घाट पर पहुँच कर मृतक को दी सलामी: मृतक बीएसएफ के एएसआई को सारण के एसपी डॉ गौरव मंगला ने डुमाईगढ़ घाट पर पहुँच कर सलामी दी। उन्होंने मृतक के पुत्र को ढाढ़स बंधाया। उधर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मृतक के परिजनों से मिलकर उनसे बात की तथा सांत्वना दिया। शव के साथ आये बीएसएफ के अधिकारियों से सांसद ने भी घटना की जानकारी ली। मौके पर माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार राम व अन्य पुलिस पदाधिकारी व पँचायत प्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

बदलते मौसम में इस तरह रखें सेहत का ख्याल थोड़ी सी सावधानी और कभी नहीं होंगे बीमार

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च) इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। बेमौसम बारिश के चलते कभी दिन में गर्मी है तो रात और सुबह के समय तापमान सामान्य से कम महसूस हो रहा है। इस मौसम में डेगू, वायरल बुखार जैसी बीमारियां तेजी से पनपती हैं। ऐसे में इस मौसम में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी है।चिकित्सकों के अनुसार, इस मौसम में आप सादा भोजन करें और अधिक से अधिक गर्म गुनगुने पानी का सेवन करें, ताकि आपकी इम्यूनिटि बढ़े।मौसमी बीमारियों का खतरा देखते हुए आपको कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है।वही इस संदर्भ में सविता होमियों रिसर्च सेन्टर के निदेशक सह आगेर्नाइजेशन फॉर होमियों मिशन के जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम के मुताबिक मौसम में जिस तरह बदलाव हो रहा है, उससे हीट स्ट्रोक का खतरा नहीं है। हालांकि,हीट वेव जरूर दिखाई दे रहा है। हीट स्ट्रोक, स्किन टैग डिहाइड्रेशन, सिर दर्द जैसी मौसमी बीमारियों से लोग परेशान हैं। ऐसे में इनसे बचकर रहना चाहिए। सामान्य उपाय से आप इनसे बच सकते हैं। घर से जब भी बाहर निकलें खुद को पूरी तरह कवर करके ही घर से निकलें।उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में शादी या किसी फंक्शन में खाया खाना या फिर दिनभर हम जो खाते हैं, वह हमारी बॉडी के लिए परेशानी बन सकता है। इसलिए इस मौसम में पानी पीने से परहेज न करें। समय-समय पर पानी पीते रहें और खुद को हाइड्रेटेड रखें।

मसालेदार भोजन से दूरी: डॉ घनश्याम का कहना है कि हिट वेव और डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों से बचना है तो मसालेदार भोजन से दूरी बना लें और डाइट हेल्दी ही रखें। मिनरल से भरपूर चीजें खाते रहें। नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ जैसी चीजों का भी सेवन करें। खाना जितना हल्का हो सके उतना ही खाएं। सलाद और जूस भी खाते रहें।

हर पल पानी की बोतल साथ रखें : डॉ घनश्याम सलाह देते हैं कि बदलते मौसम और गर्मी में एक पानी की बोलत हमेशा साथ रखनी चाहिए। जिससे रास्ते में कहीं पानी की जरूरत पड़े तो परेशान न होना पड़े। गर्म लू से खुद को बचाएं और कंफर्टेबल कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण में वाधक बनी दर्जनों घरों पर सारण जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सड़क की जमीन को कराया खाली

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सारण जिले को जोड़ने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण में वाधक बनी माँझी छपरा मुख्य मार्ग के किनारे की दर्जनों घरों पर सारण जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलकर सड़क की जमीन को खाली करा दिया। छपरा के सदर एसडीओ संजय कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को दिन भर चलाये गए अभियान में माँझी के सीओ बीडीओ रंजीत सिंह, थानाध्यक्ष अमित कुमार राम के अलावा एनएचएआई के पदाधिकारी एवम बड़ी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। बुलडोजर तथा जेसीबी के सहयोग से गिराए जा रहे घरों व दुकानों को तास के पत्तो की तरह गिरता देख कई घर के लोग छाती पीटकर रो रहे थे।

मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनको न तो नोटिस मिली है और न ही मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है। कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा मुआवजे की निर्धारित राशि को मानक के विपरीत बताते हुए मुआवजे की राशि बढ़ाने की माँग की। कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर जबरदस्ती करने का भी आरोप लगाया। कौरुधौरु से शुरू किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नाराज महिलाओं ने ईंट पत्थर चलकर बुलडोजर तथा जेसीबी का शीशा तोड़ दिया इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया। मौके की नजाकत को देखते हुए छपरा से दर्जनों महिला पुलिस बल को बुला लिया गया तब जाकर महिलाएं शांत हुई तथा अभियान को आगे बढ़ाया जा सका। जिला प्रशासन द्वारा कौरुधौरु से लेकर बलिया मोड़ तक अतिक्रमण हटाया गया। पूरे दिन अभियान के दौरान सैकड़ों लोग सड़कों पर जमे रहे।

महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 180 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो । ऑपरेशन समय पालन के तहत पिछले एक सप्ताह में दिनांक 26.03.2024 से दिनांक 01.04.2024 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 105 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेशन समय पालन के तहत इन 07 दिनों में सर्वाधिक 53 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 16, सोनपुर मंडल में 14, धनबाद मंडल में 13 तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 09 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन महिला सुरक्षा के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया । ऑपरेशन महिला सुरक्षा मे तहत पिछले एक सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 180 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 110 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल एवं समस्तीपुर मंडल में 25-25 एवं सोनपुर मंडल में 20 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

आयरन फॉलिक एसिड के कवरेज में बिहार विकसित राज्यों से भी आगे

पटना। वित्तीय वर्ष 2023—24 के अंतिम तिमाही में बिहार ने केरल, पंजाब, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे विकसित राज्यों को आयरन फॉलिक एसिड के कुल कवरेज में पीछे छोड़ दिया है। प्रथम तिमाही में कुल कवरेज में मिली 32 वीं रैंकिंग में सुधार करते हुए राज्य 26वें स्थान पर काबिज भी हुआ है। अंतिम तिमाही में राज्य के आयरन फॉलिक एसिड का कुल कवरेज प्रतिशत 37.1 रहा, जबकि केरल 36.6, दिल्ली 35.2, पंजाब और महाराष्ट्र का कुल कवरेज 36.0 रहा। इस तिमाही में सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाओं में आयरन फॉलिक एसिड का कवरेज 91.9 रहा। दूसरे नंबर पर धातृ महिलाओं में आयरन फॉलिक एसिड का कवरेज 48.4 रहा। मालूम हो कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की शुरूआत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने तीन प्रतिशत के वार्षिक दर से एनीमिया की कमी के लिए की थी। इसके तहत मुख्य लक्षित वर्ग बच्चे, किशोर, किशोरी तथा 49 वर्ष तक की महिलाओं को आयरन फॉलिक एसिड के सिरप और टैबलेट दिए जाते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में एसकेएम में शहरी क्षेत्रों के पीडीएस डीलर्स तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, गाँधी मैदान, पटना में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1500 की संख्या में पटना के शहरी क्षेत्रों के जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीप कोषांग के द्वारा नॉक-द-डोर अभियान पूरे जिला में वृहत रूप से चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत घरों में जाकर 100% मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें बूथ के बारे में भी जानकारी दी जा रही है तथा वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सेविकाएं अपने पोषक क्षेत्र के सभी घरों में जाएं, उन्हें उनके बूथ के बारे में बताएँ तथा मतदान हेतु जागरूक करें। पीडीएस डीलर अपने क्षेत्रों में लोगों को मतदान हेतु जागरूक करें। स्वीप कार्यक्रम का ध्येय यह है कि एक-एक मतदाता अपने बूथ के बारे में जानें तथा निष्पक्ष ढंग से बिना किसी भय या प्रलोभन के वोट डालें। जिलाधिकारी ने पटनावासियों से अपील किया कि इसबार पटना के हर क्षेत्र में मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड स्थापित करें।

विदित हो कि पटना नगर निगम के अंतर्गत बांकीपुर, कुम्हरार, दीघा तथा पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र आता है। इसके तहत निवास कर रहे परिवारों की संख्या लगभग 3,47,135 है।इसमें नगर निगम के छः अंचलों में लगभग 659 मतदान केंद्र स्थलों पर 1621 मतदान केंद्र अवस्थित हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, ज़िला जन-संपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्वीप आइकॉन नीतू नवगीत एवं अन्य ने भी मतदाता जागरूकता अभियान पर प्रकाश डाला। बैठक में शहरी क्षेत्रों में पहले के चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत काफी बेहतर करने पर जोर दिया गया। ज़िलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी नॉक-द-डोर अभियान सघन रूप से चला रहे हैं। पीडीएस एवं आईसीडीएस का आधार अत्यधिक है। आईसीडीएस में महिलाओं की सक्रिय भूमिका है। इसलिए मतदाता जागरूकता में आप सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

ज़िलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को उनके मत का महत्व बताएँ तथा मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस बैठक में आये अनेक जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भी लोकतंत्र में मतदान की महत्ता पर अपना विचार प्रस्तुत किया तथा उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित अधिकारीगण एवं लोगों ने मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता शपथ भी लिया एवं मतदान में सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

दानापुर एवं जयनगर से पुणे के लिए, मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर तथा बरौनी से कोयम्बत्तूर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

1. गाड़ी सं. 05269 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर वन वे स्पेशल दिनांक 04.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 15.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 06.04.2024 को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, स्लीपर क्लास के 09 तथा साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 05279 बरौनी-कोयम्बत्तूर वन वे स्पेशल दिनांक 04.04.2024 को बरौनी से 23.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा किउल, झाझा, जसीडीह, चितरंजन, धनबाद, रांची के रास्ते 07.04.2024 को 04.00 बजे कोयम्बत्तूर पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, स्लीपर क्लास के 13 तथा साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 05529 जयनगर-पुणे वन वे स्पेशल दिनांक 05.04.2024 को जयनगर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा दरभंगा, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 07.04.2024 को 05.35 बजे पुणे पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच होंगे ।

4. गाड़ी सं. 03265 दानापुर-पुणे वन वे स्पेशल दिनांक 04.04.2024 को दानापुर से 21.40 बजे प्रस्थान करेगी तथा आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 06.04.2024 को 04.30 बजे पुणे पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच होंगे ।

हिमाचल के तीनों निर्दलीय विधायक इस्तीफे के लिए खटखटाएंगे हाईकोर्ट का दरवाजा, फंसा पेच?

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार किए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख करेंगे। हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। तीनों निर्दलीय विधायक 10 दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। चूंकि स्पीकर ने अभी तक तीनों निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए तीनों अपना इस्तीफा मंजूर कराने के लिए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाएंगे। बीते 22 मार्च को तीनों ने इस्तीफा दिया था। बाद में तीनों विधायकों ने स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर

के अपने इस्तीफों को स्वीकार किए जाने का व्यक्तिगत अनुरोध किया था। इसके बाद वे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी मिले थे। अगले दिन तीनों 23 मार्च को तीनों निर्दलीय विधायक दिल्ली जाकर भाजपा में शामिल हो गए थे। निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने सोमवार को बताया कि इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

बता दें कि तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र को लेकर सुक्खू सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जगत सिंह नेगी एवं रोहित ठाकुर ने स्पीकर को शिकायत दी है। इस शिकायत में कहा गया है कि पांच साल के लिए चुन कर आए विधायक 15 माह में त्यागपत्र दे रहे हैं। लगता है कि इन पर कोई दबाव है। इस पर स्पीकर ने निर्दलीय विधायकों को नोटिस भेज कर उनसे 10 अप्रैल को अपना पक्ष रखने को कहा है। ऐसे में त्यागपत्र मंजूर नहीं होने से तीनों विधायक असमंजस में हैं।

वहीं इस मामले सूबे के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गेंद विधानसभा अध्यक्ष के पाले में डालते हुए उन्हें ही इसके लिए अधिकृत माना है। राज्यपाल का कहना है कि यह विधानसभा स्पीकर का अधिकार क्षेत्र है और इस मामले में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक दो दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दवाब में काम कर रहे हैं। तीनों निर्दलीय विधायकों ने स्पष्ट किया है कि इन्होंने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए। दरअसल, 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। वहीं शिमला पुलिस द्वारा प्रदेश सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने और लेन-देन के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और कांग्रेस के बागी व गगरेट के अयोग्य करार दिए गए विधायक चैतन्य शर्मा के पिता व सेवानिवृत्त आईएएस राकेश शर्मा की अग्रिम जमानत 26 अप्रैल तक बढ़ गई है। सोमवार को हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। हालांकि हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देते वक्त स्पष्ट किया कि जब पुलिस राकेश शर्मा और आशीष शर्मा को जांच के लिए बुलाएगी तो उन्हें जांच में शामिल होना होगा। बीते 12 मार्च को हाईकोर्ट ने आरोपित बनाए गए इन दोनों को सशर्त अग्रिम जमानत दी थी। दरअसल एफआईआर में नामजद होने के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए इन्हें हिरासत में लिया जाना था। इससे बचने के लिए दोनों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। हाईकोर्ट ने दोनों को जांच में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। दोनों आरोपित बीते शनिवार को बालूगंज पुलिस स्टेशन में पेश हुए थे। इस दौरान पुलिस की एसआईटी ने दोनों से लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की थी। गौरतलब है कि विधायक आशीष शर्मा और सेवानिवृत्त आईएएस राकेश शर्मा के विरुद्ध शिमला के बालूगंज पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 171 ई और 171सी, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के सेक्शन 7 व 8 के तहतएफआईआर दर्ज हुई है।

संक्षिप्त समाचार

कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केन्द्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर केन्द्र से रुख पूछा जिसमें आरोप लगाया गया है कि 23 नस्लों के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध मनमाना और संविधान का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने केन्द्र सरकार से एक पेशेवर कुत्ता प्रजनक डॉक्टर द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने को कहा। याचिका में दावा किया गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया कि जिन नस्लों को प्रतिबंधित किया गया है वह नस्लें क्रूर थीं। मालूम हो कि पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच 12 मार्च को केन्द्र ने राज्यों को पिटबुल टेरियर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ्स सहित क्रूर कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने से रोकते हैं। याचिका में कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया। यह कुत्ते प्रशिक्षण के पेशे में शामिल व्यक्तियों के साथ भेदभाव करता है। याचिकाकर्ता नंबर 1 और याचिकाकर्ता नंबर 2 दोनों ही लागू अधिसूचना से सीधे प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, क्योंकि यह उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता आजीविका को खतरे में डालता है। याचिका में आगे कहा गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है कि प्रतिबंधित नस्लें क्रूर थीं। उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ऐसा कोई डेटा नहीं है जो इंगित करता हो कि इन कुत्तों ने ही आतंक फैलाया है, जिसके लिए उन पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इसलिए 23 कुत्तों की नस्लों पर मनमाना और पूर्ण प्रतिबंध भारत के संविधान का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया।

त्रिची-चेन्नई राजमार्ग पर बस और लॉरी की टक्कर, हादसे में 2 की मौत और 10 से अधिक घायल

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। त्रिची-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक बस और लॉरी की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दस से अधिक लोग घायल हो गए। त्रिची सिटी पुलिस के मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए त्रिची सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

मंगलुरु में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; रिक्शा चालकों ने किया था आयोजन

मंगलुरु। चुनाव आयोग ने मंगलुरु के पास मुडुपी ग्राम पंचायत में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी करने के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इसके लिए मुख्य आयोजक को नोटिस भेजा है। 30 मार्च को इसका आयोजन राजमार्ग पर किया गया था। इसके चलते राजमार्ग लगभग चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इससे राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आयोग ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इसके मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को नोटिस भेजा है। इस कार्यक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया। इस आयोजन को सांप्रदायिक सद्भाव की दिशा में एक साहसिक कदम बताया गया। दावा किया गया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। भेजे गए नोटिस में मुख्य आयोजक सिद्दीकी से यह बताने को कहा गया है कि तय किए गए मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

सचिन पायलट चाहते थे किरोड़ी लाल के भाई को मिले कांग्रेस का टिकट

दौसा , एजेंसी। राजस्थान में दौसा लोकसभा सीट के टिकट को लेकर पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा- मुरारी लाल मीणा दौसा संसदीय सीट से चुनाव लड़ने से मना करते रहे, लेकिन हमने पहले ही उनका नाम प्रस्तावित कर भेज दिया था। बाद में सचिन पायलट ने भाजपा नेता और कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन मीणा का नाम भी सुझाया, लेकिन किसी कारण से उनकी कांग्रेस में ज्वाइनिंग रुक गई और मुरारी का ही नाम फाइनल हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जगमोहन को भी टिकट मिलता तो हमें कोई दिक्कत नहीं थी।

कांग्रेस कार्यकर्ता तो हाथ के निशान को देखकर काम करता है। लालसोट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए परसादी ले यह खुलासा किया। प्रचार के दौरान लालसोट में एक सभा में पूर्व मंत्री परसादी लाल ने कहा कि हम सभी की इच्छा थी कि मुरारीलाल मीणा दौसा से लोकसभा चुनाव लड़ें। इसलिए सबने मिलकर 18 जनवरी को ही मुरारीलाल का नाम प्रस्तावित कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुरारीलाल चुनाव लड़ने के लिए मना करते रहे, लेकिन हम सबने उनसे कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ना ही पड़ेगा।

किरोड़ीलाल के भाई को भी मिल सकता था टिकट: परसादी ने कहा कि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन को भी कांग्रेस से टिकट मिल सकता था। जब हाईकमान ने मुरारीलाल का नाम रोका तो, सचिन पायलट ने कहा- हम कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना के भाई जगमोहन को भी टिकट दे सकते है। इस बारे में हमसे पूछा भी गया था। हमें भी इससे कोई ऐतराज नहीं था। लोकसभा क्षेत्र से पार्टी जिसे भी कांग्रेस का टिकट देती, हम उसी को वोट देते। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने खूब काम किए। सभी जगह विकास के काम हुए। हर गांव ने जो मांगा वो दिया। उसके बाद भी परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही और जिले की पांच में से 4 विधानसभा सीट हम हार गए।

दिल्ली की मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी तेज रफ्तार मर्सिडीज, चपेट में आए 5 लोग

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के सिविल लाइंस में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी। इस दौरान कार की स्पीड इतनी तेज थी कि वहां मौजूद कुछ लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया जो काफी भयावह है। तेज रफ्तार मर्सिडीज अचानक कचोड़ी की दुकान में घुस गई और एक दीवार से टकरा गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौजूद कर्मचारियों के साथ-साथ कुछ और लोग भी इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद अन्य लोग तुरंत घायलों के बचाव के लिए दौड़े और गाड़ी को पीछे करवाकर घायलों को बाहर निकाला। इस घटना में पांच लोगों के घायल होने की खबर है जिसमें महिलाएं भी शामिल है। घटना 31 मार्च को सिविल लाइंस में फतेह चंद कचौड़ी वाले की बताई जा रही है जहां सफेद रंग की मर्सिडीज कार अचानक दुकान के अंदर घुस गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौदूद लोगों के साथ आस पास कचोड़ी खा रहे लोग बी इसकी चपेट में आ गए। वहीं कार के ड्राइवर की पहचान 36 साल के पराग मैनी के तौर पर हुई है दो नोएडा सेक्टर 76 का रहने वाला बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पीएस सिविल लाइंस में मामला दर्ज किया गया है और कार के ड्राइवर पराग मैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

गायों के संपर्क में आया व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से हुआ संक्रमित

वॉशिंगटन, एजेंसी। टेक्सास में एक व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि यह व्यक्ति संक्रमित गायों के संपर्क में था। टेक्सास के स्वास्थ्य अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना सोमवार को बताया कि मरीज को एंटीवायरल दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति में बर्ड फ्लू का एकमात्र लक्षण उसकी आंखों का लाल होना था। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि विश्व स्तर पर किसी स्तनपायी से बर्ड फ्लू के इस प्रकार के संक्रमण का यह पहला ज्ञात मामला है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के प्रधान उप निदेशक डॉ. नीरव शाह ने कहा कि व्यक्ति-से-व्यक्ति में बर्ड फ्लू फैलने या मवेशी के दूध या मांस से किसी के संक्रमित होने का कोई सबूत नहीं है।शाह ने कहा कि आनुवंशिक परीक्षण यह नहीं बताते हैं कि वायरस अचानक अधिक आसानी से फैल रहा है या यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान एंटीवायरल दवाएं अब भी प्रभावी हैं। शाह ने कहा कि पिछले हफ्ते, टेक्सास और कन्सास में गायों के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने की सूचना मिली थी। संघीय कृषि अधिकारियों ने बाद में मिशिगन की डेयरी में संक्रमण की पुष्टि की, जहां हाल में कुछ गायें टेक्सास से ले जाई थीं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों प्रभावित गायों में से किसी की भी मौत नहीं हुई है। 2020 के बाद से, बर्ड फ्लू का वायरस विभिन्न देशों में कुत्तों, बिल्लियों, भालुओं और यहां तक कि सील आदि जानवरों में फैल रहा है। सीडीसी के पूर्व महामारी विशेषज्ञ डॉ. अली खान ने कहा कि अमेरिकी पशुओं में इस बीमारी का पता लगाना आसान नहीं है।

अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों ने मंदिर हमलों की जांच पर ताजा जानकारी मांगी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी कांग्रेस के भारतीय मूल के पांच सदस्यों ने सोमवार को न्याय विभाग से देशभर के हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं पर जानकारी देने की मांग की, जिनमें से कुछ खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी थे। पांचों सदस्यों ने एक संयुक्त पत्र में लिखा, न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों ने हिंदू अमेरिकियों के बीच सामूहिक चिंता को बढ़ाने में योगदान दिया है।

इन प्रभावित समुदायों के नेताओं ने कहा है कि दुर्भाग्य से संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पूर्वाग्रह-प्रेरित अपराधों के संबंध में कानून प्रवर्तन समन्वय के बारे में चिंतित रहते हैं और वे हैरान रह जाते हैं कि क्या कानून के तहत समान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित संघीय निरीक्षण हो रहा है।

उनके कार्यालय ने कहा कि प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। अन्य चार हैं रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, अमी बेरा और श्री थानेदार। सदस्यों ने आगे कहा, घटनाओं की संख्या और घटनाओं के समय की निकटता संबंधों और उनके पीछे की मंशा के बारे में परेशान करने वाले सवाल खड़े करती है।

किसी ऐसे समुदाय के भीतर डर पैदा करने

के लिए नफरत के अपेक्षाकृत कम समन्वित कृत्यों की आवश्यकता होती है जिसे अक्सर हाशिए पर या उपेक्षित किया गया है, और हमें अमेरिका में सभी धार्मिक, जातीय, नस्लीय और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत का मुकाबला करने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करना चाहिए। इसलिए, हम अनुरोध करते हैं आप हमें यह समझ प्रदान करें कि विशेष रूप से अमेरिका में हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराधों के संबंध में विभाग की रणनीति क्या है।

हेवर्ड, कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर को जनवरी में खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र उकेरे गए थे। इसके कुछ ही सप्ताह बाद कैलिफोर्निया के नेवार्क में एक मंदिर पर भी इसी तरह के भित्तिचित्र देखे गए थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक बयान में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों में कम से कम दो घटनाएं दर्ज होने के साथ खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़ रहे हैं। 2023 में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी और बर्बरता की दो घटनाओं में खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ता शामिल थे।

बांग्लादेश में विपक्ष ने चलाया बॉयकॉट इंडिया कैंपेन, पीएम शेख हसीना ने लगाई लताड़

ढाका एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत का बहिष्कार अभियान पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस अभियान को चलाने के लिए विपक्ष की तीखी आलोचना की साथ ही उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया है। बहिष्कार का आह्वान विपक्ष के इन आरोपों के बीच आया है कि भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप कर रहा है। पीएम हसीना इस अभियान को लेकर अब विपक्ष पर हमलावर हो गई हैं। उन्होंने भारत का बहिष्कार करने वाले सभी विपक्ष से सीधा सवाल भारत के उत्पादों के उपयोग को लेकर किया है। पीएम ने विपक्ष से भारत की साड़ी और मसालों को के उपयोग पर सवाल किया है। एक भाषण में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर विपक्षी बीएनपी नेता सच में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करेंगे तो वे अपनी पत्नियों की भारतीय साड़ियां जला देंगे? पीएम ने आगे कहा, बीएनपी नेता भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की वकालत कर रहे हैं। मेरा प्रश्न उनसे यह है कि बहिष्कार कर रहे नेताओं की पत्नियों के पास कितनी भारतीय साड़ियां हैं?

शहबाज शरीफ ने चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने अपने देश में काम करने वाले चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया है। पिछले सप्ताह ही एक सुसाइड हमले में चीन के पांच इंजीनियरों की मौत हो गई थी। सोमवार को उनके शव इस्लामाबाद से चीन पहुंचाए गए। शहबाज का चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का वादा तब सामने आया है जब चीन की सरकार ने हमले पर पाकिस्तान से दो टूक शब्दों में अपने नागरिकों की सुरक्षा देने की मांग की थी। अपुष्ट खबरें हैं कि चीन ने पाकिस्तान से कहा कि अगर उससे यह काम नहीं होता तो वह खुद ही अपने नागरिकों को सुरक्षा देगा।

26 मार्च को, पांच चीनी श्रमिकों और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर की एक

आत्मघाती हमले में मौत हो गई। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार उनकी बस से टकरा दी थी, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने इस मामले में तुरंत जांच बैठाई। इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। जांच में चीन से आई टीम भी पाकिस्तान को सहयोग कर रही है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को टारगेट करते हुए यह पहला हमला नहीं है, पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को लगातार टारगेट किया जा रहा है, जिस पर चीन ने अब गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है।

पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ सोमवार को चीनी दूत जियांग ज़ेदोंग के साथ दासू बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों से मिलने के लिए पहुंचे। शहबाज ने खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी कोहिस्तान जिले में दासू का दौरा किया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान, शरीफ ने श्रमिकों की सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए तत्काल उपाय करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

शहबाज ने कहा, मैं तब तक आराम नहीं करूंगा जब तक हम आपकी सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा उपाय नहीं कर लेते। न केवल दासू बल्कि पूरे पाकिस्तान में। शरीफ ने कहा, यह चीन के लोगों और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेतृत्व से उनका वादा है। शरीफ ने चीनी नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार जांच समिति की सिफारिशों पर कार्रवाई करने में कोई समय बर्बाद नहीं करेगी।

गौरतलब है कि 2015 से पाकिस्तान की विशेष सैन्य इकाई जिसमें हजारों पाक सैन्यकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस दल भी शामिल हैं, लगभग 60 बिलियन डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर काम कर रहे चीनी नागरिकों को सुरक्षा दे रही है। सीपीईसी के नाम से लोकप्रिय यह मेगा-प्रोजेक्ट बीजिंग की वैश्विक बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129